बैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 20 मई 2024
वर्ष 34, अंक 113, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन 15
रणवीर को पसंद आई फिल्म श्रीकांत 16

## ईरान के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

तेहरान, एजेंसी

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन को ले जा रहा हेलीकॉप्टर उत्तर-पश्चिमी ईरान के पहाड़ी इलाके में घने कोहरे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना कथित तौर पर उस समय हुई, जब रायसी अज़रबैजान के साथ लगे सीमा पर एक बांध परियोजना का उद्घाटन करने के बाद ईरान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत पूर्वी अजरबैजान के खोडा अफ़रीन क्षेत्र से लौट रहे थे। राष्ट्रपति रायसी के काफिले में तीन हेलीकॉप्टर शामिल थे। कई मंत्रियों और अधिकारियों को ले जा रहे दो हेलीकॉप्टर सुरक्षित उतर गए हैं, लेकिन ईरानी राष्ट्रपति और विदेश मंत्री को ले जा रहा मुख्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बचाव टीम को दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर मिल गया है। हालांकि, अब तक रायसी और अन्य लोगों के मिलने की कोई जानकारी नहीं है। यह घटना रविवार को पूर्वी अजरबैजान प्रांत के वरज़ाकन और जोल्फा शहरों के बीच दिज़मार जंगल में हुई।

दुर्घटना के समय रायसी अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने के बाद लौट रहे थे। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने लोगों से राष्ट्रपति सहित सभी लोगों की सलामती के लिए दुआ करने की अपील की है।

### हम ईरान के लोगों के साथ खड़े हैंः मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की हेलीकॉप्टर उड़ान के संबंध में आ रही खबरों पर गहरी चिंता व्यक्त की। कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत ईरानी लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज राष्ट्रपति रायसी की हेलीकॉप्टर उड़ान के संबंध में खबरों से बहुत चिंतित हूं। हम राष्ट्रपति तथा उनके साथियों की सलामती की प्रार्थना करते हैं।



• राष्ट्रपति रायसी के साथ विदेश मंत्री भी थे हेलीकॉप्टर पर सवार

## 5वां चरण : पांच केंद्रीय मंत्रियों समेत राहुल की प्रतिष्ठा दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे करीब ढाई करोड़ मतदाता

**अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण के चुनाव में पांच केंद्रीय मंत्रियों, राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, स्मृति ईरानी, साध्वी निरंजन ज्योति व भानु प्रताप वर्मा समेत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की प्रतिष्ठा दांव पर है। इस चरण में लखनऊ, मोहनलालगंज, अमेठी व रायबरेली समेत 14 लोकसभा व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीटों पर मतदान 20 मई को होगा। करीब ढाई करोड़ मतदाता इन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने इन सीटों पर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।



• प्रदेश की 14 लोकसभा और एक विधानसभा सीट पर आज होगा मतदान

लखनऊ सीट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने उनके मुकाबले में मौजूदा विधायक रविदास मेहरोत्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा ने सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर भी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इंडी गठबंधन के तहत सपा से पूर्व मंत्री आरके चौधरी व बसपा के राजेश कुमार से उन्हें चुनौती मिल रही है।

हाईप्रोफाइल सीटों में शामिल अमेठी सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी चुनाव मैदान में हैं। नेहरू-गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले किशोरी लाल शर्मा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। रायबरेली सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से चुनौती मिल रही है। दोनों सीटों को जीतने के लिए गांधी परिवार क्षेत्रों में डेरा डाले हुए है।

### हाईप्रोफाइल अमेठी व रायबरेली सीटों पर भाजपा-कांग्रेस में घमासान

हाईप्रोफाइल अमेठी व रायबरेली सीटों को जीतने के लिए भाजपा व कांग्रेस में घमासान की स्थिति है। पिछले दिनों सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी व राहुल गांधी के अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुनावी सभाओं के जरिये मतदाताओं को अपने पाले में लाने की कोशिश में लगे रहे, जबकि भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी चुनावी सभाएं कर अमेठी के साथ ही इस बार रायबरेली सीट जीतने के लिए माहौल बना चुके हैं। फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति चुनाव मैदान में हैं। सपा प्रत्याशी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल उन्हें चुनौती दे रहे हैं। इसी तरह, जालौन सीट पर केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ इंडी गठबंधन से नारायण दास अहिरवार चुनाव मैदान में हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। 2007 से 2011 तक वह मायावती सरकार में मंत्री थे




## प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में पीओके होगा हमारा : मुख्यमंत्री

### योगी ने छह लोकसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए, पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) भारत का हिस्सा होगा। इस घोषणा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुंडा-माफिया के सरगना कह रहे हैं कि योगी जी को बुलडोजर नहीं चलाना चाहिए। मैं कहता हूं कि चिंता न करो, जो गुंडे और माफिया बचे हैं चुनाव बाद उनकी संपत्ति पर भी बुलडोजर चल जाएगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को छह लोकसभा सीटों आजमगढ़, लालगंज, जौनपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर और इलाहाबाद में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

योगी ने आजमगढ़ में सांसद व भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' के पक्ष में कहा कि आजमगढ़ को अभी बहुत कुछ देना है, इसे औद्योगिक सिटी बनाना है। यह फिल्म सिटी का केंद्र बनेगा, जहां से ढेर सारे निरहुआ और आम्रपाली दुबे निकलेंगे। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वो लोग यहां पिकनिक मनाने आ रहे हैं और चुनाव बाद इंग्लैंड घूमने निकल जाएंगे। योगी ने आजमगढ़ के फूलपुर पवई में लालगंज लोस सीट से भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर के लिए भी प्रचार किया।

जौनपुर में योगी ने भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के लिए वोट मांगा। बोले कि सपा और माफिया का चोली-दामन का साथ है। हम उत्तर प्रदेश की धरती से रामद्रोहियों, भारत विरोधियों और माफिया को समाप्त करके रहेंगे। योगी ने कहा कि सपा-कांग्रेस के इंडी गठबंधन का एकजुट होना खतरे की घंटी का संकेत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भाजपा न आपकी संपत्ति का सर्वे कराने देगी, न ही जजिया कर लगाने देगी और न ही आरक्षण पर सेंध लगाने देगी।

मुख्यमंत्री ने रामपुर खास में प्रतापगढ़ के सांसद व भाजपा प्रत्याशी संगमलाल गुप्ता के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का हिस्सा बनाना है, इसलिए अबकी बार 400 पार सीटें चाहिए। कांग्रेस और सपा को इस नारे से चक्कर आने लगा है, क्योंकि प्रयागराज और गाजीपुर वाले इनके शागिर्द मिट्टी में मिल चुके हैं।

योगी ने करछना में इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के पक्ष में जनसभा की। बोले कि प्रयागराज में विधायक राजू पाल की हत्या कर दी जाती है और सपा बेशर्मी से माफिया को अपने गले का हार बना लेती है। उन्होंने दो लड़कों की जोड़ी फूलपुर आई थी, लेकिन जनता ही नहीं थी, ऐसे में वापस चले गए हैं। यहां मतदाताओं से कहा कि, माफिया के मरने पर मातम मनाने वालों की जमानत जब्त कराइए।



• मतदाताओं से अपील, माफिया के मरने पर मातम मनाने वालों की जमानत जब्त कराइए

### औरंगजेब की आत्मा को जीवित नहीं होने देंगे

मुख्यमंत्री ने फूलपुर से विधायक और लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पटेल के पक्ष में सोरांव में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विरासत टैक्स की घोषणा कर कांग्रेस व सपा ने साबित कर दिया कि औरंगजेब की आत्मा को जीवित कर वह हिंदुओं को तबाह करना चाहती हैं, लेकिन भाजपा इनकी कारस्तानी पूरा नहीं होने देगी।

### सुरक्षा घेरे की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसे कार्यकर्ता, मंच पर चढ़े

## प्रयागराज में राहुल-अखिलेश की सभा में भगदड़, कई घायल

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज/लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रविवार को प्रयागराज में आयोजित जनसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। जनसभा में आई भीड़ बेकाबू हो गई और सुरक्षा घेरे की बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच गई। इससे पहले भीड़ ने पुलिस से भी धक्का-मुक्की की। बाद में पुलिस के लाठीचार्ज में भगदड़ मच गई। इसमें तमाम घायल हुए, कुर्सियां टूटीं तो बहुतों के मोबाइल फोन भी गिर गए। स्थिति देखकर दोनों नेताओं के सुरक्षाकर्मियों के भी हाथपांव फूल गए। ऐसे में भाषण दिए बगैर अखिलेश और राहुल को जनसभा से वापस जाना पड़ा।

रैली का आयोजन पड़िला महादेव (फाफामऊ क्षेत्र) में फूलपुर लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के समर्थन में किया गया था। जनसभा में चारों तरफ सिर पर लाल टोपी और गले में लाल गमछा डाले हुए कार्यकर्ताओं, समर्थकों को अपने नेताओं के आने का इंतजार था। जैसे ही हेलीकॉप्टर से राहुल गांधी और अखिलेश वहां पहुंचे स्थिति बेकाबू हो गई। इन नेताओं के करीब पहुंचने के लिए पहले हेलीकॉप्टर वाली बैरिकेडिंग और फिर मंच से पहले डी वाली बैरिकेडिंग तोड़कर भीड़ अंदर घुस गई। तमाम कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए।

अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं, समर्थकों को शांत रहने के लिए समझाया लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद राहुल और अखिलेश नाराज हो गए। दोनों नेता मंच से चले गए। सपा एमएलसी मान सिंह यादव ने हंगामे के पीछे भाजपा की साजिश बताई है। तर्क दिया कि जनसभा की भीड़ को देखकर साजिशन पुलिस फोर्स की व्यवस्था नहीं की गई, इस वजह से अव्यवस्था फैली।



जनसभा के दौरान मंच पर बैठे राहुल गांधी और अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

• समर्थकों ने की पुलिस से धक्का मुक्की, पुलिस ने भांजी लाठी
• नाराज दोनों नेता बगैर संबोधित किए जनसभा छोड़कर चले गए



भगदड़ के बाद जनसभा स्थल पर बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

## एटा में फर्जी मतदान आयोग ने की पुनर्मतदान की सिफारिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एटा

**अमृत विचार :** फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर एटा जिले की अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में एक बूथ पर फर्जी मतदान करने का वीडियो वायरल होने को गंभीरता से लेते हुये राज्य निर्वाचन आयोग ने संबंधित मतदान केंद्र में पुनर्मतदान की सिफारिश की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार शाम बताया कि एटा में कई बार मतदान करने संबंधी वायरल वीडियो में संबंधित व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। वीडियो में कई बार मतदान करते दिखाई देने वाला व्यक्ति राजन सिंह पुत्र अनिल सिंह गांव खिरिया पमरान का निवासी है। घटना की रिपोर्ट नायागांव पुलिस स्टेशन, एटा में दर्ज की गई है। इसके साथ ही, मतदान दल के सभी सदस्यों को निलंबित करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को 'एक्स' पर एक ऐसा वीडियो साझा किया और कहा कि भाजपा की बूथ कमेटी दरअसल लूट कमेटी है। अखिलेश के ही पोस्ट को राहुल गांधी ने भी साझा किया है। राहुल ने लिखा कि सरकार बनते ही ऐसी कार्रवाई होगी कि आगे कोई भी संविधान की शपथ का अपमान करने से पहले 10 बार सोचेगा।

## आईएसआई का एजेंट गोरखपुर से किया गया गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी एटीएस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट राम सिंह को गोरखपुर के पिपराइच स्थित उसके गांव रमवापुर से गिरफ्तार कर लिया है। राम सिंह ने एक महिला के जरिये भारतीय नौ सेना की गोपनीय जानकारी और दस्तावेज आईएसआई को दिए हैं। एटीएस अधिकारी के मुताबिक वह गोवा शिपयार्ड नेवल बेस में पार्ट टाइम वर्कर के पद पर काम करता था। सूत्रों के अनुसार राम सिंह ने आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य जैसे लड़ाकू विमानों की फोटो भी पाकिस्तान भेजी थी। पाकिस्तानी महिला ने राम सिंह के अकाउंट में रुपये भी जमा कराए थे। जिसे राम सिंह ने अलग-अलग लोगों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए। जिन अकाउंट्स में रुपये ट्रांसफर किए गए, वो सभी आईएसआई से जुड़े संदिग्ध खाते हैं। राम सिंह पर लखनऊ के एटीएस थाने में केस दर्ज किया गया है।

> आरोपी ने पूछताछ में कई राज उगले हैं। एटीएस आईएसआई से जुड़े पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। आशंका है कि पाकिस्तानी महिला ने मर्चेंट नेवी के सिर्फ एक नहीं कई कर्मचारियों को जाल में फंसाया होगा। हम इसकी जांच कर रहे हैं।
>
> निलाब्जा चौधरी, आईजी (एटीएस)

### सीआईएसएफ आज से संभालेगी संसद की सुरक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद की सुरक्षा 1,400 से अधिक सीआरपीएफ कर्मचारियों के हटने के बाद सोमवार से पूरी तरह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हवाले हो जाएगी। इसके 3,300 से अधिक कर्मी आतंकवादरोधी तथा अन्य सुरक्षा दायित्वों की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले लेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद दायित्व समूह (पीडीजी) ने शुक्रवार को परिसर से अपने प्रशासनिक अमले के साथ वाहन, हथियार और कमांडो को हटा लिया।

## केजरीवाल के आवास से सीसीटीवी डीवीआर जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी

### स्वाति मामला

• जांच के सिलसिले में मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंची पुलिस

दिल्ली पुलिस की एक टीम आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट की जांच के सिलसिले में रविवार को यहां मुख्यमंत्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर पहुंची। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं ताकि 13 मई को मालीवाल पर हुए कथित हमले की फुटेज हासिल की जा सके। उस दिन केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य पर कथित हमला किया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री आवास की सीसीटीवी फुटेज के साथ छेड़छाड़ की गई है। कुमार को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि कुमार पूछताछ के दौरान गोलमोल जवाब दे रहे थे। दिल्ली पुलिस ने मालीवाल की शिकायत के बाद सिविल लाइंस पुलिस थाने में गैर इरादतन हत्या की कोशिश, बंधक बनाना, निर्वस्त्र करने के इरादे से महिला पर हमला, आपराधिक भयादोहन और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, भाव-भंगिमा का इस्तेमाल करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

### आप को खत्म करना चाहते हैं मोदी : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनकी पार्टी चुनौती बन सकती है इसलिए वह 'आप' को ख़त्म करना चाहते हैं। केजरीवाल ने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को भाजपा मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के भारी सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से वह 'आप' मुख्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने मार्च निकालने से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी और भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है।



## एक नजर

### राजनाथ से मिलकर दिया समर्थन का भरोसा

अमृत विचार, लखनऊ : कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उप्र. के प्रतिनिधिमंडल ने रक्षामंत्री और लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह से रविवार को मुलाकात की। लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात करने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वीपी मिश्र ने किया, उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली समेत कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया और चुनाव में सभी कर्मचारियों द्वारा सहयोग व समर्थन देने का विश्वास दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में शशि कुमार मिश्रा, सतीश कुमार पांडेय संयोजक, गिरीश चन्द्र मिश्रा, गिरजा शंकर तिवारी, अतुल मिश्रा, मनोज कुमार मिश्रा, घनश्याम यादव आदि उपस्थित थे।

### प्रदेश में हुई रिकॉर्ड बिजली की आपूर्ति

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में बीते दिन लगभग 587 .75 मिलियन यूनिट की रिकार्ड बिजली आपूर्ति की गई। उप्र राज्य विद्युत अभियंता संघ ने इसके लिए ऊर्जा प्रबंधन व अभियंताओं को बधाई दी है। अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने जारी बयान में कहा कि वर्ष 2023 में इसी दिन अधिकतम बिजली आपूर्ति 579 मिलियन यूनिट थी। उन्होंने कहा कि इस बार 28,092 मेगावाट की मांग को भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया।



# हर बेरोजगार के खाते में 8500 रुपये खटाखट डालेंगे : राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले, कूड़ेदान में जाएगी अग्निवीर योजना

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : हर बेरोजगार और परिवार की एक महिला के खाते में 8,500 रुपये खटाखट डालेंगे और साल में एक लाख रुपये देंगे। हमारी सरकार प्रत्येक नागरिक को लखपति बनायेगी। इसके अलावा अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाला जायेगा और सेना में स्थायी भर्ती की जाएगी। यह बात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने करछना में रविवार को इंडी गठबंधन के इलाहाबाद 52 संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में जनसभा में कही। मंच पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक भीड़ इंडी गठबंधन की विजय का संकेत है। 4 जून के बाद न केवल नौकरी के रास्ते खुलेंगे, बल्कि अग्निवीर परीक्षा सदैव के लिए खत्म की जायेगी। दोनों ने ही भारतीय जनता पार्टी पर जमकर प्रहार किया।



करछना में आयोजित जनसभा में मौजूद भारी भीड़ के बीच राहुल गांधी।

## हमारी सरकार बनी तो ईडी व सीबीआई खत्म : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि ईडी और सीबीआई की जरूरत नहीं है और इन्हें बंद कर देना चाहिए। एक अंग्रेजी अखबार को दिए साक्षात्कार में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह विपक्ष के इंडी गठबंधन को यह प्रस्ताव देंगे।

साक्षात्कार में अखिलेश यादव ने सीबीआई और ईडी को बंद कर देने के पीछे तर्क दिया कि अगर आपने धोखा दिया है, तो इससे निपटने के लिए आयकर विभाग है। आपको सीबीआई की जरूरत क्यों है? हर राज्य में भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए एक विभाग है, जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल करें।

अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल केवल भाजपा के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के सत्ता में आने पर मैं इस निजी प्रस्ताव को गठबंधन के सामने रखूंगा।

# 5वें चरण में 14 सीटों पर 144 प्रत्याशी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : 5वें चरण में 14 लोकसभा सीटों पर 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इनमें 131 पुरुष व 13 महिला प्रत्याशी हैं, जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार प्रत्याशियों में मुकाबला है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों पर दो करोड़ 71 लाख 36 हजार 363 मतदाता व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार लाख 64 हजार 510 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोण्डा लोकसभा सीटें और लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट शामिल हैं। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

5वें चरण के चुनाव में कुल 28,688 मतदेय स्थल हैं, जिसमें से 4,232 संवदेनशील हैं। कुल 17,128 मतदान केन्द्र हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से तीन विशेष प्रेक्षक, 14 सामान्य प्रेक्षक, नौ पुलिस प्रेक्षक और 15 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा 2416 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 327 जोनल मजिस्ट्रेट, 549 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 3619 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं।

### सबसे अधिक मतदाता मोहनलालगंज में

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीटों में इस चरण में दो करोड़ 71 लाख 36 हजार 363 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ 44 लाख पांच हजार 97 पुरुष, एक करोड़ 27 लाख 30 हजार 186 महिला व 1,080 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता मोहनलालगंज (अजा) व सबसे कम मतदाता बांदा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट में कुल चार लाख 64 हजार 510 मतदाता हैं, जिसमें दो लाख 42 हजार 937 पुरुष व दो लाख 21 हजार 558 महिला और 15 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

### सबसे अधिक प्रत्याशी फतेहपुर सीट पर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीटों में सबसे अधिक 15 प्रत्याशी फतेहपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

### खरीफ गोष्ठी 12 जून से

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में खरीफ अभियान 2024 के तहत राज्य व मंडल स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। निदेशक कृषि डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि 12 जून को राज्य व लखनऊ मंडल की गोष्ठी राजधानी में होगी। 14 जून को मेरठ, सहारनपुर व मुरादाबाद मंडल की गोष्ठी मेरठ में, 18 जून को अलीगढ़, आगरा व बरेली मंडल की गोष्ठी अलीगढ़ में, 20 जून को झांसी, कानपुर व चित्रकूट धाम मंडल की गोष्ठी झांसी में, 22 जून को गोरखपुर, बस्ती व आजमगढ़ मंडल की गोष्ठी गोरखपुर में, 24 जून को वाराणसी, प्रयागराज व विध्यांचल मंडल की गोष्ठी वाराणसी में व 26 जून को अयोध्या व देवीपाटन मंडल की गोष्ठी अयोध्या में आयोजित होगी।

# 10 वर्षों में पूरा बदल गया देश : योगी

संवाददाता, प्रयागराज



▶▶ करछना में मुख्यमंत्री बोले- दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा

अमृत विचार : वर्ष 2014 के पहले देश में किसान आत्महत्या करता था। गरीब भूख से मरता था। नौजवान पलायन करता था और बेटी व व्यापारी दोनों सुरक्षित नहीं थे। 2014 के बाद दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगा है। दस वर्ष में पूरा भारत बदल गया है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करछना में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में हुई जनसभा में कही।

उन्होंने कहा कि 10 वर्ष में पूरा भारत बदल गया है। अब तो पटाखे भी बज जाएं तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देता है कि मैंने कुछ नहीं किया है। पाकिस्तान को खाने के लाले पड़े हैं, वहीं भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। प्रदेश में सभी माफिया बुलडोजर का भय खाते हैं। रीता जोशी के आशीर्वाद से नीरज त्रिपाठी को मोदी जी ने चुनाव में उतारा है। आज हम सबको मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत से सरकार बनानी है। इस मौके पर पूर्व विधायक राजबली जैसल ने भाजपा की सदस्यता ली।

# पहली बार मिले 39 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग को पहली बार 39 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक मिल गये हैं। इन डॉक्टरों के आने से सरकारी अस्पतालों में बीमारी विशेष के इलाज के लिए मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर नहीं करना पड़ेगा। इन चिकित्सकों की नियुक्ति लोक सेवा आयोग द्वारा 268 पदों के सापेक्ष हुई है।

स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि लोकसेवा आयोग, प्रयागराज को 268 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा गया था। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद आयोग को 71 आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें से 39 विशेषज्ञों का चयन हुआ है। चयनित विशेषज्ञों में एमडी मेडिसिन, प्लास्टिक सर्जन, नेफ्रोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट और अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। जल्द ही इन्हें विभिन्न चिकित्सालयों में तैनाती दी जायेगी, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो।

### मिलेगा अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ

19010 चिकित्सकों के विभाग में ग्रेड टू के 7240 पद हैं, इनमें से 3620 पद स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की सीधी भर्ती के लिए हैं, इनमें से सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया गया है। यानी ग्रेड चार में पहुंचने तक इन चिकित्सकों को तीन वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा।

मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। जिसकी वजह से विभिन्न बीमारियों के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान या अन्य उच्च संस्थानों में रेफर किया जाता है। अब, इन सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती से सरकारी अस्पतालों में भी अत्याधुनिक और विशेषज्ञता पूर्ण इलाज मिलने का रास्ता प्रशस्त हो गया है। गरीब मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बड़े संस्थानों में चक्कर नहीं लगाने पड़ेगे। साथ ही मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

# ड्रोन स्प्रे से पहले किया जाएगा फसलों का सर्वे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कृषि कार्य में ड्रोन को बढ़ावा देने के लिए विभाग जिलों में फसलों का सर्वे करेगा और बुवाई के आधार पर ड्रोन से तरल उर्वरक व कीटनाशक के छिड़काव यानी स्प्रे की संभावना तलाशेगा। इसी आधार पर केंद्र पोषित नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह की महिलाओं को ड्रोन बांटे जाएंगे।



▶▶ नमो ड्रोन दीदी योजना में उपलब्धता के आधार पर महिलाओं को बांटे जाएंगे ड्रोन

सर्वे में ऐसे क्षेत्र चिह्नित किये जाएंगे, जहां बड़े क्षेत्रफल में किसान खेती करते हैं और उनके लिए फसलों में स्प्रे करना मुश्किल रहता है। ऐसी जगहों पर महिलाएं किसानों से शुल्क लेकर ड्रोन से फसलों में तरल उर्वरक व कीटनाशक छिड़केंगी। शुल्क से महिलाओं की आमदनी होगी। विभाग ने एक ड्रोन से प्रतिवर्ष 2 हजार से ढाई हजार एकड़ औसतन स्प्रे करने का लक्ष्य रखा है और 25 मई तक सर्वे रिपोर्ट मांगी है।

**आठ लाख का मिलेगा अनुदान, जल्द निर्धारित होगा लक्ष्य :** समूह की महिलाओं को कृषि कार्य के लिए ड्रोन खरीदने पर कृषि विभाग योजना के तहत आठ लाख रुपये अनुदान देगा। जबकि फर्टिलाइजर कंपनियां समूह की महिलाओं को निशुल्क ड्रोन बांटेंगी। केंद्र से जल्द ड्रोन का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। वर्ष 2022-23 में नमो ड्रोन दीदी के तहत प्रदेश के 39 जिलों में 114 ड्रोन महिलाओं को दिए गए थे। इस योजना का मकसद कृषि कार्य को ड्रोन के इस्तेमाल से आसान करना है और महिलाओं को रोजगार देना है।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024
लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024
लोकतंत्र के महाउत्सव में
सुस्वागतम
आइए, किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का उपयोग करें और देश के विकास में योगदान दें।

आपका मतदान - लोकतंत्र की शान
पंचम चरण : 20 मई, 2024
मतदान का समय : प्रात: 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र
मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झाँसी, हमीरपुर, बाँदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज, गोण्डा
विधानसभा क्षेत्र लखनऊ पूर्व में उप निर्वाचन
पोलिंग बूथ पर उपलब्ध सुविधाएं
• पीने का पानी, टॉयलेट, वेटिंग एरिया व लंबी कतार होने पर बैठने की व्यवस्था
• दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, रैंप व वॉलिंटियर की सुविधा
कृपया पोलिंग बूथ पर मोबाइल फोन लेकर न जाएं
अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र (EPIC) नहीं है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक अपने साथ लेकर पोलिंग बूथ जाएं और अपनी पहचान स्थापित करें
01 आधार कार्ड
02 मनरेगा जॉब कार्ड
03 बैंक/डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक
04 स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी)
05 ड्राइविंग लाइसेंस
06 पैन कार्ड
07 स्मार्ट कार्ड (एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी)
08 भारतीय पासपोर्ट
09 पेंशन दस्तावेज़ (फोटोग्राफ सहित)
10 फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी)
11 आधिकारिक पहचान पत्र (सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए)
12 विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड)
मैं हूँ ना!! वोटर लिस्ट में? Voter Helpline App ऐप में चेक करें # मैं हूँ ना ✓
# एक वोट देश के लिए
केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) एप चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का विवरण जानने के लिए
वोटर टर्नआउट एप मतदान दिवस पर प्रत्येक दो घंटे पर वोटिंग प्रतिशत जानने के लिए
voiceofvotersup | @ceoup | ceo_up | @ceoup | हेल्पलाइन : 1950/1800 180 1950
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश




## मतदाताओं से अपील

### आज अवकाश नहीं महापर्व है

आज अवकाश का दिन नहीं बल्कि महापर्व है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक मतदाता घरों से निकले और देश के लिए मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाए। – **अजय जैन, मुख्य विकास अधिकारी**

### अपना कर्तव्य निभाएं

लोकतंत्र के महापर्व में हर शहर वासी अपना कर्तव्य निभाएं। देश के सबसे बड़े हित को ध्यान में रखते हुए मतदान जरूर करें। आगे बढ़ें और वोट देने के अधिकार को बढ़ावा दें। – **डॉ. मनोज अग्रवाल, सीएमओ**

### जागरुकता का परिचय दें

लोकतंत्र के महापर्व में देश के प्रति कर्तव्य का निर्वहन करें और मतदान अवश्य करें। जागरुक नागरिक का परिचय देते हुए स्वयं वोट दें और लोगों को प्रेरित करें। परिवार के प्रत्येक सदस्य को भी मतदान कराएं।

**– कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण**

### वोट डालना सर्वोच्च कर्तव्य

लोकतांत्रिक देश में वोट डालना सर्वोच्च कर्तव्य है। महिलाओं को अपनी भूमिका और अधिकारों को समझना होगा। उन्हें सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व चुनने के लिए मतदान में उत्साहपूर्वक भाग लेना चाहिए।

**– प्रो .सोनिया नित्यानंद, कुलपति केजीएमयू**

### मतदान अवश्य करें

हमें देश के लिए हर परेशानी का सामना करते हुए अपना वोट डालना है। लोकतंत्र के पर्व पर सोमवार को मतदान के लिए समय अवश्य निकालें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

**इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम**



स्मृति उपवन से ईवीएम लेकर मतदान केंद्र लिए जाती मतदान अधिकारी।

# परीक्षा की घड़ी, धूप है कड़ी...जीतेंगे हम

## दोनों संसदीय सीट, विस उपचुनाव में आज 42 लाख मतदाता करेंगे 25 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** सोमवार को लोकतंत्र का महापर्व है। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है, अधिक मतदान प्रशासन से लेकर मतदाताओं के लिए परीक्षा की घड़ी है, लेकिन बूथों पर किए गए छाया, पानी व बैठने के इंतजामों और मतदाताओं के हौसले से जीत लखनऊ की होगी। उम्मीद है दोनों संसदीय और पूर्वी विधानसभा सीट पर रिकार्ड मतदान होगा।

पांचवें चरण में सोमवार को लखनऊ, मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र और पूर्वी विधानसभा सीट पर मतदान होगा। इन क्षेत्रों में 42 लाख मतदाता 25 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। लखनऊ सीट पर 10, मोहनलालगंज में 11 और पूर्व विधानसभा सीट पर चार प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान के लिए 1811 मतदान केंद्रों बनाए गए हैं। इसमें 263 बूथ अतिसंवेदनशील और संवेदनशील हैं। नगर निगम हर वार्ड में एक-एक मॉडल बूथ के अलावा पिंक बूथ, पर्दानशीं और दिव्यांग बूथ बनाए हैं।

रविवार को स्मृति उपवन से पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने सुबह वहां पहुंचकर पोलिंग पार्टियों और माइक्रो आब्जर्वरों से बातचीत की। इसके बाद माइक्रो आब्जर्वरों और पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया। देर रात पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। मतदान के बाद ईवीएम जमा करने के लिए रमाबाई मैदान में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। स्ट्रांग रूम की निगरानी सीसीटीवी से की जा रही थी।



स्मृति उपवन में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को मतदान संबंधी जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल।

### बूथों पर रहेंगे स्वास्थ्य कर्मी

मतदान केंद्रों पर हेल्ड डेस्क बनाकर आशा कार्यकत्री एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले स्तर पर 14 डॉक्टरों की टीम बनाई गई हैं। सीएचसी-पीएचसी प्रभारियों को इलाके वार मतदान केन्द्रों की जिम्मेदारी दी गई। मतदान को देखते हुए अस्पतालों में 10-10 बेड आरक्षित किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर अफसर-कर्मचारियों के बीमार होने पर उन्हें तत्काल अस्पताल में शिफ्ट किया जाएगा। मतदान केंद्रों पर करीब 50 एंबुलेंस लगाई गई हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया, तीन एंबुलेंस को रिजर्व रखा गया है। 108 की 40 एंबुलेंस मतदान केंद्र के रूट पर खड़ी रहेंगी। सभी सीएचसी प्रभारियों को ईएमटी व चालक का निजी नंबर मुहैया कराया गया है।

### किस विस क्षेत्र में कितने मतदाता

| निर्वाचन क्षेत्र | मतदान केंद्र | मतदेय स्थल | मतदाता |
|---|---|---|---|
| सिंधौली ( अजा ) | 267 | 389 | 355532 |
| मलिहाबाद ( अजा ) | 287 | 405 | 369530 |
| बक्शी का तालाब | 271 | 487 | 490058 |
| सरोजनीनगर | 231 | 582 | 599971 |
| मोहनलालगंज ( अजा ) | 299 | 399 | 365874 |
| लखनऊ पश्चिम | 104 | 414 | 470828 |
| लखनऊ उत्तर | 83 | 395 | 490697 |
| लखनऊ पूर्व | 86 | 417 | 464510 |
| लखनऊ मध्य | 94 | 339 | 375014 |
| लखनऊ कैंट | 89 | 330 | 371122 |

**1811**
**मतदान केंद्र बनाए गए हैं पूरे जिले में**

**263**
**मतदान केंद्र संवेदनशील और अतिसंवेदनशील**

**10**
**प्रत्याशी लखनऊ, 11 मोहनलालगंज और 4 पूर्वी विधानसभा सीट पर हैं मैदान में**

### ये प्रत्याशी हैं मैदान में

#### लखनऊ लोकसभा क्षेत्र

| प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|
| राजनाथ सिंह | भाजपा |
| रविदास मेहरोत्रा | समाजवादी पार्टी |
| मोहम्मद सरवर मलिक | बहुजन समाज पार्टी |
| सरवर अली | सरवर पार्टी |
| कपिल मोहन चौधरी | मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल |
| गौरव वर्मा | हिंदू समाज पार्टी |
| बृजेश कुमार यादव | किसान विश्व पार्टी |
| अखंड प्रताप सिंह | निर्दलीय |
| इस्तियाक अली | निर्दलीय |
| मो. अहमद उर्फ रिंकू | सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया |

#### मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र

| प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|
| कौशल किशोर | भाजपा |
| राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान | बसपा |
| आरके चौधरी | सपा |
| बृजेश कुमार विक्रम | राष्ट्रीय समाज पक्ष |
| एसएल सिहं | पीपीआई ( डेमोक्रेट ) |
| सूरज कुमार | सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी |
| सुनीता छेदा पासी | आम जनता पार्टी |
| सुशील कुमार रावत | निर्दलीय |
| रमेश कुमार | निर्दलीय |
| जितेंद्र कुमार | निर्दलीय |
| महेंद्र | निर्दलीय |

# बूथों पर कुर्सी-सोफा, कूलर और ठंडा पानी

- नगर निगम ने बनाए मॉडल पिंक, पर्दानशीं व दिव्यांग बूथ

**कार्यालय संवाददाता लखनऊ**

**अमृत विचार :** मतदान केंद्र तैयार बस वोटर का इंतजार है। 20 मई को घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस बार लखनऊ ने ठाना है मतदान 70 प्रतिशत पहुंचाना है। नगर निगम ने शहर के 662 मतदान केंद्रों पर बनाये गए 2527 बूथों को मतदान के लिए सजा दिया है। यहां छाया के लिए नगर निगम ने टेंट और बैठने के लिए कुर्सियों का इंतजाम किया है। इसके अलावा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए हर वार्ड में एक-एक मॉडल बूथ भी बनाया है। पिंक बूथ, पर्दानशीं और दिव्यांग बूथ भी बनाये गए हैं। पिंक बूथों पर महिलाओं के लिए विशेष इंतजाम किये गए हैं। मॉडल बूथों पर ठंडा पानी, बैठने के लिए सोफे और कुर्सियां, कूलर और पंखे लगाये गए हैं। सेल्फी प्वाइंट, बच्चों के खेलने के लिए प्ले एरिया भी है। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार और नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह बूथों पर व्यवस्था देखी। गोखले मार्ग स्थित एनबीआरआई गेस्ट हाउस और रेड हिल स्कूल स्थित मॉडल बूथ व विपुल खंड स्थिल स्कॉलर होम मतदान केंद्र का जायजा लिया। स्कॉलर होम मतदान केंद्र पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मतदान करेंगे।



राजधानी के गोमतीनगर मोहल्ले के बूथ पर मतदाताओं के लिए रखे गए सोफे।



नरही प्राथमिक विद्यालय में बूथ बनाते पीठासीन अधिकारी।

### लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के प्रत्याशी

| प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|
| ओम प्रकाश श्रीवास्तव | भारतीय जनता पार्टी |
| मुकेश सिंह चौहान | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| आलोक कुशवाहा | बहुजन समाज पार्टी |
| विनोद कुमार वाल्मीकि | निर्दलीय |



एलडीए द्वारा आरडब्ल्यूए में बनाया गया आदर्श मतदान केंद्र।

### निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर कारपोरेशन तैयार

**अमृत विचार,लखनऊ :** चुनाव के दौरान सोमवार को चौबीस घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर कारपोरेशन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। 453 मतदान स्थलों के लिए 800 कर्मचारियों की तैनाती की गई है। साथ ही ट्रांसफार्मर के खराब होने की दशा में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर 100 से अधिक ट्राली ट्रांसफार्मर को भी रिजर्व में रखा गया है। अधिकारियों को 11केवी और 33 केवी फीडर पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। जेई,एसडीओ और अधिशासी अभियंताओं मानीटरिंग करेंगे। जोनों के मुख्य अभियंता वीडियों कॉफ्रेसिंग के जरिए जुड़े रहेंगे और पल- पल की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। समीक्षा में फीडर मेंटीनेंस, एलटी लाइन, जर्जर तार,ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग,पेटीफ्यूज,और जम्फर की निगरानी के लिए उपकेंद्र अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बिजली गुल होने की दशा में फाल्ट ठीक कर तत्काल आपूर्ति के लिए कहा गया। मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती आशीष अस्थाना ने बताया कि निर्बाध आपूर्ति के लिए अधिकारियों को पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए हैं।

# 270 पुलिस टीमें रखेंगी बूथों पर नजर

## पैरामिलिट्री फोर्स और 18 हजार पुलिसकर्मी रहेंगे मुस्तैद

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** राजधानी की दोनों लोकसभा सीटों पर सोमवार को मतदान है। पुलिस महकमे ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। शांतिपूर्ण महौल में चुनाव संपन्न कराने के लिये मतदान केंद्रों के अलावा चौक-चौराहों, प्रमुख सार्वजनिक स्थानों समेत चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स की भी तैनाती रहेगी।

जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल के मुताबिक, शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने खाका खींचा गया है। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित किये गये हैं। इन पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। होमगार्ड और पुलिस कर्मियों के अलावा आधी कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स तैनात रहेगी। इसके अलावा सभी मतदाता बूथों पर दो-दो सशस्त्र आरक्षी भी मुस्तैद रहेंगे। इसी तरह 224 सेक्टर पुलिस अधिकारी और 46 जोनल पुलिस अधिकारियों की टीमें मतदान शुरू होने से समाप्त होने तक लगातार मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखेंगी। इसके अलावा मतदान के 24 घंटे पहले से खत्म होने तक सीसीटीवी कैमरों से कलेक्ट्रेट से भी निगरानी की जाएगी। किसी पर संदेह होने पर संबंधित को सूचना दी जाएगी।

**जोनवार डीसीपी रखेंगे नजर**

कमिश्नरेट के पांच जोन में 263 मतदान केंद्र संवेदनशील चिन्हित किये गये हैं। इन पर पुलिस कड़ी नजर रखेगी। खास तौर से संबंधित जोन के डीसीपी इस पर नजर रखेंगे। जिले के 1544 बूथों पर मतदान किया जाएगा। इनमें सभी बूथ पर तीन जगह पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। इसमें पैरामिलिट्री फोर्स, एसएसबी, सीआरपीएफ, आरएएफ, 23 कंपनी पीएसी व 18 हजार पुलिसकर्मी शामिल हैं।



मुस्तैद पैरामिलिट्री फोर्स का जवान।









## एक नजर

### छात्रों की प्रतिभा का केंद्र बना समर कैंप

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अयोध्या रोड कैम्पस का समर कैंप इन दिनों छात्रों की प्रतिभा विकास का केंद्र बना हुआ है। जहां विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे आर्ट एंड क्राफ्ट, कैलीग्राफी, चित्रकला, स्केटिंग, रेसलिंग, वैदिक मैथ्स, कम्प्यूटर साइंस, ताइक्वाण्डो, तैराकी, क्लासिकल गायन, वेस्टर्न गायन, नृत्य एवं वादन आदि के माध्यम से बच्चों की रुचियों की अनुसार उनकी बहुमुखी प्रतिभा को निखारा व तराशा जा रहा है। समर कैंप का उद्देश्य छात्रों की फिजिकल फिटनेस को बनाये रखना एवं मजेदार तौर-तरीकों से उनकी क्षमताओं को बढ़ाना है। जन संपर्क अधिकारी हरिओम शर्मा ने बताया कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

# नए कोर्स से दिव्यांग भरेंगे उम्मीदों की उड़ान

## नए सत्र में एनईपी के तहत चार पाठ्यक्रम होंगे शुरू, बैठक में हुई स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय चार नए पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। विवि के कुलपति का कहना है कि नए कोर्स के सहारे प्रशिक्षण पाने वाले विद्यार्थी रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकेंगे।

पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह का कहना है कि नए कोर्स को लेकर पैरामेडिकल एवं पुनर्वास संकाय के अंतर्गत एक बैठक की गई। इसमें चार कोर्सों को शुरू किये जाने की संस्तुति हुई। नए चार कोर्सों में कोर्स आउटकम, वार्षिक आउटकम, प्रोग्राम आउटकम और समर इंटर्नशिप शामिल हैं।

कोर्स आउटकम में विषयों का सार बताया जाएगा, लाभ-हानि की जानकारी का ब्योरा भी छात्रों के समक्ष प्रस्तुत होगा। वार्षिक आउटकम में एक वर्ष में जितने विषय पढ़ाए जाएंगे, उनकी जानकारियां दी जाएंगी। प्रोग्राम आउटकम में अस्पतालों में दी जाने वाली सेवाएं और हेल्थ केयर सेंटर से जुड़े विषय शामिल होंगे। समर इंटर्नशिप प्रोग्राम में कुल पाठ्यक्रमों को जोड़कर उसका सार बताया जाएगा। सभी पाठ्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा नीति (नैप) पर आधारित होंगे। नए कोर्सों का प्रशिक्षण कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र संचालित करेगा।

### नए कोर्सों में अध्ययन का कुछ ऐसा है स्वरूप

▶▶ **एबिलिटी एनरिचमेंट कोर्स** : इसके माध्यम से दो कोर्स शुरू किये जा रहे हैं। इसमें लैग्वेज एंड स्किल और कम्युनिकेशन स्किल शामिल हैं। दोनों में ही भाषाओं का बोध कराया जाएगा। ताकि किसी भी क्षेत्र में कार्य के दौरान तकनीकी एवं आम भाषा की जानकारी सरलता से मिल सके।

▶▶ **स्किल इनरिचमेंट कोर्स** : इस कोर्स के तहत कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग और मैनुफैक्चरिंग को सिखाया जाएगा। इसी के साथ आर्टिफिशियल लिंब की कार्यक्षमता का अध्ययन भी विद्यार्थी कर सकेंगे।

▶▶ **वैल्यू एडेड कोर्स** : इस कोर्स में दो विषय शामिल हैं। पहला हेल्थ एंड वेल्नेस योगा है। इसमें स्वास्थ्य और योगा का परिचय कराया जाएगा। इसी से जुड़ा दूसरा कोर्स एनवायरमेंटल साइंस है। इसमें पर्यावरण के कारण शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया जाएगा।

**क्लीनिकल पोस्टिंग देगी राहत** : कृत्रिम अंग एवम पुनर्वास केंद्र के कार्यशाला प्रबंधक डॉ. रणजीत कुमार ने बताया कि नए सत्र में स्वास्थ संबंधी पाठ्यक्रम आरंभ होने के कारण क्लीनिकल पोस्टिंग में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों पर किये जाने वाले कार्यों की विशेष जानकारी दी जाएगी। अर्बन पोस्टिंग से जुड़े विषय के दो विषयों को विस्तार देते हुए चार का स्वरूप दिया गया है।

**स्टूडेंट रूल बुक रखेगी विद्यार्थियों का लेखा-जोखा** : नए सत्र के प्रवेश में दिव्यांग छात्रों को स्टूडेंट रूल बुक दी जाएगी। इसके सहारे वे सभी रोजाना के कार्य और लेखन का उल्लेख रूल बुक में करेंगे। नए पाठ्यक्रमों में परीक्षार्थियों को क्या-क्या करना होगा, बताया जाएगा।

# शहर में 25 और आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलेंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




▶▶ **भवनों का कराया गया एग्रीमेंट, अभी 75 केंद्रों का हो रहा संचालन**

अमृत विचार : शहर में 25 और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) खुलेंगे। इनके लिए भवनों के किराए का एग्रीमेंट करा लिया गया है। अन्य भवनों की भी तलाश की जा रही है।

मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर शहर में कुल 108 वेलनेस सेंटर खुलने हैं। इनमें से 75 केंद्र संचालित हो रहे हैं। शेष 33 केंद्र संचालित होने के लिए भवनों के किराए पर लेने की कवायद चल रही है। जिसमें से 25 का एग्रीमेंट भी हो चुका है। गत फरवरी माह में सीएमओ आफिस में डॉक्टारों का वॉक इन इंटरव्यू जरिए चयन हुआ था। भवनों का एग्रीमेंट न होने से चयनित डॉक्टरों को सीएचसी से अटैच कर दिया गया। वहां पर भी डॉक्टर मनमर्जी से आते जाते हैं।

अफसरों का कहना है 33 में 25 भवनों का एग्रीमेंट कर लिया गया है, बाकी बचे भवनों की प्रक्रिया लंबित है। सीएमओ डॉ. मनोज के मुताबिक, नए केंद्र जल्द ही शुरू कराए जाएंगे।

# नौ वर्ष में 90,915 युवाओं ने शुरू किया स्वरोजगार

## मुद्रा लोन योजना से राजधानी की बैंकों ने दिया 1099 करोड़ रुपये ऋण

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

प्रधानमंत्री mudra योजना

▶▶ **पांच लाख तक ऋण वाले किशोर वर्ग में युवाओं की ज्यादा रुचि**

अमृत विचार : केंद्र सरकार की मुद्रा लोन योजना से लखनऊ के युवा प्रेरित हैं। पिछले नौ वर्षों में 90,915 युवाओं ने इस योजना से ऋण लेकर स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ा दिया है।

तीन वर्गों में संचालित इस योजना में सबसे जयादा मांग किशोर वर्ग के ऋण की है। इस वर्ग में 33,336 युवाओं ने लोन लिया है। राजधानी की अलग-अलग बैंक शाखाएं 1099 करोड़ रुपये मुद्रा लोन के माध्यम से युवाओं को स्व रोजगार के लिए दे चुकी हैं। चालू वित्तीय वर्ष में भी बड़ी संख्या में युवाओं ने मुद्रा लोन के लिए आवेदन किया है।

युवाओं को स्व रोजगार का अवसर देने के लिए केंद्र सरकार ने 8 अप्रैल 2015 को मुद्रा लोन योजना शुरू की थी। योजना को शिशु, किशोर और तरुण वर्ग में विभाजित कर संचालित किया जा रहा है। शिशु वर्ग में 50 हजार रुपये तक और किशोर वर्ग में 5 लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है। तरुण वर्ग में 10 लाख रुपये तक का लोन स्व रोजगार के लिए उपलब्ध कराया जाता है।

लीड बैंक के अनुसार अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2024 तक 90,915 युवाओं ने स्व रोजगार के लिए मुद्रा लोन योजना से ऋण लिया। इसमें शिशु वर्ग में 15,131, किशोर वर्ग में 33,336 और तरुण वर्ग में 6448 लाभार्थी शामिल हैं। अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2024 तक सरकारी बैंक, रीजनल बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंकों ने 1099 करोड़ रुपये मुद्रा लोन योजना के तहत बांटे।

> ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से लोन को लेकर डर निकालना है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 10 यूनिट की स्थापना की जानी है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के ज्यादा से ज्यादा युवा मुद्रा लोन का लाभ ले सकें। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी मुद्रा लोन से स्व रोजगार कर रही हैं।
>
> – मनीष पाठक, एलडीएम, लखनऊ

### उद्यम का पंजीयन, प्रोजेक्टर रिपोर्ट जरूरी

बैंकों की शाखाओं के मामले में लखनऊ मुंबई के बाद देश में दूसरे स्थान पर है। यहां अलग-अलग बैंकों की 1100 शाखाएं हैं। मुद्रा लोन लेने के लिए लाभार्थी का सिविल स्कोर ठीक होना चाहिए, बैंक खाते का केवाईसी होना चाहिए, उद्यम का पंजीयन होना चाहिए और लाभार्थी जो काम करना चाहता है उस प्रोजेक्ट की रिपोर्ट भी होनी चाहिए। इसके अलावा व्यवसाय स्थल का लीज एग्रीमेंट भी जरूरी है।



राजा रामपाल सिंह पार्क में आयोजित योग शिविर में योगा करते लोग। अमृत विचार

# सात दिवसीय योग शिविर का समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित हुआ था शिविर**

अमृत विचार : कला भारती ट्रस्ट की ओर से वाश शैली के प्रख्यात कलाकार प्रो. सुखवीर सिंघल की स्मृति में सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कैसरबाग स्थित राजा रामपाल सिंह पार्क में 13 मई से शुरू हुए योग शिविर का रविवार 19 मई को समापन हो गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश चन्द्र जायसवाल ने रोजाना सुबह 5 बजे से 6.30 बजे तक नियमित रूप से योगाभ्यास करवाया। योग और प्राणायाम का प्रशिक्षण लेने में युवाओं और महिलाओं में होड़ लगी रही।

योग शिविर के समापन के मौके पर अर्जुन देव अग्रवाल को हाईस्कूल और अर्चित को इंटर में उच्च अंक प्राप्त करने के लिए ट्रस्ट की प्रबंधक प्रियम ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस शिविर में जो लोग नियमित रूप से पहुंचे और जिनकी उपस्थिति शत-प्रतिशत रही उन्हें भी सम्मानित किया गया।

योग शिविर के समापन के अवसर पर सभी को मतदान के लिए जागरूक किया गया। पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर सुभाष, आशीष, हर्ष, स्तुति, भवानी, रमन और हेमलता की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मैं **निर्मला पत्नी अशोक कुमार वर्मा, निवासिनी– वार्ड नं0 10 लोकमान्य तिलक पचपेड़वा परगना व तहसील तुलसीपुर जिला बलरामपुर** की हूँ। पहले मेरा नाम निर्मला (NIRMALA) था जो कि आधार कार्ड व पैन कार्ड में संशोधन कराकर निर्मला (NIRMLA) करा लिया गया है। मेरे पैन कार्ड में पिता का नाम RAMASRE है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड द्वारा जारी मेरा हाईस्कूल अंक पत्र, सह प्रमाण–पत्र, वर्ष 2015, रोल नं. 1518141, जन्मतिथि 08 जून 2000 व इंटरमीडिएट अंक पत्र व सह प्रमाण–पत्र वर्ष 2017, रोल नंबर 1088306 का अंक पत्र, सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही गुम हो गया है। **– कु. हर्षी राजपूत पुत्री रामशंकर राजपूत, माता का नाम–रमा, पता–ग्राम ककरहिया, नादेमऊ, कन्नौज।**

# भातखंडे विवि में कोरियोग्राफी की कार्यशाला शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में छात्र–छात्राओं को कोरियोग्राफी सिखातीं देबोलीना। अमृत विचार

▶▶ **देबोलीना पाल कर रहीं कार्यशाला का निर्देशन**

अमृत विचार : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में कोरियोग्राफी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। यह कार्यशाला देबोलीना पाल के निर्देशन में की जा रही है। देबोलीना भातखंडे की पूर्व छात्रा हैं और वर्तमान समय में यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टइंडीज, त्रिनिदाद और टोबैगो में डांस लेक्चरर और कोआर्डीनेटर हैं।

देबोलीना ने कार्यशाला के प्रतिभागियों को मंच के विविध आयामों के साथ मंच सज्जा, डांस मूवमेंट, स्पेस, लेवल, माइंड सेट ऑफ आर्टिस्ट, निर्देशन इत्यादि के संदर्भ में बताया। इस मौके पर नृत्य विभाग के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र दत्त वाजपेयी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रूचि खरे, गेस्ट फैकल्टी डॉ. गरिमा टंडन, प्रेरणा राणा और सुमेधा गुप्ता की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# सुधार न हुआ तो बाहर होंगे कंप्यूटर ऑपरेटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सेवाप्रदाता के माध्यम से उप्र पशुधन विकास परिषद में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटरों को लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। यदि सुधार न हुआ तो कार्यमुक्त किया जाएगा। कर्मियों ने शोषण का आरोप लगाया है। उप्र पशुधन विकास परिषद मुख्यालय पर जिलों व जोनल केंद्रों पर कंप्यूटर ऑपरेटरों के माध्यम से किए जा रहे कृत्रिम गर्भाधान व सेक्स्ड सीमेन योजना की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यालय पर सभी कंप्यूटर ऑपरेटर बुलाए गए। प्रशिक्षण कम मूल्यांकन में प्रगति बेहतर नहीं मिली। तीन वर्ष से अधिक कर्मियों को कार्य करते हो चुका है। जो सूचनाएं दी वह गलत दी। इस पर परिषद की तरफ सेवाप्रदाता कंपनी को कंप्यूटर आपरेटरों को चेतावनी देकर कार्यों में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। कुछ कंप्यूटर ऑपरेटर का कहना है कि उन्हें हटाने के लिए बेवजह परेशान किया जा रहा है।

### पशु चिकित्सकों पर दबाव

पशुधन विकास परिषद के रोज जारी हो रहे आदेश से उप्र पशु चिकित्सा संघ नाराज है। कभी पैरावट की आईडी बंद करना तो कहीं नए मानक निर्धारित होते हैं। संघ का कहना है कि सीधे कोई आदेश नहीं मिलता है। पशु चिकित्सा अधिकारियों पर दबाव बढ़ता जा रहा। पशुओं की टैगिंग के लिए न तो संसाधन है न ही मैन पावर है। फीडिंग के लिए कंप्यूटर और ऑपरेटर नहीं है। फिर भी रोज लक्ष्य पूरा करने का दबाव बनाया जाता है। इन समस्याओं को देखते हुए 6 जून को प्रदेश कार्यकारिणी बैठक करेगी।

# केजीएमयू में तैयार होगी डीएनए और फ्रिंगर प्रिंट लैब

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में डीएनए और फ्रिंगर प्रिंट लैब तैयार की जाएगी। संस्थान प्रशासन जल्द ही इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है। केजीएमयू में फॉरेंसिक की पढ़ाई भी होती है। किसी फॉरेंसिक विषेशज्ञ को डीएनए और फ्रिंगर प्रिंट की जानकारी होना जरूरी होता है। छात्रों के हित मे इस लैब को शुरू करने की कवायद की जा रही है। अभी तक यह सुविधा सिर्फ पुलिस विभाग में है। कुलपति प्रो .सोनिया नित्यानंद ने बताया कि लैब को जल्द शुरू करने की कोशिश की जा रही है।

# प्रदर्शित चित्रों में लोक संवेदनाएं दर्शनीय हैं : शिशिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



चित्रकला प्रदर्शनी में लगी पेंटिग को देखते चित्रकूट के कुलपति आचार्य शिशिर कुमार पांडेय। अमृत विचार

▶▶ **अखिल भारतीय चित्रकला प्रदर्शनी वत्सल का समापन**

अमृत विचार : अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में कला दीर्घा की ओर से आयोजित अखिल भारतीय चित्रकला प्रदर्शनी का रविवार की शाम को समापन हो गया। समापन समारोह में जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति आचार्य शिशिर कुमार पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

आचार्य शिशिर कुमार का स्वागत करते हुए कला दीर्घा के संपादक डॉ. अवधेश मिश्र ने अभिनंदन पत्र, कला दीर्घा का अंक, अंग वस्त्र, बाल वृक्ष, वत्सल प्रदर्शनी का कैटलॉग, अपनी कलाकृतियों पर आधारित वार्षिक पंचांग, पहला दस्तावेज पुस्तक और डॉ. सपना नीरज द्वारा लिखित अवधेश मिश्र : सांस्कृतिक संवेदनाओं का चितेरा पुस्तक प्रदान की।

आचार्य शिशिर कुमार पांडेय ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कहा कि खुशी की बात है कि समस्त चित्रों में लोक संवेदनाएं दर्शनीय हैं और लोक की छोटी-छोटी गतिविधियां जो वहां की संस्कृति की आत्मा होती हैं, वह प्रकारांतर से इन चित्रों में दिख रही हैं।

कला दीर्घा के बारे उन्होंने कहा कि यह समय के इतिहास को अपने में समेटे हुए है, जिसका प्रभाव दीर्घकालिक रहेगा और समय के गवाह के रूप में यह देखी जाएगी। कला के क्षेत्र में डॉ. अवधेश मिश्र द्वारा किए जा रहे डॉक्यूमेंटेशन को भी उन्होंने सराहा। डॉ. लीना मिश्र ने उषा पत्रिका भेंट कर धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रदर्शनी के समन्वयक डॉ. अनीता वर्मा और सुमित कुमार ने आचार्य पांडेय को प्रदर्शनी का अवलोकन कराया।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सायं 06:00 से 09:00 तक

रविवार सायं अवकाश


स्मृति उपवन में पर्चा बनवाते लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे कर्मचारी। अमृत विचार


स्मृति उपवन में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को ईवीएम वितरित करते अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार


स्मृति उपवन से ईवीएम ले जातीं चुनाव ड्यूटी में लगीं कर्मचारी। अमृत विचार

# बूथ पर हो कोई दिक्कत तो टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

## नगर निगम के अधिकारी अपने जोन में करेंगे निरीक्षण, सफाई व पेयजल व्यवस्था के लिए 24 घंटे सक्रिय रहेगा वार रूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र में बूथ पर कोई समस्या होने पर नगर निगम के टोल फ्री नम्बर पर शिकायत की जा सकती है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार एवं पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में वॉर रूम में टीम सक्रिय रहेगी।

सभी अपर नगर आयुक्त, जेडएसओ, जोनल अधिकारी, नगर अभियंता, जलकल, मार्ग प्रकाश विभाग के कर्मचारी अपने-अपने जोन में भ्रमण करेंगे। नगर निगम ने मतदान केंद्रों पर समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। साफ-सफाई एवं पेयजल आदि व्यवस्था के लिए वार रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा। किसी प्रकार की समस्या होने पर नगर निगम कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 9219902911, 9219902912, 9219902913, 9219902914 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**▸▸ नगर निगम के टोल फ्री नंबरों 9219902911, 9219902912, 9219902913, 9219902914 पर कर सकते हैं संपर्क**

**इन अधिकारियों को बता सकते हैं समस्या :** अमरजीत सिंह जोन अधिकारी जोन एक 8810715492, नगर अभियंता सतीश रावत 8810721551, दिव्यांशु पांडेय जोनल अधिकारी जोन दो 8810724966, नगर अभियंता अशोक यादव 8810721552, जेडएसओ आशीष श्रीवास्तव 9919732332, अलंकार अग्निहोत्री जोनल अधिकारी जोन तीन 8171618640, नगर अभियंता अतुल मिश्रा 8810721522, जेडएसओ जितेन्द्र कुमार गांधी 9415497173, संजय यादव जोनल अधिकारी जोन चार 9219902918, नगर अभियंता अतुल मिश्रा 8810721522, जेडएसओ पंकज शुक्ला 7905596057, जोनल अधिकारी जोन पांच नंद किशोर 8810724965, नगर अभियंता एससी सिंह 8810715495, जेडएसओ राजेश यादव 8810708583, जोनल अधिकारी जोन छह मनोज यादव 8810721516, नगर अभियंता प्रमोद कुमार प्रमोद कुमार 8810721520, जोनल अधिकारी जोन सात रश्मि भारती 9219902922, नगर अभियंता ब्रिजेन्द्र पाल 9105900506, जेडएसओ राम सकल यादव 9453780929, जोनल अधिकारी जोन आठ अजीत राय 8810726009, नगर अभियंता एससी सिंह 8810715495।


स्मृति उपवन में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी को ईवीएम की जानकारी देते अधिकारी।

# मतदेय स्थल से भी प्राप्त कर सकते हैं पर्ची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ मंडलायुक्त ने आदर्श मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण**

**▸▸ बूथों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** मतदाताओं को अगर वोटर पर्ची नहीं मिली है तो voters.eci.gov.in पर जाकर वोटर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा मतदेय स्थल पर जाकर भी वोटिंग पर्ची ले सकते हैं। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उक्त बात कही।

मंडलायुक्त ने आदर्श मतदान केंद्र (बटलर क्लब), आदर्श मतदान केंद्र (सीएसआई), आदर्श मतदान केंद्र (ओमेक्स हाईट), आदर्श मतदान केंद्र (एल्डिको), रिवर साइड एकेडमी (गोमतीनगर), अवध गर्ल्स पीजी कॉलेज, चिल्ड्रन म्युनिसिपल नर्सरी स्कूल, रेड हिल स्कूल (गोखले मार्ग) आदि बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर सामान्य सूचनाओं के अंकन समेत मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर वृद्धजनों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की जाए।

## चुनाव में कम पड़ीं गाड़ियां, एसी बसें बुलाईं

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान के लिए रविवार को पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। आरटीओ, एआरटीओ प्रशासन, प्रवर्तन की कोशिशों के बाद भी गाड़ियां कम पड़ गईं। आनन फानन कई स्कूलों और निजी वाहन मालिकों से संपर्क कर एसी बसों की व्यवस्था की गई। स्मृति उपवन से एसी बसों में पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। लखनऊ, मोहनलाल संसदीय सीट के अलावा लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है, इससे वाहनों की मांग अधिक रही। जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से करीब डेढ़ हजार वाहनों की जरूरत बताई गई थी। एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि गाड़ियों की कमी पूरी कर ली गई है। 50 से अधिक एसी वाहन लगाए गए।

## सार-संक्षेप

### सृजन झंकार डांस एकेडमी में बनाया मतदाता सहयोग केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** लक्ष्य जन कल्याण समिति के अध्यक्ष एसके बाजपेई ने बताया कि एकल ग्राम संगठन, जनविकास महासभा, लक्ष्य जनकल्याण समिति और सृजन फाउंडेशन के माध्यम से जानकीपुरम विस्तार सेक्टस 6 दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास सृजन झंकार डांस एकेडमी में मतदाता सहयोग केंद्र बनाया गया है। यहां मतदाताओं की सहायता की जाएगी। अगर किसी का नाम मतदाता सूची में है और उसके पास पर्ची नहीं पहुंची तो वोटर आईडी लेकर सहयोग केंद्र पहुंचें। वहां मतदाता पर्ची की व्यवस्था की जाएगी। मतदाताओं के बैठने और पीने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था रहेगी। वाजपेयी ने सभी मतदाताओं से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

### पेंशनरों ने घर-घर जाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने रविवार को शहर के विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इंदिरा नगर, गोमती नगर, अलीगंज, एलडीए कालोनी, टिकैतराय तालाब, राजाजीपुरम आदि कालोनियों के पार्क व घरों में बैठकर लोगों ने मतदान अवश्य करने की अपील की गई। कहा कि पेंशनर सबसे अधिक अनुभवी वोटर होते हैं। उनके वोट से ही सर्वश्रेष्ठ सरकार बन सकती है, इसलिए पेंशनरों का वोट जरूर देना चाहिए। केएस तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजीव भटनागर राष्ट्रीय सचिव, राज शेखर नागर प्रांतीय महामंत्री, पीके श्रीवास्तव, उमाकांत सिंह, आरएन द्विवेदी, दिलीप पांडे, सुभाष चौबे, राजेश तिवारी, अशोक बाजपेई, जय राम वर्मा, एसके त्यागी, संजय मिश्रा, गीता वर्मा और सुनीता सोनकर शामिल रहीं।

### विचार मंच ने कहा, लोग जरूर करें मतदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** चन्द्रभानु गुप्त द्वारा स्थापित विचार मंच ने लोगों से कहा है कि मतदान जरूर करें। वीर सावरकर नगर में इस मुद्दे पर हुई संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर देशभक्तों को वोट डालने जरूर जाना चाहिए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए श्याम कुमार ने कहा कि हमारे सामने सिर्फ दो कसौटियां होनी चाहिए देश का हित अथवा देश का विनाश। इस चुनाव में देश के हितैषियों को विजयी बनाना है। वक्ताओं ने कहा कि हमें अपना वोट बर्बाद नहीं करना है। इसका इस्तेमाल देशहित में करना है।

### राजनाथ की प्रचंड जीत और उत्तम स्वास्थ्य के लिए पूजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को सिंधी, पंजाबी और सिख समाज के लोगों ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रचंड जीत और उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए हजरतगंज दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में प्रार्थना की। पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान अशोक मोतियानी,अनिल बजाज, श्याम कृष्नानी, सुरेश छाबलानी ने संयुक्त रूप से अपील की। कहा गया कि सोमवार 20 मई दिन सोमवार को जमकर मतदान करें जिससे रिकार्ड मतों से सांसद जीतकर संसद पहुंचें। भारतीय पंजाबी समाज के अध्यक्ष अनिल बजाज, यहियागंज गुरुद्वारे के सरदार गुरमीत सिंह, किशन चंद बंबानी, पुनीतलाल चंदानी, लखन आहूजा, दीपक लालवानी, प्रीतम वालेजा, अशोक चांदवानी, सुशील गुरनानी, अमरजोत सिंह, संजय जसवानी, सरदार देवेन्द्र सिंह, सन्नी आनंद, सरबजीत बग्गा सहित सभी ने शत-प्रतिशत मतदान की अपील की।

# रक्षा मंत्री, बसपा प्रमुख समेत कई दिग्गज करेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में सोमवार को कई दिग्गज भी मतदान करेंगे। इनमें रक्षा मंत्री,उप मुख्यमंत्री व बसपा प्रमुख भी शामिल हैं।

केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह प्रातः 9:30 बजे विपुल खंड गोमती नगर में स्कॉलर होम स्कूल पोलिंग बूथ पर मतदान करेंगे। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सुबह 7:45 बजे मॉन्टेसरी स्कूल, प्रेरणा केंद्र के पीछे, मॉल एवेन्यू में और बसपा सुप्रीमो मायावती सुबह 7 बजे चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल म्युनिसिपल स्कूल निकट वीवीआईपी गेस्ट हाउस पोलिंग बूथ पर मतदान करेंगी। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी शेरवुड एकेडमी सेक्टर 25 इंदिरा नगर में प्रातः 10:15 बजे, राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा गोपीनाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी इंटर कॉलेज में प्रातः 9:00 बजे, राज्यसभा सांसद संजय सेठ अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज विक्रमादित्य मार्ग पर प्रात 7:15 बजे, राज्यसभा सांसद बृजलाल दिल्ली पब्लिक स्कूल गोमती नगर विस्तार में प्रातः 7:45 पर, सुषमा खर्कवाल लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना सेक्टर 9 में प्रातः 8:15 बजे और विधायक डॉ नीरज बोरा प्रातः 7:00 बजे सोया फातिमा इंटर कॉलेज फैजुल्लागंज में मतदान करेंगे।

# डालो वोट...स्याही दिखाओ, छूट पाओ

## विभिन्न ट्रेड के कारोबारी 5 जून तक उंगली पर स्याही का निशान दिखाने पर देंगे छूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सोमवार को मतदान दिवस है। ऐसे में लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए बाजारों ने छूट के तमाम ऑफर देने का एलान किया है। बस... ग्राहक को अंगुली में लगी स्याही दिखानी होगी और उसे खरीदारी पर छूट का लाभ मिलेगा। ऑफर का यह बाजार आगामी 15 दिनों (20 मई से पांच जून) के लिए है। इसमें सर्राफा, कपड़ा, साड़ी, लहंगा आदि पर तय अवधि में खरीदारी करने के दौरान मतदान का हिस्सा बनने पर कारोबारियों द्वारा छूट दी जाएगी।

**जेवरात की बनवाई पर मिलेगी 25 से 50 फीसद तक छूट :** नार्थ इंडिया हेड इंडिया बुलियन ज्वेलर्स (इब्जा) के अनुराग रस्तोगी ने बताया कि ज्वैलरी इंडस्ट्री की तरफ से सौगात दी गई है कि मतदान करने के बाद पांच जून तक कोई भी व्यक्ति अपनी अंगुली की स्याही दिखाकर जेवर खरीदने पर मेकिंग चार्ज में 20 से 25 फीसद तक का लाभ प्राप्त कर सकता है।

लखनऊ सर्राफा के संगठन मंत्री आदीश जैन ने बताया कि लखनऊ और चौक सर्राफा बाजार में मतदान के बाद स्याही दिखाने पर 50 प्रतिशत मेकिंग चार्ज में छूट मिलने की बात कही है। इसका लाभ पांच जून तक मिलेगा। सर्राफ चौक बाजार के सिद्धार्थ जैन ने बताया कि गोल दरवाजा चौक सर्राफा में जेवरों की खरीद पर 25 प्रतिशत और डायमंड सेट के मेकिंग चार्ज पर 50 प्रतिशत ग्राहक को छूट दी जाएगी।

### यहियागंज में थोक रेट पर मिलेंगे होजरी वस्त्र

यहियागंज व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए यहियागंज की ओर से पांच जून तक फुटकर कारोबारियों को राहत दी गई है। इसके तहत ग्राहक को स्याही दिखाने पर थोक भाव में होजरी वस्त्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

### साड़ी व लहंगा की खरीदारी पर 10 फीसद छूट

इंदिरानगर भूतनाथ के कारोबारी उत्तम कपूर ने बताया कि मतदान दिवस बीतने के बाद ग्राहक को स्याही के माध्यम से बताना होगा कि उसने वोट दिया है। स्याही दिखाने के बाद उसे साड़ी, लहंगा आदि वस्त्रों पर 15 दिन तक कीमत में दस फीसद छूट दी जाएगी। श्रीराम रोड और महानगर के वस्त्र कारोबारी प्रभू जालान ने बताया कि न केवल साड़ी, लहंगा बल्कि अन्य कपड़ों की खरीद पर 10 फीसद कम किया जाएगा। इस लाभ का अधिकार ग्राहक को आगामी 15 दिनों तक मिलेगा। अंगुली में स्याही की पुष्टि होने पर यह छूट दी जाएगी। लखनऊ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी मतदान के बाद अंगुली पर स्याही का निशान दिखाने पर संगठन के पदाधिकारी सभी बाजारों में कपड़े से लेकर विभिन्न ट्रेड पर 10 से 15 प्रतिशत की छूट देंगे।


स्मृति उपवन में पीने के पानी लेने के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को झेलनी पड़ी परेशानी। अमृत विचार

### बूथों पर मुस्तैद रहेंगे सपा के सेंटर प्रभारी और बूथ अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ लोकसभा और लखनऊ पूर्व विधानसभा में उपचुनाव में मतदान के लिए समाजवादी पार्टी ने तैयारियां पूरी कर ली है। प्रदेश प्रवक्ता आशुतोष वर्मा ने बताया कि हर बूथ पर सेंटर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष और बूथ एजेंट मुस्तैद रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने पूर्व विधायकों को मतदान के दिन भ्रमण करने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व विधायक सेंटर प्रभारियों के संपर्क में रहेंगे। बूथों तक पहुंचकर हर घंटे की सूचना प्रदेश कार्यालय को देंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने जिलावार कार्यकारिणी को निर्देश जारी किये गए हैं। इसमें लखनऊ, मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र और लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र भी शामिल हैं। प्रवक्ता ने बताया कि बूथ पर गड़बड़ी की सूचना मिलते ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म की टीम सक्रिय हो जाएगी।

# सपा पार्षद का नाम मतदाता सूची से कटा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**▸▸ जिला निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत**

**अमृत विचार :** बूथ लेवल ऑफिसर की लापरवाही से जगदीश चंद्र बोस वार्ड से समाजवादी पार्टी के पार्षद यावर हुसैन रेशू का नाम वोटर लिस्ट से कट गया है। 20 मई को होने वाले मतदान में वह वोट नहीं दे पाएंगे। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी से पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। राज्य निर्वाचन कार्यालय से भी इसकी शिकायत की है।

उन्होंने बताया कि इस बात की जानकारी उन्हें तब हुई जब शुक्रवार को बीएलओ पर्ची बांट रहे थे। सपा पार्षद ने बताया कि उनका नाम दो महीने तक वोटर लिस्ट में था। उस समय बीएलओ बूथ पर बैठे थे। उनका नाम बाबा ठाकुर साहब पोलिंग स्टेशन के भाग संख्या 220 में दर्ज था। उन्होंने कहा कि जब मेरा नाम मतदाता सूची से काट दिया गया तो आम जनता का क्या होगा। इससे साफ है कि मतदाता सूची में गड़बड़ी है।

# आज रमाबाई मैदान की ओर न जाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ मतदान के मद्देनजर लागू किया गया डायवर्जन**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लखनऊ में 5वें चरण का मतदान 20 मई को है। इस दिन मतदान समाप्त होने के बाद पोलिंग पार्टियों की वापसी और ईवीएम को विभिन्न पोलिंग बूथों से रमाबाई मैदान में स्थित निर्धारित कक्षों में जमा किया जाएगा। इस दौरान 20 मई की शाम से देर रात तक वाहनों का चार स्थानों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। पोलिंग पार्टी के आवागमन के बीच ट्रैफिक के दबाव की संभावना है। ऐसे में वाहन चालक वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग कर सकेंगे।

**इस रास्ते पर आवाजाही में रहेगी रोक :** निजी वाहन रमाबाई पुलिस चौकी रैली स्थल तिराहे से रैन बसेरा तिराहा या बिजनौर शहीद पथ अंडरपास सर्विस रोड होकर नही जा सकेगा

**वाहन चालक इधर से करें आवाजाही :** यह वाहन शहीद पथ के ऊपर से होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।

**इस रास्ते से नहीं कर सकेंगे आवाजाही :** बिजनौर शहीद पथ अंडरपास चौराहे से कोई भी वाहन सर्विस रोड होकर रमाबाई पुलिस चौकी की तरफ नही जा सकेगा।

**इस रास्ते का करें उपयोग :** वाहन बिजनौर रोड, ओमेक्स सिटी या न्यू गडौरा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।

**यहां उल्टी दिशा में नहीं जा सकेंगे :** उतरेठिया शहीद पथ अंडरपास चौराहा से रमाबाई अंबेडकर मैदान रैली स्थल की तरफ गलत साइड में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। अंबेडकर विश्वविद्यालय अंडरपास से कोई भी वाहन उल्टी दिशा से रमाबाई की तरफ नहीं जा सकेंगे।

**प्रतिबंधित मार्ग पर इमरजेंसी वाहन जा सकेंगे :** एंबुलेंस, फायर बिग्रेड, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस के वाहनों को छूट रहेगी। इस दौरान जाम की स्थिति में ट्रैफिक कंट्रोल नंबर-9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

**नया हथियार** डेंगू और मलेरिया जैसी वेक्टरजनित बीमारियों से बचाव के लिए जलभराव वाले इलाकों में एमएलओ का छिड़काव शुरू

# लार्वा को पानी में पनपने से पहले ही मार देगा एमएलओ



बालाकदर स्थित नगर निगम के गोदाम में रखा एमएलओ का ड्रम।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ नगर निगम पहली बार कर रहा प्रयोग, खरीदे दो ड्रम**

**अमृत विचार :** नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग मच्छरों पर मॉस्किटो लार्विसाइडल ऑयल (एमएलओ) से वार करेगा। पानी में एंटी लार्वा छिड़काव की जगह इसका प्रयोग करेगा। यह ऑयल मच्छरों का लार्वा पानी में पनपने से पहले ही मार देगा। यह तेल मच्छरों को पनपने से रोकने में कारगर साबित है। एमएलओ तालाब और बड़े क्षेत्र में जल भराव वाले इलाकों में रुके हुए पानी में डाला जाता है और पानी में फैल कर परत बना लेता है। जिससे मच्छरों के लार्वा को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है और वे मर जाते हैं। नगर निगम इस तेल का प्रयोग पहली बार कर रहा है। नगर निगम ने इसके लिए 210 लीटर के दो ड्रम खरीदे हैं। इसकी कीमत लगभग 354 रुपये प्रतिलीटर है।

**पानी की परत पर बैठते ही मर जाएगा मच्छर :** डेंगू और मलेरिया आदि वेक्टरजनित बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम ने तालाबों और जलभराव वाले इलाकों में एमएलओ का छिड़काव शुरू कर दिया है। एडीज एजिप्टी नामक मच्छर के काटने से डेंगू फैलता है। यह मच्छर रुके हुए पानी में अंडे देता है। एमएलओ के छिड़काव से लार्वा नहीं पनपेगा साथ ही जो मच्छर बैठेगा वह भी मर जाएगा।

**कम करना पड़ेगा एंटी लार्वा केमिकल का छिड़काव :** नगर निगम तालाबों, जलभराव वाले इलाकों और नालियों में एंटी लार्वा केमिकल का छिड़काव कराता है। लेकिन यह उतना कारगर साबित नहीं होता है। एमएलओ का छिड़काव शुरू होने से एंटी लार्वा केमिकल का छिड़काव अब केवल नालियों के रुके हुए पानी में कराना पड़ेगा। इससे नगर निगम का समय और पैसा दोनों बचेगा।

> बड़े तालाबों और जलभराव वाले इलाकों में एमएलओ कारगर साबित हो रहा है। नगर निगम ने इसका छिड़काव शुरू कर दिया है। अभी दो ड्रम खरीदे गये हैं। इसके इस्तेमाल से नगर निगम को बचत होगी साथ ही डेंगू और मलेरिया आदि वेक्टरजनित बीमारियों पर भी नियंत्रण होगा।
>
> -विजय कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

## एक नजर

### आपत्तिजनक मैसेज भेजने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** हुसैनगंज कोतवाली में अनजान नम्बर से मैसेज भेजने वाले के खिलाफ परेशान युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कानपुर निवासी युवती हुसैनगंज में रह कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। कई दिनों से अनजान नम्बर से कॉल आने पर कॉलर गाली गलौज करता है। युवती की आपत्तिजनक वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी दी है। एक नम्बर को ब्लॉक करने पर कॉलर नए नम्बर से फोन कर व्हाट्सएप पर भी आपत्तिजनक मैसेज और तस्वीरें भेजता है। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की बात कही है।

### दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को भेजा जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** माल पुलिस ने युवती से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर राजेश कुमार के मुताबिक एक गांव निवासी महिला ने शुक्रवार को प्रार्थना-पत्र दिया था। उसका आरोप था कि गुरुवार देर शाम छोटू उर्फ दिनेश जबरन घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने युवती को लात घूसों से पीट दिया। शोर सुन आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुये भाग निकला था। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को उसे गिरफ्तार किया गया।

### तेज रफ्तार इनोवा ने वैन में मारी टक्कर

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत रविवार की सुबह चंद्रिका देवी मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं से भरी वैन में हरदौरपुर अंडरपास के पास तेज रफ्तार अज्ञात इनोवा कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के आगे का शीशा टूटकर गिर गया। वही चालक को हल्की चोटें आई ।जिसके बाद वैन में सवार करीब आधा दर्जन लोग ई रिक्शा से सवार होकर अपने गंतव्य को रवाना हो गए ।प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना थाने पर नहीं दी गई है।

### टप्पेबाजों ने एटीएमकार्ड बदल 40 हजार पार किए

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा क्षेत्र में टप्पेबाजों ने युवक का एटीएम कार्ड बदल 40 हजार रुपये निकाल लिये। पुलिस टप्पेबाजों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, दरोगा खेड़ा निवासी जगदीश सिंह रविवार सुबह करीब 10 बजे बंथरा कस्बा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से रुपये निकालने गए थे। जब वह एटीएम बूथ पर पहुंचे तो दो युवक बाहर खड़े थे। जगदीश अंदर घुसे तो पीछे से दोनों युवक भी आ गये। उन्होंने मदद के बहाने जगदीश का कार्ड लेकर एटीएम से रुपये निकाल दिये। इसके बाद रुपये व कार्ड पकड़ा कर चले गये। जगदीश घर पहुंचे तो मोबाइल पर बैंक का मैसेज देखा, जिसमें 40 हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज दिखा।

# 16 साल की उम्र में गांव छोड़कर निकला था राम सिंह

## बैंक खाते में लगातार विदेश से हो रहे लेन-देन की सूचना पर हुई जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एटीएस के हत्थे चढ़ा आईएसआई एजेंट 24 वर्षीय राम सिंह 14 साल की उम्र में ही अपना गांव छोड़कर गैर प्रांत नौकरी करने चला गया। पिछले आठ साल से वह गांव से बाहर रहता था। पिछले तीन साल से उसके खाते में विदेशों से लेन-देन शुरू हो गया था।

ग्रामीणों के मुताबिक राम सिंह की मां आशा कार्यकत्री हैं। राम सिंह जब 9 साल का था तो उसके पिता जय सिंह संदिग्ध हालात में घर से गायब हो गए। करीब 7 साल तक तलाश करने के बाद नहीं मिले। इसके बाद परिजनों ने मृत मान लिया। सारी कानूनी प्रक्रिया पूरी कराई। जय सिंह को मृत घोषित कराया। ग्रामीणों के अनुसार करीब 15 साल हो गए लेकिन जय सिंह कहां गया, न तो उसकी लाश मिली और न ही उसका कोई सुराग लगा।


आईएसआई एजेंट राम सिंह

**फोरलेन में चली गई गांव की जमीन :** ग्रामीणों ने बताया कि उसकी गांव की कुछ जमीन फोरलेन निर्माण के लिए अधिग्रहित कर ली गई। इसका मोटा मुआवजा भी मिला था। चार महीने पहले वह गांव वापस आया और घर बनवाना शुरू किया।

**आठ महीने में मां को भेजे सिर्फ 65 हजार रुपये :** राम सिंह घर आने से पहले मां के पास आठ महीने की कमाई का 65 हजार रुपये भेजा था। बताया जा रहा है कि उसे 15 से 18 हजार के बीच वेतन मिलता था। खर्च के बाद कुछ पैसों की बचत कर मां को तब भेजा था जब उन्हें घर की छत लगानी थी। मां का कहना है कि इसके अलावा उसके पास कितना पैसा है और कहां से आता था कुछ भी उसे नहीं पता।

**पाकिस्तान से मिले धन से बनवा रहा था घर:** राम सिंह ने पाकिस्तान को कई गोपनीय जानकारी व दस्तावेज दिए थे। इसके बदले में उसे पाकिस्तान की ओर से अच्छी खासी रकम मिलती थी। राम सिंह पर लखनऊ के एटीएस थाने में केस दर्ज किया गया है। टीम ने आरोपी से एक मोबाइल, आधार कार्ड, पैनकार्ड, वोटर आईडी कार्ड, डेबिट कार्ड बरामद किए हैं।

**चार महीने पहले छुट्टी लेकर आया था घर :** पिपराइच के रमवापुर का रहने वाला राम सिंह मर्चेंट नेवी में गोवा में तैनात है। मां-बाप का इकलौती संतान है। करीब चार महीने पहले ही वह गोवा से गांव वापस आया था। गुरुवार शाम को पिपराइच पुलिस के साथ एटीएस की टीम उसके घर पहुंची थी। । दो दिन की पूछताछ के बाद रविवार को उसे गिरफ्तार किया गया। इसके बाद लखनऊ लेकर चली आई।

**फेसबुक से हुई थी पाकिस्तानी महिला से दोस्ती:** एटीएस अधिकारी के मुताबिक पूछताछ में राम सिंह ने स्वीकार कि करीब 3 साल पहले फेसबुक के जरिए पाकिस्तानी महिला जासूस कीर्ति कुमारी (फर्जी नाम) से संपर्क में आ गया। दोनों में बातचीत शुरू हुई और फिर यह दोस्ती फेसबुक से व्हॉट्सएप तक पहुंच गई। राम सिंह गोवा शिपयार्ड नेवल बेस में पार्ट टाइम वर्कर के तौर पर भारतीय नौसेना के लड़ाकू जहाजों में इनसुलेशन लगाने का काम करता था।

### बेटा दोषी है तो जरूर करें कार्रवाई

देशद्रोह की गतिविधियों के साथ हनी ट्रैप में बेटे का नाम सामने आने के बाद इकलौते बेटे से मां आहत है। उनका कहना है कि अगर वह दोषी है तो उसे सजा मिलना चाहिए। वह उसकी पैरवी नहीं करेगी भले ही उसका इकलौता बेटा ही क्यों न हो। बेटे को पुलिस जब पकड़कर थाने ले गई तब उसकी मां भी गई थी। करीब चार घंटे की पूछताछ के दौरान मां बाहर बैठी रही। पर जब एटीएस उसे साथ ले जाने लगी तब मां ने पूछा तो पैसे के लेन-देन के साथ लड़की का मामला सामने आया और देशद्रोह से नाता लोगों ने जोड़ना शुरू किया तब से मां एकदम खामोश है।

### आठ माह पूर्व गया था बंगलुरू

ग्रामीणों के अनुसार राम सिंह शुरुआत में गोवा में रहा। इस दौरान वह गोवा शिपयार्ड नेवल बेस में पार्ट टाइम वर्कर का काम करता था। ग्रामीणों ने बताया कि आठ महीने पहले वह बंगलुरू चला गया था। वहीं पर काम करता था। चार महीने पहले वह गांव वापस आया।


रमवापुर में आईएसआई एजेंट राम सिंह का निर्माणाधीन मकान। अमृत विचार

### खाते में लगातार भेजा जा रहा था धन

एटीएस अधिकारी के मुताबिक खुफिया सूत्रों से सूचना मिल रही थी कि आईएसआई के एजेंट फर्जी नामों से भारतीय नौसेना के कर्मचारियों और शिपयार्ड पर काम करने वाले निजी व्यक्तियों के संपर्क में हैं। इन कर्मचारियों को लगातार बहला-फुसलाकर और धन का लालच देकर भारतीय नौसेना से संबंधित गोपनीय एवं संवेदनशील सूचनाएं व दस्तावेज प्राप्त किए जा रहे हैं। इसके लिए इन कर्मचारियों को विभिन्न माध्यमों से धन भेजा जा रहा है। इस सूचना को विकसित करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि राम सिंह एक पाकिस्तानी महिला जासूस के संपर्क में है और पाकिस्तानी एजेंटों द्वारा राम सिंह के बैंक खाते में लगातार धन मुहैया कराया जा रहा है। राम सिंह द्वारा पाकिस्तानी एजेंटों के लिए भारतीय नौसेना व सेना की गोपनीय सूचना दी गई थी। पाकिस्तानी एजेंटों के साथियों को धन उपलब्ध कराया ।

# मेडिकल कोर्स में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगने वाले दो गिरफ्तार

## फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से फैला रखा है नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश व विदेश के नामी कॉलेजों में प्रवेश दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश एसटीएफ ने किया। रविवार को इस गिरोह के दो सदस्यों को लेखराज मार्केट के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से फर्जी दस्तावेज बरामद हुए। दोनों जाली दस्तावेज, अंक पत्र, प्रमाण पत्र, मेडिकल स्टोर के सर्टिफिकेट बनवाकर लाइसेंस भी दिलवाते थे।

एसटीएफ लखनऊ की टीम ने रविवार दोपहर को इंदिरानगर लेखराज मार्केट स्थित उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के पास से दबोचा। एसटीएफ के डिप्टी एसपी अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में देवरिया गठिनाहिया के वार्ड नंबर चार लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास का सचिन मणि त्रिपाठी और गुडंबा के कुर्सी रोड स्थित भीखापुरवा का शिवानंद वर्मा शामिल है।

**फार्मा की डिग्री के नाम पर करोड़ों ठगे :** एसटीएफ अधिकारी ने बताया कि यह गिरोह लोगों को बी-फार्मा, डी-फार्मा की डिग्री देने के नाम पर करोड़ों की ठगी करते थे। गिरोह का सरगना हरिशंकर बरेली का रहने वाला है। हरिशंकर समेत कई अन्य लोग अभी फरार हैं। शिवानंद वर्मा, सरगना हरिशंकर का दाहिना हाथ है। हरिशंकर ही होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक चिकित्सा की फर्जी डिग्री और मार्कशीट तैयार करता था।

**क्लाइंट खोजकर देते थे दोनों :** डिप्टी एसपी के मुताबिक सचिन और शिवानंद क्लाइंट खोजकर लाते थे। पूछताछ में पता चला कि गिरोह के लोगों ने 100 से अधिक लोगों की फर्जी डिग्री तैयार कराया है। गिरोह के सदस्यों के बारे में एसटीएफ की टीम जानकारी हासिल कर रही है। वहीं, इस गिरोह ने कितने लोगों को अब तक ठगा इसकी डिटेल जुटा रही है।

**यह हुई बरामदगी :** डिप्टी एसपी के मुताबिक आरोपियों के पास से 138 कूट रचित मार्कशीट, सर्टिफिकेट व डिग्री, एक लैपटाप, तीन मोबाइल, तीन निर्वाचन कार्ड, दो आधार कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, एक लिफाफे में 54 कूट रचित मार्कशीट और सर्टिफिकेट, 22000 रुपये, एक कार क्रेटा, एक स्मार्ट वाच व कुछ अन्य सामान बरामद हुआ।

**फर्जी ऑफिस बनाकर करते थे गुमराह :** अधिकारियों के मुताबिक लखनऊ के कई इलाके में फर्जी मेडिकल स्टोर होने की शिकायत मिल रही थी। आरोपियों की धर पकड़ के लिए एसटीएफ की एक टीम गठित की गई। शनिवार दोपहर को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, देर रात गाजीपुर थाने में दोनों के खिलाफ ठगी की एफआईआर दर्ज कराई गई।


सचिन मणि त्रिपाठी शिवानन्द वर्मा

### पांच लाख में बनवाते थे डिग्री

एसटीएफ अधिकारी के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि बी-फार्मा, डीफार्मा की डिग्री और मेडिकल स्टोर का लाइसेंस बनवाने के नाम पर पांच लाख रुपये प्रति व्यक्ति लेते थे। तफ्तीश में पता चला है कि उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के कुछ अधिकारी, कर्मचारी और संविदाकर्मी भी गिरोह से मिले हैं। जालसाज उनकी ही मिलीभगत से फर्जी डिग्रियां बनवाते थे। इस संबंध में जांच की जा रही है। पूछताछ में सामने आया कि एक डिग्री के लिए एक लाख रुपये तक काउंसिल के अधिकारियों को देते थे।

### चलाते थे कॉल सेंटर, विदेशों तक फैलाया नेटवर्क

एसटीएफ की तफ्तीश में पता चला कि सचिन 2022 में गोमतीनगर में एक किराए के मकान में काल सेंटर चलाता था। काल सेंटर में कर्मचारी नीट में कम नंबर पाने वाले छात्र-छात्राओं को फोन करते थे। उनका दाखिला विदेश के कालेजों में कराने की बात कहते थे। इसके बाद यूक्रेन, तस्मानियां समेत कई देशों के कालेजों में दाखिला दिलाता था। काल सेंटर बीते साल बंद हो गया था। इसी के जरिए सचिन ने विदेशों में अपने संपर्क बनाए थे। फिर वह जालसाजी करने लगा।

# हादसे में भांजी की मौत, मामा गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा थाना क्षेत्र में विक्रम नगर ओवरब्रिज पर हुआ हादसा

**अमृत विचार:** पारा क्षेत्र में शनिवार रात विक्रमनगर ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक पर बैठी भांजी की मौत हो गयी और मामा गंभीर रूप से घायल हो गए। भांजी बाइक से उछलकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे सिर में गंभीर चोट आई। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

थाना अंतर्गत पिंक सिटी निवासी मानवी सिंह (22) पीजीआई क्षेत्र की एक निजी कंपनी में रिसेप्शनिस्ट थी। शनिवार देर शाम मानवी अपने मामा विकास सिंह के साथ बाइक से घर लौट रही थी। पारा स्थित विक्रमनगर ओवरब्रिज पर पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मानवी उछलकर डिवाइडर से टकरा गई। जबकि विकास भी गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजा। जहां डॉक्टरों ने मानवी को मृत घोषित कर दिया। मानवी के पिता ब्रजभान सिंह सिक्योरिटी गार्ड हैं। परिवार में मां वंदना व भाई प्रबल सिंह हैं।

### कुकरैल नदी में नहाने गया किशोर डूबा, मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुकरैल नदी में रविवार को नहाने गये किशोर की डूब कर मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव निकाला। शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### पीड़िता बोली- बिना मेडिकल आरोपी की कैसे होगी गिरफ्तारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रविवार को गुडंबा थाने में बैठी महिला का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में महिला मुकदमे की विवेचना कर रही दारोगा पर लापरवाही का आरोप लगा रही है। पीड़िता बोल रही है कि उसका मेडिकल कराये बिना आरोपी की गिरफ्तारी कैसे होगी। इंस्पेक्टर गुडंबा नितीश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, पीड़िता बेहरीन में नौकरी करती थी। उसी दौरान सैफुद्दीन नाम के व्यक्ति से संपर्क हुआ था। पीड़िता ने सैफुद्दीन पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद बहरीन पुलिस ने सैफुद्दीन को जेल भेज दिया था। हालांकि आरोपी ने निकाह की बात कही तो समझौता हो गया था। इसके बाद दोनों निकाह कर मुंबई में रहने लगे। वहां पर विवाद हुआ तो मुंबई में शिकायत की थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि गुडंबा क्षेत्र में आरोपी का भाई रहता है। इसलिये आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अब मामले मुंबई पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### वीडियो वायरल की धमकी दे वसूली, दो पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** युवती की अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। युवती ने रविवार को तालकटोरा थाने में प्रेमी और उसके दोस्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। चौक इलाके में रहने वाली युवती का आरोप है कि ठाकुरगंज के मुशाहबगंज निवासी शालू नवाब से उसका तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है। पीड़िता के मुताबिक शालू ने शादी की बात करने के लिए उसे राजाजीपुरम निवासी दोस्त रेहान जमाल के घर बुलाया था। जहां खाना खाने के बाद वह बेहोश हो गई। आरोप है कि बेहोशी के दौरान आरोपितों ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर आरोपित पीड़िता से धन उगाही करते रहे। 5 मई को आरोपितों ने पीड़िता को चौक कोनेश्वर चौराहे पर अपने दोस्त शाहबाज की दुकान पर बुलाया और 10 हजार रुपये की मांग करने लगे। इसके बाद आरोपित 7 मई को पीड़िता के ऑफिस पहुंच गए और वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी तालकटोरा कैलाश दुबे ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है।

### एटीएम कार्ड बदल रुपये पार करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट पुलिस ने एटीएम से रुपये निकालते समय लोगों का डेबिट कार्ड बदल कर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, हिसार निवासी वीरेंद्र, बिट्टू, दीपक कुमार और राहुल को देवा रोड बाबा हास्पिटल के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बाराबंकी के नवाबगंज निवासी भगवती प्रसाद का एटीएम कार्ड बदल 12 हजार और कांशीराम नगर निवासी अवंतिका मौर्या के खाते से 22 हजार रुपये निकालने का जुर्म कुबूल किया। सरगना वीरेंद्र ने बताया कि वह लोग हरियाणा से कार लेकर निकले थे। आगरा होकर लखनऊ पहुंचे। एक होटल में किराये पर रुके। बिना गार्ड वाले एटीएम को चिह्नित कर वारदात की थी। आरोपियों ने दिल्ली और हरियाणा में भी इस तरह की घटनाएं करने की बात कुबूल की। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### दबंगों ने दंपति को सरेराह पीटा, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मलिहाबाद के सैदापुर चौराहे पर कार सवार युवकों ने पति के साथ जा रही महिला को अपशब्द कह दिये। विरोध करने पर दबंगई दिखाते हुए ओवरटेक कर स्कूटर रोकी। पति से हाथापाई करने लगे। बीच बचाव करने आई महिला के पीठ पर कोहनी से वार किया। जिससे वह सड़क पर गिर गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर रविवार शाम को वायरल हुआ। महिला और दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। जानकीपुरम विस्तार निवासी महिला शुक्रवार को आम खरीदने के लिए पति के साथ गई थीं। वापस आते वक्त कार सवार युवकों ने महिला को अपशब्द कहे। पति के विरोध करने पर कार सवार युवकों ने हमला कर दिया। पति के साथ मारपीट होते देख महिला बीच बचाव करने लगी। जिसे नीले रंग की टीशर्ट पहने युवक ने दबोच लिया। बाल से पकड़ कर घसीट कर सड़क पर ले गया। फिर पीठ पर कोहनी से वार कर महिला को गिरा दिया। वह बचने के लिए गुहार लगाती रही। पर, युवक ने तरस नहीं खाया। मारपीट के दौरान राहगीरों ने वीडियो रिकार्ड कर लिया। जो रविवार को सोशल मीडिया में वायरल हुआ। मलिहाबाद फूलचंद्रखेड़ा निवासी महेश कुमार के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर वह दवा लेने क्लीनिक पर गए थे। वापस लौटते वक्त स्कूटर सवार दम्पति ने बेवजह गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। यह आरोपी लगाते हुए महेश ने माल कोतवाली में महिला और उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### सामान समेट रहे चोरों ने मां-बेटे पर किया हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा क्षेत्र के परसादीखेड़ा में अकाउंटेंट के घर ताला तोड़ चोर सामान समेट रहे थे। इस बीच अकाउंटेंट की पत्नी और बेटा घर पहुंच गए। शोर मचाने पर चोर रॉड से हमला कर फरार हो गये। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। इंस्पेक्टर ब्रजेश वर्मा के मुताबिक, परसादीखेड़ा निवासी संदीप अस्थाना नादरगंज स्थित एक फर्म में अकाउंटेंट हैं। शनिवार दोपहर संदीप की पत्नी रजनी घर में ताला बंद कर बेटे आर्यन को स्कूल लेने गईं थी। इस बीच चोर ताला तोड़ मकान में घुसे और अलमारी व बक्से में रखे दो लाख के गहने और नकदी बटोर ली। इस बीच रजनी और आर्यन घर लौटे तो ताला टूटा देख शोर मचाने लगे। पकड़े जाने के डर से चोर रॉड से हमला कर भाग निकले थे। इंस्पेक्टर ने बताया सीसीटीवी कैमरों से आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### महिला से लूट का प्रयास, बदमाशों ने चाकू से किया हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने लूट का विरोध करने वाली महिला पर चाकू से हमला कर दिया। शोर गुल सुन आसपास के लोगों को आता देख बदमाश फरार हो गये। पुलिस बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह के मुताबिक, सेक्टर एफ निवासी शशिकला राय ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 14 मई को बाजार गईं थी। बाजार से इंजीनियरिंग कालेज चौराहे से गौशाला के पास देर शाम करीब 7 .30 बजे पहुंची थीं। इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार दो बदमाश पहुंचे। वह कुछ समझती इससे पहले ही एक बदमाश ने उन्हें पकड़ लिया और दूसरे ने हाथापाई कर चाकू से हमला कर शशिकला के गले से चेन झपटने का प्रयास किया। इससे चेन टूट कर गले में ही फंस गई। इस बीच शोर सुन भीड़ जुटती देख बदमाश भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया बदमाशों के खिलाफ लूट और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। बदमाशों की पहचान के लिये घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं।

# बहन से बात नहीं हो पाने से दुखी भाई ने लगाया फंदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छोटी बहन को लेकर प्रयागराज में रह रही थी मां
- आशियाना में मां, मामा, नाना समेत अन्य पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** आशियाना थाना क्षेत्र में रविवार को छोटी बहन से बात न कर पाने से परेशान छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक, प्रयागराज निवासी जितेंद्र बहादुर सिंह हाईकोर्ट में महाधिवक्ता के पीएस हैं। सैनिक नगर स्थित मकान में वह दो बेटे जितांशु और शिवांशु के साथ रहते हैं। रविवार सुबह बहन से बात नहीं हो पाने से दुखी जीतांशु ने घर पर फंदा लगाकर जान दे दी। जितेंद्र ने बताया कि उनका पत्नी मंजू से विवाद चल रहा है।

### मानसिक बीमार युवक का फंदे से लटका मिला शव

**अमृत विचार, बीकेटी :** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में रविवार को युवक का शव फंदे से लटका मिला। परिजन ने आरोप से इंकार किया है। पुलिस के मुताबिक, थाना अंतर्गत रामपुर देवरई निवासी अनुज (23) लंबे समय से मानसिक बीमार था। रविवार सुबह कमरे से नहीं निकला तो परिजन बुलाने पहुंचे। दरवाजा खट खटाने के बाद भी आवाज नहीं आई तो परिजन तोड़कर अंदर पहुंचे। कमरे में पंखे पर अनुज का शव गमछा से फंदे पर लटका मिला।

### युवक का पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा क्षेत्र में युवक का शव घर के बाहर पेड़ में फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। परिजन ने आत्महत्या का कारण पता होने से मना किया है। क्षेत्र के भपटामऊ निवासी आशीष कुमार ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया रविवार सुबह घर से टहलने निकले। रास्ते में गांव के बाहर पकरिया के पेड़ में गमछा से भतीजे अरविंद रावत (25) का शव फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजन में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतार पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

### घर से निकले युवक का खेत में फंदे से लटका मिला शव

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी क्षेत्र में रविवार दोपहर को युवक ने आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। परिजन ने आत्महत्या का कारण पता होने से मना किया है। पुलिस के मुताबिक, रानी खेड़ा निवासी मोनू (20) ने रविवार सुबह घर से निकला था। दोपहर एक बजे खेतों की तरफ पहुंचे ग्रामीणों ने उसका शव फंदे से लटका देख परिजन को जानकारी दी। घटना पता चलते ही परिजन में कोहराम मच गया, आनन-फानन रोते हुये मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# कुर्सी पर निर्वस्त्र मिला सेवानिवृत्त शिक्षिका का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घर में अकेली रहतीं थी, भाई पहुंचा तब पता चली घटना

**अमृत विचार :** गोसाईंगंज क्षेत्र में टीचर कॉलोनी स्थित घर में रविवार को सेवानिवृत्त शिक्षिका का शव बिना कपड़ों के कुर्सी पर मिला। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

थाना अंतर्गत मलौली गली स्थित टीचर कॉलोनी में रहने वाली सेवानिवृत शिक्षिका चक्रवर्ती यादव (62) के पति चन्द्र प्रकाश यादव की मौत सात वर्ष पहले हो गई थी। उनके परिवार में कोई नहीं था। घर में वह अकेले रहतीं थी। लालकुआं निवासी भाई संजय कुमार ने बताया बहन से फोन पर रोज बात होती थी। रविवार को कई बार फोन मिलाया पर बात नहीं हुई। अनहोनी की आशंका से वह बहन के घर गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाजें देने के बाद भी जवाब नहीं मिला तो पुलिसकर्मियों को बुलाया। इसके बाद छत के रास्ते घर पहुंचे बहन का शव बिना कपड़ों के कुर्सी पर मिला। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया भाई ने आरोप से इंकार किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# बहरीन में धर्म परिवर्तन कराकर किया निकाह, मुंबई में कराया गर्भपात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुडंबा थाने में एफआईआर दर्ज, पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप
- गुडंबा इलाके की युवती बहरीन में निजी कंपनी में करती है काम

**अमृत विचार :** गुडंबा इलाके में रहने वाली युवती से बहरीन में कर्नाटक के युवक ने दोस्ती की। प्रेम जाल में फंसाया, शादी के लिए धर्म परिवर्तन कराया। इसके बाद गर्भवती होने पर मुंबई के एक निजी अस्पताल में गर्भपात करा दिया। पीड़िता की तहरीर पर गुडंबा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। शनिवार को युवती थाने पहुंची। उसने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। इस दौरान पुलिस से उसकी काफी देर तक नोंकझोंक होती रही। जिसका वीडियो शनिवार देर शाम को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें पुलिस कर्मियों पर दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए युवती नजर आई।



गुडंबा इलाके की युवती बहरीन में एक निजी कंपनी में काम करती थी। नौकरी के दौरान उसकी मुलाकात कर्नाटक के सैफुद्दीन से हुई। युवती के मुताबिक सैफुद्दीन ने उससे दोस्ती की। इसके बाद दोनों में प्रेम संबंध हो गए। उसने शादी का भरोसा दिलाकर कई बार दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जल्द शादी करने की बात कहता था।

**अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी :** युवती का आरोप है कि सैफुद्दीन से उसने शादी के लिए कहा। इसके लिए दबाव बनाया तो उसने साफ मना कर दिया। दबाव बनाने पर आरोपी ने उससे धर्म परिवर्तन करने के लिए कहा। युवती ने मना किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी। वहीं चोरी से बनाए गए अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। सैफुद्दीन के दबाव में युवती ने धर्म परिवर्तन किया। जिसके बाद आरोपी ने निकाह कर लिया। कुछ वक्त बाद दोनों मुम्बई आ गए।

### परिवार वालों की मदद से लौटी युवती

बहरीन से वापस आने पर युवती पांच माह की गर्भवती थी। आरोपी ने युवती को मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका गर्भपात करा दिया। तबीयत बिगड़ने पर सैफुद्दीन अस्पताल से भाग निकला। परिवार वालों की मदद से युवती वापस लौटी। जिसके बाद गुडंबा कोतवाली में दो दिन पूर्व मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता के मुताबिक सैफुद्दीन मूल रूप से कर्नाटक का रहने वाला है। वह मौजूदा वक्त में भारत में ही है। लेकिन पुलिस उसके मुकदमे में कार्रवाई नहीं कर रही है। इस बात से नाराज युवती ने गुडंबा कोतवाली पहुंच कर विवेचक से सम्पर्क किया। इसी से जुड़ा एक वीडियो रविवार को वायरल हुआ है।

### मुंबई स्थानांतरित होगा मामला

इंस्पेक्टर नीतिश श्रीवास्तव ने बताया कि युवती के साथ दुराचार की घटना बहरीन में हुई है। वहीं, गर्भपात मुंबई स्थित एक हॉस्पिटल में कराया गया है। यह जानकारी खुद पीड़िता ने दी। उन्होंने बताया कि युवती मौजूदा वक्त में भाई के साथ गुडंबा में रह रही है। तहरीर मिलते ही गर्भपात कराने और धमकी देने की धारा में मामला दर्ज किया गया है। घटनास्थल मुंबई होने की वजह से विवेचना ट्रांसफर की जा रही है।

### मकान का ताला तोड़ तीन लाख का सामान पार किया

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर क्षेत्र में चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया। मेन गेट और अलमारी का ताला तोड़कर गहने और नकदी समेत करीब तीन लाख का सामान पार कर दिया। पुलिस ने पीड़ित को जल्द से जल्द वारदात का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। थाना अंतर्गत मुल्लाही खेड़ा, नटकुर निवासी रामकृपाल लोधी की स्कूटर इंडिया-बिजनौर रोड स्थित मुल्लाही खेड़ा मोड़ के पास मिठाई की दुकान है। रामकृपाल के मुताबिक, सप्ताह भर से वह गांव के मकान में ताला बंद कर दुकान पर ही परिवार सहित रह रह रहे थे। रविवार सुबह मुल्लाही खेड़ा गांव वाले मकान पर पहुंचे। जहां घर के सभी ताले टूटे और सामान बिखरा मिला। अलमारी में रखे करीब ढाई लाख के गहने और 60 हजार रुपये नगद गायब थे। सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल की जांच की। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लगा।

## एक नजर

### राजधानी समेत कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर पूर्व सीमान्त रेलवे के रंगिया मंडल के बरपेटा रोड-पाठशाला रेलखंड के दोहरीकरण के चलते ट्रेनों को बदले मार्ग सें संचालन किया जाएगा। अमृतसर से 24 ,31 मई को चलने वाली 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईंगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी। चंडीगढ़ से 19, 22, 26 और 29 मई को चलने वाली 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस न्यू बोंगाईंगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जाएगी। डिब्रूगढ़ से 01 जून को चलने वाली 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोंगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी।

### फुटओवरब्रिज के अनुरक्षण कार्य के चलते ट्रेनें प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर यार्ड के पूर्वी छोर पर लाइन संख्या 10, 11,12 पर ट्रैफिक पावर ब्लॉक लिया जायेगा। इसके चलते ऐशबाग से 19 से 30 मई तक चलने वाली 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस नकहा जंगल स्टेशन पर रात्रि 11 :22 बजे यात्रा समाप्त करेगी। गोरखपुर से 19 से 30 मई तक चलने वाली 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस नकहा जंगल स्टेशन से तड़के 4 बजे चलाई जाएगी। बनारस से 19 से 30 मई, तक चलने वाली 15104 बनारस-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट स्टेशन पर सुबह 10 :45 बजे यात्रा समाप्त करेगी। गोरखपुर से 19 से 30 मई तक चलने वाली 15103 गोरखपुर-बनारस एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट स्टेशन से शाम 4 :32 बजे चलाई जाएगी।

### ब्लॉक के चलते कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के खलीलाबाद-मगहर खंड के बीच ट्रैफिक, पावर ब्लॉक के कारण ट्रेन संख्या -12512 कोच्चुवेली-गोरखपुर एक्सप्रेस 23 मई को मार्ग में 75 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस 23 मई,8 जून को 25 मिनट, 15707 कटिहार-अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस 07 जून को 55 मिनट, 12492 जम्मूतवी-बरौनी एक्सप्रेस 08 जून, को 110 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। मथुरा जं. से 22 मई एवं 07 जून, को चलने वाली 22532 मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस मथुरा जं. से 150 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। 22 मई को चलने वाली 14010 आनंद विहार टर्मिनल-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस आनंद विहार टर्मिनल से 90 मिनट और आनंद विहार टर्मिनल से 7 जून को चलने वाली 15622 आनंद विहार टर्मिनल-कामाख्या एक्सप्रेस आनंद विहार टर्मिनल से 110 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी।

### महानगर में सर्वर डाउन उपभोक्ता हुए परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर उपकेंद्र पर रविवार शाम 6 :30 बजे सर्वर डाउन हो गया। जिसके चलते लोगों को मीटर रिचार्ज से लेकर बिल जमा करने में खासा परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान लोगों की उपकेंद्र कर्मचारियों से बहस भी हुई। उपभोक्ताओं के अनुसार यहां आए दिन सर्वर डाउन हो रहा है। जिसकी वजह से न तो लोग बिल जमा कर पा रहें है और न ही मीटर रिचार्ज हो पा रहा है। वहीं समस्या के बाबत जेई महानगर ने बताया कि सर्वर डाउन होने की सूचना मेरे पास नहीं है। फिर भी हम मामले को दिखवाकर समस्या को दूर करने का प्रयास करेंगे।

# मंडल के स्टेशनों पर पानी का संकट, टोटियां खराब, यात्री बेहाल

## उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सभी स्टेशनों, ट्रेनों पर रेल यात्रियों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी, उमस, रोजाना तापमान में बढ़ोत्तरी के बीच रेल का सफर यात्रियों को भारी पड़ रहा है। कम दूरी से लेकर लंबी दूरी तक आवागमन करने वाली ट्रेनों में बीच रास्ते पानी खत्म हो जा रहा है। स्टेशनों पर लगी टोटियां अधिकांश खराब पड़ी है।

उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सभी ट्रेनों, स्टेशनों पर रेल यात्रियों को पानी के लिए किसी जंग लड़ने के बराबर जूझना पड़ रहा है। पानी के लिए लंबी लाइन लगने के साथ मारमारी की नौबत भी आ रही है।


चारबाग स्टेशन के दो नंबर प्लेटफॉर्म पर पीने के पानी को लेकर लगी यात्रियों की भीड़।


अमृत विचार

चारबाग स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगी टोटियों में पानी नहीं आ रहा है। जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है वैसे-वैसे स्टेशनों, ट्रेनों में पानी का विकराल संकट बढ़ता जा रहा है। इतनी गर्मी में रेल प्रशासन की ओर से पानी की कोई पर्याप्त व्यवस्था नहीं हैं। मंडल के छोटे स्टेशनों पर तो यात्री बेहाल हैं। ट्रेन से उतरने पर यात्रियों को दूर-दूर तक पानी की टोटियां नहीं दिखाई पड़ती है। जैसे ही लंबी दूरी की ट्रेनें रुकतीं हैं, स्टेशनों पर टोटियों से पानी भरने के लिए मारामारी मच जाती है। स्टेशनों पर प्याऊ तक की व्यवस्था नहीं है। यही हाल रोडवेज बस स्टेशनों का भी है।

सबसे अधिक परेशानी जनरल बोगी के यात्रियों को हो रही है। स्लीपर क्लास और एसी कोच में सफर करने वाले यात्री तो ट्रेन से उतरते ही स्टॉलों से पानी की बोतल खरीद लेते हैं लेकिन गरीब और मध्यम वर्ग के यात्रियों को यात्रा के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सभी स्टेशनों पर पर्याप्त पानी की सुविधा के लिए निर्देश दिये गये है। इसके अलावा स्टेशनों पर लगे स्टॉलो, रेस्टोरेंट पर पानी की खपत बढ़ाने के लिए आईआरसीटीसी को भी पत्र दिया गया है। यात्रियों को पानी की सुविधा के लिए रेल प्रशासन पूरी तरह प्रयासरत है।

-रेखा शर्मा, सीनियर डीसीएम, उत्तर रेलवे लखनऊ

### कुल ट्रेनें

- नियमित ट्रेनें : 140
- मेल एक्सप्रेस : 50
- विशेष ट्रेनें : 36
- रोजाना यात्री : 90 हजार से एक लाख

### गर्मी में रेल नीर की आपूर्ति न होने से बढ़ी समस्या

गर्मी में रेल नीर की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं होने के कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। स्टेशन के विभिन्न स्टॉलों पर रविवार शाम ही रेल नीर खत्म हो गया। मांग के बावजूद रात और सुबह तक आपूर्ति नहीं हुई। आईआरसीटीसी के कर्मचारियों के मुताबिक, पानी नो इंट्री में फंसा हुआ था। शाम 4 बजे छोटे वाहनों से पानी मंगाकर आपूर्ति की गई, इसके बाद राहत मिली।

### दोगुनी हुई पानी की खपत

भीषण गर्मी के कारण रेल नीर की खपत दोगुनी हो गई है। चारबाग स्टेशन पर अप्रैल तक आपूर्ति छह से सात सौ पेटी प्रतिदिन थी, अब 1200 पेटी तक पहुंच गई है। अगले कुछ दिनों में 1400 पेटी प्रतिदिन तक आपूर्ति पहुंचने की संभावना है।

## लंबित समस्याओं को लेकर न्यायालय कर्मचारी संघ की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** न्यायालय के कर्मचारी संघों की प्रांतीय संयुक्त बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय लंबे समय से लंबित समस्याओं का निराकरण न होना रहा। इसी के साथ ही स्वीपर का मासिक वेतन 6 हजार रुपये प्रतिमाह, कार्मिकों का अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण वर्षो से लंबित रहना, संविदा कर्मचारियों का वेतन न बढ़ना और नियमतीकरण न किया जाना आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जुलाई के प्रथम रविवार को न्यायालय कर्मचारी उच्च न्यायालय के समक्ष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के प्रदेश पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष तथा मंडल सचिव उपस्थित रहे। बैठक में नृपेन्द्र सिहं, अनिल श्रीवास्तव, हरि शंकर श्रीवास्तव, कुमकुम, नीलू, बृज किशोर शर्मा, सादिक हुसैन, अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पारा 44 डिग्री, लू के थपेड़ों ने सताया

## भीषण गर्मी के बीच राजधानी की सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ का तापमान रविवार को 44 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार को भी पारा इसी के इर्द-गिर्द रहने वाला है। हवाओं की रफ्तार तेज होगी जिसकी वजह से लू का असर बढ़ जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य मतदान को बढ़ाने का है। रविवार को सड़कों पर सन्नाटा नजर आया।

मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को दिन का पारा 44 और रात का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में तपिश बढ़ने के साथ रविवार से रात के मौसम में परिवर्तन हो गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले कुछ दिन तक रात में भीषण उमस का सामना करना पड़ेगा। शनिवार से पारा 44 के आसपास बना हुआ है। इसका असर रविवार को देखने में आया। रोजाना की अपेक्षा सड़कों पर सन्नाटा रहा। दोपहर में ज्यादातर दुकानों के शटर आधे गिरे नजर आए। चार पहिया वाहनों की आवाजाही रही, लेकिन बाइक और पैदल राहगीर बहुत दिख रहे थे। मौसम की बेरुखी का असर मतदाताओं पर कितना पड़ेगा यह वोटिंग के दौरान नजर आएगा।

**हवाओं की रफ्तार बढ़ाएगी मुश्किल :** मौसम वैज्ञानिक एम दानिश का कहना है कि 21 मई तक तापमान में गिरावट के कोई आसार नही हैं। लखनऊ और आसपार के जिलों में पारा 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। उनका कहना है कि रविवार की अपेक्षा सोमवार और मंगलवार को हवा की रफ्तार बढ़कर 30 से 40 किमी प्रति घंटा हो जाएगी। इससे लू का असर बढ़ जाएगा जो स्वास्थ्य और खेती किसानी के लिए नुकसानदायक होगा।

**14 मई से ऐसे चढ़ना शुरू हुआ पारा :** लखनऊ में मौसम ने 14 मई से बेरुखी दिखाना शुरू किया। मंगलवार को तापमान 40.2 डिग्री था। अगले दिन 1.2 डिग्री बढ़कर 41.2 पर पहुंच गया। चढ़ता हुआ पारा शनिवार को 44.2 डिग्री पर आ गया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले तीन दिन तक तपमान में 1 से 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

**रात में और सताएगी उमस :** न्यूनतम तापमान का असर रात में होने लगा है। रविवार शाम से ही उमस बढ़ने लगी। तापमान 29 डिग्री के आसपास रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि पारे में और भी बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में उमस तेजी से बढ़ेगी। एक दिन पहले शहर का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के करीब रिकार्ड किया गया।

**लंबे समय तक धूप में रहने से बचें :** वैज्ञानिकों के मुताबिक, दोपहर के दौरान अधिक देर तक धूप में रहना बेहतर नहीं है। सिर ढकना उचित रहेगा। दिन के समय लस्सी, छाछ आदि का सेवन पेट और शरीर के लिए लाभकारी रहेगा।




भीषण गर्मी से बचने के लिए छाते का सहारा लेते युवक-युवती, वहीं परिवार का पेट पालने के लिए तेज धूप में ग्राहकों का इंतजार करतीं महिला। अमृत विचार

### लखनऊ और आसपास के लिए येलो अलर्ट जारी

मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, यलो अलर्ट से आशय लू चलने की संभावनाओं से है। सोमवार को लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, बहराइच, बाराबंकी में लू चल सकती है। इसलिए लोगों को पहले से ही सतर्क हो जाना चाहिए। दिन में मतदान के अलावा अगर जरूरी हो तो ही घर से निकलना बेहतर रहेगा। बताया लू से हीट स्ट्रोक और हीट बर्न हो सकता है। इसका असर बच्चों के अलावा बुजुर्गों पर अधिक रहता है। गंभीर बीमारियों की चपेट में आए लोगों को अधिक सजग रहने की आवश्यकता है। पशु और फसलों के लिए भी गर्म हवाएं / लू नुकसान दायक रहेंगी।

### गर्मी की मार, कर रही बीमार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के कारण लोग डायरिया और बुखार की चपेट में आ रहे हैं। एक सप्ताह में बलरामपुर अस्पताल में डायरिया, बुखार के 126 मरीज भर्ती कराए गए हैं। चिकित्सक मरीजों का इलाज के साथ तीमारदारों को गर्मी जनित बीमारियों से बचाव के लिए भी जागरूक कर रहे हैं। बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में हर दिन 10 से अधिक मरीज उल्टी-दस्त व बुखार के मरीज भर्ती हो रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है मरीजों में हल्के बुखार की शिकायत होती है। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण के मुताबिक, 12 -18 मई के बीच इमरजेंसी में बुखार के 74 मरीज भर्ती हुए। 52 मरीज डायरिया की शिकायत पर भर्ती किए गए। लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया गर्मी से प्रभावित करीब 20 से अधिक मरीज भर्ती हैं। इनको उल्टी-दस्त और बुखार की समस्या है। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया गर्मी से प्रभावित होने वाले मरीजों की भर्ती का आंकड़ा हर दिन का करीब पांच से छह का है। अस्पताल में अभी 15 मरीज गर्मी से प्रभावित भर्ती हैं।

#### आज बंद रहेंगी ओपीडी

सरकारी संस्थान-अस्पतालों में सोमवार को ओपीडी का संचालन नहीं होगा। इमरजेंसी सेवाएं संचालित होंगी। बीमार लोगों को इलाज के लिए ओपीडी की बजाए इमरजेंसी जाना होगा।

## दो दिन बंद रहा सर्वर, डीएल न बनने से निराश लौटे आवेदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के चलते संभागीय परिवहन कार्यालय ट्रांसपोर्टनगर और उपसंभागीय परिवहन कार्यालय देवा रोड में सर्वर ठप होने से डीएल नहीं बन पाए। पचासों की संख्या में लर्निंग डीएल की वैधता ही समाप्त होने से लोगों को दोबारा आवेदन करना पड़ेगा। शुल्क भी दोबारा जमा करना होगा।

16,17, मई को परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले आवेदक निर्धारित स्लाट की तारीखों पर आरटीओ कार्यालय पहुंचे। वहां पता चला कि चुनावी तैयारी को लेकर आरटीओ कार्यालय का सर्वर बंद है। सबसे ज्यादा परेशानी उन्हें हुई जिनके डीएल की वैधता 16,17 मई को समाप्त हो गई। उनका डीएल परमानेंट बनने के बजाय लर्निंग भी कैसिंल हो गया। ऐसे आवेदकों को अब फिर लर्निंग डीएल के लिए ऑनलाइन फार्म भरकर ड्राइविंग टेस्ट भी देना होगा। लर्निंग बनने के छह महीने बाद परमानेंट डीएल बन पाएगा।

# राजधानी के कई इलाकों में 5 घंटे गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 20 हजार की आबादी पानी की किल्लत से रही परेशान

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच रविवार को चिनहट के खरगापुर, गोमतीनगर विस्तार के कौशलपुरी, नादरगंज के आजाद नगर चिल्लावा सहित हैदरगंज द्वितीय में पांच घंटे से ज्यादा बिजली संकट बना रहा। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस बीच उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र के कई चक्कर लगाने के साथ अधिकारियों को कई फोन किए। बावजूद इसके, कर्मचारियों ने सप्लाई को सामान्य करने में घंटों लगा दिए। इससे करीब बीस हजार की आबादी बिजली संकट के बीच पानी के लिए दूर-दराज के इलाकों में जाने को मजबूर रही। स्थानीय निवासियों के अनुसार यहां जम्फर और पेटीफ्यूज के आए दिन उड़ने के साथ ओवर लोड हो चुके ट्रांसफार्मर फुंक जाते है। उनको ठीक कराने के लिए अधिकारी के पास समय ही नहीं है।

नादरगंज के आजाद नगर चिल्लावां मे बीती रात 12 बजे बाधित हुई जिसे सुबह 4:30 बजे सामान्य किया जा सका। वहीं गोमतीनगर विस्तार के कौशलपुरी और हैदरगंज द्वितीय में 11 बजे ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी के बाद बिजली की आवाजाही शुरू हुई,जिसे पांच घंटे बाद सामान्य किया जा सका। इस बीच समस्या के निदान के लिए लोगों ने अधिकारियों को कई फोन मिलाए लेकिन किसी ने भी फोन रिसीव नहीं किया। इससे चलते लोगो के सामने पानी की समस्या खड़ी हो गई। इस बीच लोग सप्लाई के सामान्य होने का इंतजार करते रहे। काफी देर बाद आपूर्ति सुचारु की गई।

# मुख्य अभियंता ने उपकेंद्रों पर कूलर लगाने का दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आदेशों को न मानने पर कार्रवाई की दी गई चेतावनी

**अमृत विचार :** ट्रांसगोमती क्षेत्र में सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए मुख्य अभियंता ने रविवार को कई उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें उपकेंद्र अधिकारियों से मतदान में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए किए गए इंतजामों के बारे में जानकारी ली।

मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि उन्होनें जानकीपुरम, जीवीआरए और गोयल उपकेंद्र के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की मौजूदगी और मतदान स्थलों पर की गई बिजली व्यवस्था के बारे में पूरा ब्योरा लिया।

तापमान के बढ़ते ही उपकेंद्र अधिकारियों को ट्रांसफार्मरों के पास कूलर लगाने के लिए आदेश जारी कर दिया गया। उपभोक्ताओं की समस्या के निस्तारण के लिए जेई, एसडीओ को शाम 8 से 12 बजे तक उपकेंद्र पर बैठनें के लिए आगाह किया गया है। विभाग की ओर से जारी आदेशों के न मानने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

## 12 लाख पौधरोपण का लक्ष्य, जून में खोदेंगे गड्ढे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले के ग्रामीण इलाकों को ग्राम्य विकास विभाग 12 लाख पौधरोपण से हराभरा करेगा। विभाग ने कार्ययोजना बना ली है। 1 जून से पौधरोपण के लिए गड्ढे खोदे जाएंगे। पौधरोपण अभियान के तहत ग्राम्य विकास विभाग को 12 लाख पौधों का लक्ष्य मिला है। जो ग्रामीण इलाकों में मनरेगा श्रमिक और ग्रामीणों की सहभागिता से पूरा करेगा। इस माह विभाग स्थलों का चयन करेगा और जून के शुरुआत से मनरेगा के तहत गड्ढे खोदे जाएंगे। जबकि अभियान के तहत जून, जुलाई व अगस्त में लगाए जाएंगे। उपायुक्त रोजगार श्रम सुशील कुमार सिंह ने बताया कि कार्ययोजना तैयार कर रहे हैं। समय से लक्ष्य पूरा करेंगे।


प्रयागराज स्थित मध्य वायु कमान में अफसरों के साथ बैठक करते सीडीएस जनरल अनिल चौहान। अमृत विचार

# सीडीएस ने किया वायु कमान का दौरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संबोधन का वर्चुअल प्रसारण भी किया गया

**अमृत विचार :** जनरल अनिल चौहान पीवीएसएम यूवाईएसएम एवीएसएम एसएम वीएसएम, चीफ आफ डिफेंस स्टॉफ एवं सचिव सैन्य कार्य विभाग (सीडीएस) ने रविवार को प्रयागराज स्थित मध्य वायु कमान (सीएसी) का दौरा किया। एयर मार्शल आरजीके कपूर पीवीएसएम एवीएसएम वीएम, वायु अफसर कमांडिंग इन चीफ, मध्य वायु कमान ने सीडीएस को मुख्यालय में भारतीय वायु सेना की मध्य वायु कमान के परिचालात्मक पहलुओं की जानकारी दी।

इस ब्रीफिंग में भारतीय वायु सेना, भारतीय सेना एवं नजदीकी सेना एवं वायु सेना स्टेशनों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। सीडीएस ने तत्परता एवं सतर्कता के वांछनीय स्तर को बनाए रखने पर जोर दिया। कहा, संयुक्त कौशल को मजबूत करने एवं सशस्त्र बलों के मध्य तालमेल के माहौल को बढ़ावा देने की जरूरत है। संबोधन का वर्चुअल प्रसारण किया गया। इससे पहले उन्होंने 8 अक्टूबर 2023 को वायु सेना स्टेशन बमरौली में आयोजित वायु सेना दिवस परेड के दौरान प्रयागराज का दौरा किया था।

# गालिब की गजलों और कथक की जुगलबंदी पर झूम उठे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गालिब की मुफलिसी, गालिब की बेबसी, गालिब की शराब, सत्ता के इर्द-गिर्द भ्रष्टाचार का जंजाल और शायरी से गालिब की बेइन्तहा मोहब्बत की शानदार तस्वीर बयान-ए-गालिब में देखने को मिली। गालिब की गजलों और लखनवी कथक की जुगलबंदी देखकर लोग झूम उठे। कलाम मिर्जा असद उल्ला खां गालिब का था और इसे आवाज से सजाया था डॉ. प्रभा श्रीवास्तव ने।

संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में हुए इस आयोजन में प्रख्यात कथक नृत्यांगना डॉ. कुमकुम धर के निर्देशन में अदिति थपलियाल, रंजना शर्मा, अनुश्रिता घोष, पार्थवी राय, पीहू और शिवांगी बणवाल ने मिर्जा गालिब की गजलों पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत किया।

बयान-ए-गालिब में मंच को बहुत अच्छे अंदाज में सजाया गया था। मंच के एक कोने में मिर्जा गालिब की वेशभूषा में कुर्सी पर बैठे गालिब के सामने हुक्का भी था और शराब भी। गालिब के सामने सब कुछ उसी दौर का था लेकिन नयापन यह था कि उनकी मेज पर लैपटॉप भी था। ऊंची सी टोपी लगाए गालिब अपनी शायरी की बात भी करते रहे और हालात की भी चर्चा करते रहे। नसीरुद्दीन हैदर ने एक कसीदे पर खुश होकर गालिब को पांच हजार रुपये का इनाम भेजा लेकिन वह इनाम दरबारियों में बंट गया जबकि गालिब के पास न मकान का किराया देने को पैसा था और न ही शराब की ढाई सौ रुपये उधारी चुकाने का ही कोई बंदोबस्त था। नतीजा यह हुआ कि गालिब की गिरफ्तारी हो गई। एक दोस्त ने वह रकम चुकाकर गालिब को छुड़ाया। 73 साल के गालिब कमजोर हो गए थे, पाई-पाई को मोहताज थे, लखनऊ उन्हें रास नहीं आया लेकिन बनारस से उन्हें बड़ी मोहब्बत थी। बनारस शंख वालों का मंदिर है और हम हिन्दुस्तानियों का काबा है।

डॉ. प्रभा श्रीवास्तव की गजल और कथक को संगत देने के लिए सारंगी पर जीशान अब्बास, कीबोर्ड पर रिंकू राज, हारमोनियम पर नमन और तबले पर नितीश शर्मा संगत कर रहे थे।




संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लखनवी कथक की जुगलबंदी दिखातीं महिलाएं। अमृत विचार

### खुद को आधा मुसलमान बताते थे गालिब

गालिब सबसे ज्यादा नाराज दिल्ली से थे। जिस दिल्ली पर फक्र करते थे वह मिट चुकी थी। गालिब खुद को आधा मुसलमान बताते थे। शराब पीते थे लेकिन सुअर नहीं खाते थे। हजारों ख्वाहिशें ऐसी कि हर ख्वाहिश पे दम निकले, बहुत निकले मेरे अरमान लेकिन फिर भी कम निकले। अंग्रेज हुकूमत ने गालिब का घर तो नहीं लूटा लेकिन पुस्तकालय लूट गए। गालिब की शायरी गायब हो गई। एक दिन एक फकीर गालिब की गजल गाता हुआ निकला तो गालिब उसे सुनकर बहुत रोये। रोयेंगे हम हजार बार कोई हमें रुलाये तो।

### एसी की खराबी के बावजूद कुर्सियों पर जमे रहे दर्शक

बयान-ए-गालिब हर लिहाज से शानदार कार्यक्रम था। प्रेक्षागृह खचाखच भरा था। बालकनी में भी सीट खाली नहीं थी लेकिन प्रेक्षागृह के एसी की खराबी ने दर्शकों को पसीने से तरबतर कर दिया। गर्मी बाहर भी थी और भीतर भी। बैठना मुश्किल था लेकिन अच्छी शायरी और अच्छे कथक के लालच में लोग प्रेक्षागृह से बाहर नहीं निकले और कार्यक्रम देखते रहे।

## एक नजर

### देवां क्षेत्र में करंट लगने से बालक की मौत

**अमृत विचार, बाराबंकी :** देवा क्षेत्र में एक किशोर कुछ दिन पूर्व बिछाई गई बिजली की नई लाइन के खंभे पर चढ़ गया जिससे करंट से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग व पुलिस विभाग को घटना की सूचना दी है। कुर्सी के जयगुरुपुरवा निवासी अंश (12) पुत्र बलिराम रविवार को भैंस चराने गया था। लालपुर के निकट नहर की पटरी पर कुछ दिन पहले नई लाइन पर तार बिछाए गए थे तारों में करंट चल रहा था शाम करीब 5 बजे अंश खम्भे पर चढ़ गया ऊपर चढ़ते ही अंश हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नहर पटरी पर मिला युवक का शव

**अमृत विचार, फतेहपुर बाराबंकी :** दो दिन पूर्व मजदूरी करने गए युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में माइनर नहर पटरी पर पड़ा हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक की पहचान कराई तो उसकी पहचान देवा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटवाकला निवासी मोहम्मद रिजवान 42 पुत्र वारिस के रूप में हुई। सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के भाई ताज मोहम्मद ने बताया कि रिजवान मजदूरी का काम करता था। शुक्रवार को इसरौली में लगने वाली मंडी में गया था। जहा से वह हरखड़ा निवासी राम नरेश के खेत में काम करने गया था। जिसके बाद शाम से वह लापता हो गया। तब से उसकी तलाश की जा रही थी।

### रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी के घर से लाखों रुपये की चोरी

**अमृत विचार, हरदोई :** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम सभा कुकुही के रामनगर में रेलवे विभाग में सेवानिवृत ट्रॉली मैन के यहां शुक्रवार की रात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर घर में रखे 20 लाख की कीमती ज्वेलरी व तीन लाख 50 हजार की नकदी चोरी कर ले गए। कोतवाली कछौना के ग्राम सभा कुकुही के ग्राम रामनगर में रेलवे से सेवानिवृत कर्मचारी ट्रॉली मैन श्री कृष्ण निवास करते हैं। शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने घर के दरवाजे को तोड़कर घर में रखे कीमती जेवर सुतिया चांदी दो, करधनी चांदी तीन, कंगन सोने के छह, पायजेब चार चांदी की, कमर बिछुआ चांदी के तीन, एक जोड़ी पायल, तीन सोने के हार, सात अंगूठी सोने की, मांग बिंदी दो आदि जिनकी कीमत 20 लाख रुपए व नकदी तीन लाख 50 हजार रुपए उठा ले गए।

# एलएलबी छात्र की कार पर फायरिंग, तीन पर रिपोर्ट

## दो दोस्तों के साथ जाते समय मटियारी ओवरब्रिज पर वारदात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** चिनहट क्षेत्र के मटियारी ओवरब्रिज पर रविवार रात कार से आए हमलावरों ने एलएलबी छात्र की कार पर फायरिंग कर दी। ओवरटेक कर कार रोकने के बाद करीब छह राउंड गोलियां चलाईं। इससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। चुनाव ड्यूटी की तैयारियों में लगी पुलिस को वारदात की भनक तक नहीं लगी। सोशल मीडिया पर कार में गोलियां धंसी होने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई। देर रात पीड़ित पक्ष ने थाने में प्रार्थना-पत्र देकर तीन छात्रों को नामजद कराया है।

मूलतः देवरिया निवासी सतपाल सिटी लॉ कॉलेज से एलएलबी कर रहे हैं। रविवार रात करीब 10 बजे कार से वह दोस्त पूनम और कृष के साथ मटियारी ओवरब्रिज पर पहुंचे थे। तभी एक स्विफ्ट डिजायर कार ने ओवरटेक किया। सतपाल कुछ समझते, उससे पहले ही कार से उतरे हमलावरों ने घेराबंदी कर फायरिंग कर दी। सतपाल की कार के शीशे, गेट और मडगार्ड पर गोलियां लगी। अंदर दुबक कर सतपाल और उसके दोस्तों ने जान बचाई। इसके बाद हमलावर कार में बैठ कर भाग निकले। सेरराह फायरिंग से सतपाल दहशत में आ गए। फोन कर परिचितों को बुलाया। एसीपी विभूतिखंड अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि कार पर गोली चलाई गईं थी। सतपाल ने प्रार्थना-पत्र दिया है। इसमें रंजिश में शेखर, नितिन कुंडी और अमित चौधरी पर हमला करने का आरोप है। एसीपी ने बताया कि जानलेवा हमला का मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### फायरिंग से ओवरब्रिज पर दुबके राहगीर



सोमवार को मतदान होने वाले मतदान को लेकर पुलिस सर्तकता है। इस बीच मटियारी ओवरब्रिज पर फायरिंग की घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। फायरिंग की आवाज सुन लोग डर कर दुबक गये। हमलावर कार को घेर कर फायरिंग कर रहे थे इससे राहगीरों में खौफ फैल गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि हमलावर भी एक कॉलेज में पढ़ते हैं। दोनों गुटों के बीच काफी दिनों से तनाव है। इसके चलते यह घटना हुई।

# मेट्रो ट्रेन के कोच से उठा धुंआ, यात्री निकलकर भागे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जांच में ब्रेक शू ओवर हीट होना निकला कारण

**08** मिनट में फाल्ट सही कर ट्रेन की गई रवाना



**अमृत विचार :** यूपीएमआरसी की ओर से संचालित लखनऊ मेट्रो में घटना होते बाल-बाल बची। मुंशी पुलिया से एयरपोर्ट जा रही मेट्रो शनिवार को जैसे ही बादशाहनगर स्टेशन पर पहुंची तो उसके एक कोच से अचानक तेजी से धुआं निकलने लगा। यात्रियों को लगा कोच में आग लग गई। चीख पुकार के साथ हड़कम्प मच गया। मेट्रो ऑपरेशन टीम ने मेट्रो को रुकवा दिया। कोच के सभी यात्री बाहर आ गए। स्टेशन पर मेट्रो का इंतजार कर रहे यात्री भी सहम गए। हालांकि मेट्रो कर्मियों ने धुआं निकलने की वजह पता लगाकर उसे दुरुस्त कर दिया।

मेट्रो डीजीएम पंचानन मिश्रा के मुताबिक बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन पर चलती मेट्रो के एक कोच में धुआं उठने से हड़कम्प मच गया। आग लगने का अंदेशा समझ कर यात्रियों में भगदड़ मच गई। आनन-फानन यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। मेट्रो कर्मियों ने महज आठ मिनट में ब्रेक को मैनुअल सही कर मेट्रो को आगे के लिए रवाना कर दिया गया।

यूपीएमआरसी के जनसंपर्क विभाग की ओर से दिये गए बयान में बताया कि मेट्रो में आग नहीं लगी है। ब्रेक शू के ओवर हीट होकर जाम होने से धुआं निकला था। यात्रियों की सुरक्षा से लेकर किसी भी असुविधा नहीं हुई है। मेट्रो संचालन पर भी इसका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा।

## असलहे के दम पर लूटने वाले सात गिरफ्तार

**अमृत विचार, बाराबंकी :** असलहे के दम पर लूट की घटना को अंजाम देने वाले सात लुटेरों को सतरिख पुलिस टीम ने रविवार को गिरफ्तार कर लूटे गये सामान को बरामद कर लिया। पूरा मामला सतरिख क्षेत्र के गांव भटौली कला का है। गांव के एक घर में सात लुटेरों ने असलहे के दम पर घर में घुस कर लूट कर घटना को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार द्वारा बनाई गई टीम ने मुखबिरों और सूत्रों के आधार पर रविवार को मुनीम उर्फ मनीष यादव, सुल्तान अहमद, हरीराम रावत, सुमित कुमार श्रीवास्तव, यश गुप्ता, राजीव कुमार, अविनाश कुमार अनमोल ईंट भट्ठे के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए लुटेरों के पास से पुलिस ने तीन मोटर साइकिल, तमंचा व 35 हजार रुपये की नकदी बरामद की।

# सॉल्वर बैठाने वाले पर एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा पास करने के लिए साल्वर बैठाने वाले अभ्यर्थी के खिलाफ विभूतिखंड कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। इसका खुलासा दस्तावेज मिलान के दौरान हुई थी।

इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया कि 17 मई को पिकप भवन में डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान तीन संदिग्धों को पकड़ा गया था। जिनमें फिरोजाबाद निवासी अनूप कुमार के अलावा आशीष और सुदर्शन शामिल थे। तीनों ने साल्वर की मदद से ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा पास की थी। डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान चयनित अभ्यर्थियों के बॉयोमिट्रिक और आयरिस मिलान नहीं हुआ। गड़बड़ी सामने आने पर आशीष और सुदर्शन को पकड़ कर पुलिस को सौंपा गया था। वहीं, अनूप भाग निकला था। जिसके खिलाफ यूपीएसएसएससी प्रवर वर्ग सहायक विभाग के ऋषभ कुमार ने एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

### दो हो चुके हैं गिरफ्तार

प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में आजमगढ़ के सुदर्शन और प्रयागराज के आशीष को शुक्रवार शाम को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि आरोपी अनूप वहां से भाग निकला था। सुदर्शन और आशीष पर भी एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। पुलिस दोनों की जल्द रिमांड लेकर साल्वरों के कुंडली जुटाएगी।

## मवेशी चराने गई छात्रा की गर्रा नदी में डूबकर मौत

**अमृत विचार, हरदोई :** घर से भैंस चराने निकली 11 वर्षीय छात्रा गर्रा नदी में नहाने लगी, उसी बीच वह उसमें डूब गई, उसकी सहेलियों के बताने पर वहां गोताखोरों को लगाया गया, काफी देर तक चले ऑपरेशन रेस्क्यू के बाद उसका शव बरामद किया जा सका। बताया गया है कि रविवार कीसुबह लोनार थाने के जनियामऊ निवासी स्वामी दयाल की 11 वर्षीय पुत्री सिद्धि गांव के प्राथमिक विद्यालय में पांचवी की छात्रा थी। रविवार की सुबह वह गर्रा नदी के किनारे अपनी भैंस चरा रही थी, उसकी सहेलियां भी थी। बताते है कि सिद्धि नदी में नहाने लगी, उसी बीच वह गहरे पानी में डूब गई, उसकी सहेलियों के शोर करने पर काफी लोग दौड़ पड़े। गोताखोरों को बुलाया गया, वहां पुलिस की मौजूदगी में चलाए गए ऑपरेशन रेस्क्यू के दौरान उसका शव बरामद किया गया।

# आग से फटा गैस सिलेंडर दुकान का सामान खाक

संवाददाता, काकोरी

- किचन में केबिल में शार्ट सर्किट से लगी थी आग
- दमकल कर्मियों ने मशक्कत से पाया आग पर काबू



**अमृत विचारः** दुबग्गा के बसंतकुंज आश्रयहीन कॉलोनी में रविवार दोपहर 1 बजे मकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने बाहरी हिस्से में संचालित मिठाई दुकान को भी चपेट में ले लिया। इस बीच किचन में रखा गैस सिलेंडर फट गया। दुकान में कोई मौजूद नहीं था, इसलिये जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग से लाखों का सामान जल गया।

चौक एफएसओ पुष्पेंद्र यादव के मुताबिक आश्रयहीन कॉलोनी के मकान संख्या 41/4 बरावन खुर्द में आग लगी थी। मकान भूपेंद्र श्रीवास्तव का है। दोपहर करीब 1 बजे की घटना है। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों से मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। भूपेंद्र ने बताया किचन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। आग के कारण किचन में रखा सिलेंडर भी आग की चपेट में आने से फट गया।

फिलहाल जनहानि नहीं हुई। एफएसओ पुष्पेंद्र ने बताया कि भूपेंद्र श्रीवास्तव के मकान के अगले हिस्से में मिठाई की दुकान थी। आग से दुकान में रखा करीब चार लाख का सामान जल कर खाक हो गया।

# हैलो...बेटे को छुड़वाना है तो 40 हजार रुपये दो

संवाददाता, हरदोई

- रेप मामले में फंसे प्रतिष्ठित कारोबारी के बेटे के परिजनों को साइबर ठगों ने किया फोन

**अमृत विचार।** साइबर ठगी करने वालों ने अपने कारनामे का रंग और चोखा करने के लिए खाकी की आड़ ले रखी है। सच्चाई का पता होते ही पुलिस के भी कान खड़े हो गए।

प्रतिष्ठित व्यापारी निरंकार गुप्ता के बेटे मुकेश गुप्ता को कॉल करते उन्हें बताया कि उनका बेटा उदय गुप्ता रेप के आरोप में पकड़ा गया है। अगर 40 हज़ार रुपये जमा करोगे तो छूट जाएगा, नहीं तो उसे जेल भेज दिया जाएगा। पूछने पर उसने खुद को पुलिस की क्राइम ब्रांच का अफसर बताया। आगे कोई कदम उठाया जाता, उससे पहले ही व्यापारी ने पहले अपने बेटे से बात कर ली, जिससे वह ठगी का शिकार होते-होते बच गए।

बताते है कि सेठ निरंकार नाथ गुप्ता के बेटे मुकेश गुप्ता कोतवाली गेट पर मशीनरी स्टोर की दुकान चलाते है। मुकेश गुप्ता का बेटा उदय गुप्ता शहर के जयपुरिया स्कूल में पढ़ता है। मुकेश का कहना है कि रविवार की दोपहर वह अपनी दुकान पर बैठा था, उसी दौरान उनके मोबाइल पर एक व्हाट्स अप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस अफसर बताया और कहा कि सदर हरदोई के क्राइम ब्रांच से बोल रहे हैं। उसने कहा कि उनके बेटे का नाम उदय है। वह एक लड़की के साथ हुए रेप के आरोप में पकड़ा गया है। बात आगे बढ़ती उससे पहले घर वालों ने सीधे उदय को कॉल कर ली, तो उदय ने बताया कि वह बिल्कुल ठीक है। वह किसी रेप के आरोप में नहीं पकड़ा गया है। अपने घर मोहल्ला मिश्राना लोहिया धर्मशाला के निकट ही है। इसके बाद साइबर ठग ने फिर से कॉल की और उनसे कहा कि वह 40 हज़ार रुपये जमा करें। इस बारे में एसएचओ धर्मदास सिद्धार्थ ने बताया कि फर्जी कॉल है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे जागरुक होकर इस तरह की किसी भी फर्जी कॉल पर पैसे न दें।

## 80 साल की वृद्धा से दुष्कर्म आरोपी को खोज रही पुलिस

**अमृत विचार, हरदोई :** 80 साल की बुज़ुर्ग अपने घर में अकेली रह रही थी। उसी बीच वहां चोरी के इरादे से घुसे युवक ने वहशीपन की सारी हदें तोड़ते हुए बुज़ुर्ग महिला को दबोच लिया और जबरन रेप करने लगा। इतना ही नहीं उस युवक ने बुज़ुर्ग को मार डालने के लिए तकिए से उसका मुंह दबा दिया। शुक्रवार की रात कछौना कोतवाली के एक गांव में हुई इस तरह की घटना से सनसनी फैल गई। इसका पता होते ही एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार व सीओ बघौली अंकित मिश्रा गांव पहुंचें और वहां वारदात के बारे में पड़ताल की। एएसपी पूर्वी का कहना है कि फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। मामला कछौना कोतवाली के एक गांव का है। वहां की 80 साल की बुज़ुर्ग के पति की पहले ही मौत हो चुकी है। बेटे परदेश में ही मज़दूरी करते हैं, वह घर में अकेली रहती थी। शुक्रवार की रात गांव का एक युवक नशे की हालत में चोरी के इरादे से घर में घुस गया। उसने वहां सो रही बुज़ुर्ग महिला को बुरी नीयत से दबोच कर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक की इस हरकत से गांव में हड़कंम मचा रहा। एएसपी पूर्वी व सीओ बघौली ने सारे की पड़ताल की। एयुवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है, उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई है।

# दूसरे दिन भी तेंदुए का नहीं लगा सुराग

संवाददाता, मलिहाबाद



तेंदुएं की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन अधिकारी। अमृत विचार

- जिला वन अधिकारी सहित मुख्य वन संरक्षक ने छानी खाक
- वीडियो वायरल होने के बाद घरों में दुबके ग्रामीण

**अमृत विचार :** कस्बे में तेंदुए की चहलकदमी का वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग इलाके की खाक छान रहा है। बावजूद इसके वन विभाग के हाथ किसी वन्यजीव के पद चिन्ह नही मिले है। जिससे इस बात की पुष्टि हो सके कि मलिहाबाद रेंज में तेंदुए ने दस्तक दी है। हालांकि शनिवार रहीमाबाद थाना अंतर्गत मवई कला में चहल कदमी करते तेंदुए की वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीण घरों में दुबक गए हैं।

**पूर्व में उड़ चुकी है अफवाहः** दरअसल, दिसम्बर 2021 मलिहाबाद रेंज के माल रामपुर गढ़वा गांव में तेंदुए की अफवाह तेजी से उड़ी थी। वन विभाग और माल पुलिस ने करीब दो हफ्ते तक कांबिंग की लेकिन संयुक्त टीमों को कोई सफलता नहीं मिली थी। फिर वर्ष 2022 में रहीमाबाद के फतेहनगर जमुलिया निवासी कमला पर किसी वन्यजीव ने हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों में हिसक जानवर का भय पैदा हो गया था। इसी के बाद जनवरी 2024 को माल के कोलवा सहित खकरा में नहर प्रसाद की हिंसक जानवर के हमले से गाय की मौत हो गई थी।

इस संबंध में रेंजर आलोक तिवारी ने बताया कि वन विभाग द्वारा टीम गठित कर लगातार निगरानी की जा रही है। कहीं पग चिन्ह नहीं मिले है। वरिष्ठ जिला वन अधिकारी सितांशु पांडे सहित मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है। सभी ग्रामीणों को सजग रहने के निर्देश दिए गए है। रेंजर आलोक तिवारी के अनुसार वीडियो की अभी पुष्टि नही हो सकी है। पूर्व में हुई घटनाओ में भी तेंदुए का होना नही पाया गया है। पग चिन्हों के अनुसार लकडबग्घा या भेड़िये का होना पाया गया है।

# सीएचसी पर जनरेटर को डीजल के लिए बजट नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिजली कटौती पर प्रसव कक्षों में नहीं चल पाते एसी, कुछ देर में ठप होते इन्वर्टर

**अमृत विचार :** सभी नगरीय तथा ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे जनरेटर के मेंटिनेंस और डीजल का बजट नहीं उपलब्ध कराया जा सका। ऐसे में बिजली कटौती पर जनरेटर नहीं चल पा रहे। इनवर्टर बैकअप नकाफी है। नतीजा बिजली कटने पर प्रसूताओं व उनके तीमारदारों को गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है।

जिले में 19 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) संचालित हैं। एक केंद्र पर प्रतिदिन औसतन 4 से 5 प्रसव कराए जाते हैं। सीएचसी पर इस समय गर्मी जनित बीमारियों के मरीज भी भर्ती हो रहे हैं। बिजली कटौती में प्रसुताओं और मरीजों को गर्मी से बचाने के लिए इन्वर्टर व जनरेटर की व्यवस्था तो है लेकिन मार्च से जनरेटर मेंटिनेंस व डीजल के लिए बजट नहीं मिला है।

> बिजली कटौती होने पर पर्याप्त इंतजाम हैं। रुके बजट जल्द जारी कर दिए जाएंगे। फिलहाल किसी केंद्र से कोई शिकायत नहीं है।
>
> – डॉ. मनोज अग्रवाल, सीएमओ

कैसरबाग रेडक्रॉस सीएचसी में तैनात कर्मचारी ने बताया कि बिजली कटने पर दो-तीन घंटे इन्वर्टर चलता है। एक जनरेटर से ऑक्सीजन प्लांट चलता है। मरीजों के लिए लगा जनरेटर नहीं चलता। इसके लिए एक वर्ष से डीजल का बजट नहीं मिल रहा है। सर्विस भी नहीं कराई गई है। कुछ दिन पहले सीएचसी अधीक्षक ने रोगी निधि के बजट से डीजल मंगवाया है।

सिल्वर जुबली सीएचसी में भर्ती प्रसूता ने बताया कि रात में बिजली कटने पर इन्वर्टर से थोड़ी देर पंखा ही चलता है। एसी न चलने से गर्मी के कारण नवजात को रैशेज की समस्या हो गई है। हजरतगंज स्थित नवल किशोर सीएचसी में रितेश पाण्डेय ने बताया कि पत्नी तीन दिन से भर्ती है। बिजली जाने पर इन्वर्टर से केवल केवल पंखा ही चलता है। मलिहाबाद सीएचसी के अधीक्षक डॉ. अपूर्व भटनागर के मुताबिक मार्च से बजट नहीं आया है। किसी तरह से डीजल का इंतजाम किया जा रहा है। बीकेटी सीचसी प्रभारी डॉ. जेपी गुप्ता ने बताया कि बीकेटी में छह और इटौंजा में आठ इन्वर्टर लगे हैं। जनरेटर के लिए 60 लीटर डीजल की फिलहाल व्यवस्था है। जल्द बजट नहीं मिला तो दिक्कत हो जाएगी।

### इस तरीके से किया जा रहा इंतजाम

डीजल का बजट मार्च में क्लोजिंग होने के बाद से बंद है। हर महीने 15 हजार रुपये एनएचएम की ओर से जनरेटर के लिए दिया जाता था। रोगी निधि की धनराशि से आकस्मिक घटनाओं और मेंटेनेंस का खर्च लिया जाता है। रोगी निधि का बजट साल में दो बार ढाई लाख की किस्त में आता है। कुछ सीएचसी पर रोगी निधि बजट से ही कभी-कभी जनरेटर चला लिए जाते हैं। उसके चलाने की वजह और समय सहित रिकॉर्ड मेंटेन करना होता है। इसके अलावा कुछ सीएचसी पर यूजर चार्जेस के बजट से डीजल मंगवाया जा रहा है।

## टड़ियावां ब्लॉक में 40.22 लाख का गबन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि गांवों में विकास के लिए केन्द्र से भेजे गए एक रुपये में से सिर्फ 15 पैसे ही वहां तक पहुंचते है, लेकिन वह 15 पैसे भी डकार लिए जाए तो फिर विकास का दावा करना बेईमानी लगेगा। टड़ियावां ब्लॉक में हुए भ्रष्टाचार के एक मामले में से यह बात एक बार फिर सच साबित हो गई है।

जानकारी के अनुसार यहां तैनात एक सचिव के पास पांच-पांच ग्राम पंचायतें है। सचिव ने मनरेगा हो या फिर केन्द्रीय और पंचम वित्त आयोग के पैसों में दिल खोल कर खेल किया, उसने अपने भांजे की फर्म और एक रिश्तेदार के खाते में लाखो रुपयो का भुगतान कराते हुए तकरीबन 40 लाख 21 हज़ार रुपयों का घोटाला कर अच्छे-अच्छों को चौका दिया है। सचिव के पास नानकगंज ग्रंट, बहर, बेहटा चांद, रामनगर और आशा ग्राम पंचायत का चार्ज है। साथ ही एडीओ पंचायत की भी ज़िम्मेदारी दे रखी गई है। सचिव ने शासनादेश को ताक पर रखते हुए विकास के रुपयो से न सिर्फ अपनी जेबें भरी बल्कि अपने भांजे और रिश्तेदार को भी मालामाल कर दिया। उसने शासनादेश जिसमें कहा गया है कि पंचायती राज से जुड़े लोगों का कोई नज़दीकी या रिश्तेदार की कंपनी, फर्म, आपूर्तिकर्ता या वेण्डर का काम नहीं कर सकता है, लेकिन फिर भी उस सचिव ने अपने भांजे की फर्म आदित्य कंस्ट्रक्शन ट्रेडर्स के अलावा उसके और रिश्तेदार के बचत खातों में वित्तीय वर्ष-2022-23 और 2023-24 में मनरेगा, केन्द्रीय और पंचम वित्त आयोग से मनरेगा, इंटरलाकिंग के करोड़ों रुपयों का भुगतान करा दिया। की गई शिकायत में किए गए भुगतान के बारे मे सारे आकड़ों का सारा लेखा-जोखा दिया गया है, लेकिन अगर फिर भी शिकायत सच्ची न लगे तो बड़ी आसानी से ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर ऑनलाइन पेमेंट स्टेट्स पता लगाया जा सकता है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### निघासन में साबुन देने के बदले में घूस लेते फार्मासिस्ट का वीडियो वायरल

संवाददाता, निघासन (लखीमपुर): निघासन स्थित पशु चिकित्सालय में यदि आर सरकारी दवा लेने के लिए पहुंच रहे हैं तो दवा के बदले रकम भी चुकानी पड़ सकती है। क्योंकि यहां पशु डॉक्टर होने के बावजूद फार्मासिस्ट समेत उनके चहेते ईलाज के बदले वसूली करते नजर आएंगे। जूंसफा साबुन के बदले फार्मासिस्ट का रिश्वत लेते एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक अपने पालतू कुत्ते को नहलाने के लिए फार्मासिस्ट सियाराम राना से नॉट फॉर सेल जूसफा साबुन लेता है। साबुन देने के बदले में फार्मासिस्ट ने युवक से 100 रुपए का नोट लिया और पर्स को खंगाला। उसमें छुट्टा रुपए न होने से पास ही खड़े कर्मचारी को नोट पकड़ाते हुए 20 रुपए वापस करने को कहते सुनाईदे रहा है। इतने में ही किसी युवक ने फार्मासिस्ट की वीडियो कैमरे में कैद कर ली।

### संदिग्धहाल में युवती की मौत, हत्या का आरोप

नवाबगंज (गोंडा), अमृत विचार: नवाबगंज थाना क्षेत्र के चौबेपुर के चक रसूल गांव की रहने वाली एक युवती की रविवार को इलाज के दौरान संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। मृतका की मां गांव के ही चार लोगों पर उसकी बेटी को लाठी डंडों से पीट-पीट कर मार डालने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि जहरीला पदार्थ खाने से युवती के मौत की जानकारी मिली है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के चौबेपुर के चक रसूल गांव की रहने वाली नन्ही देवी ने बताया कि उसका गांव के ही केवल यादव के परिवार से जमीन भूमि विवाद चल रहा है। शनिवार को जब वह घर से बाहर गयी थी तब केवल यादव ने अपनी पत्नी व दो बेटियों के साथ उसके घर आ धमका। घर पर उसकी बेटी मालती (19) व शिवांगी (7) मौजूद थी।

# ट्रक में भिड़ी वोल्वो, दो लोगों की मौत

## तीन घायल, हायर सेंटर रेफर, रौनाही थाना क्षेत्र में सुबह हुआ हादसा

सोहावल /अयोध्या


दुर्घटनाग्रस्त बस को क्रेन से किनारे करवाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह एक वातानुकूलित वोल्वो बस सड़क किनारे खड़े मोरंग लड़ी ट्रक में जा भिड़ी। हादसे में ट्रक के क्लीनर और बस सवार एक यात्री की मौत हुई है, जबकि बस चालक समेत तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना रौनाही थाना क्षेत्र में सोहावल स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट हुई।

नागालैंड प्रांत में पंजीकृत एक वातानुकूलित वोल्वो बस जयपुर से यात्रियों को लेकर गोरखपुर की ओर जा रही थी। सुबह लगभग साढ़े छह बजे रौनाही थाना क्षेत्र में सोहावल स्थित ओवरब्रिज से उतरते ही पेट्रोल पंप के निकट स्थित ढाबे के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में जा भिड़ी। घटना के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से पांच गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। सुबह घायलों को जिला अस्पताल लाए जाने पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने दो लोगों को परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया, जबकि अस्पताल प्रशासन ने सिराज (52) पुत्र इदरीश निवासी बीरऊपुर कोतवाली नगर जिला बस्ती, कपूरचंद्र (50) पुत्र जगदीश कुमार निवासी जयपुर कोतवाली नगर जिला जयपुर, राजस्थान और धर्मेंद्र कुमार (26) पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी गोपालपुर थाना कुमारगंज को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। मृतकों में ट्रक क्लीनर की पहचान छोटू दूबे (19) पुत्र पट्टर दूबे निवासी चिड़िया डांड जिला बहराइच तथा मृतक यात्री की पहचान जितेंद्र (40) पुत्र संत प्रसाद निवासी चार पाना खुर्द थाना बेलीपार जिला गोरखपुर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह का कहना है कि ट्रक में टक्कर के चलते दो लोगों की मौत हुई है।

# मोहिनी एकादशी: लाखों भक्तों ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या कार्यालय


राम मंदिर में दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु।। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनगरी में मतदान से पहले श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। रविवार को मोहिनी एकादशी थी। इसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। राम मंदिर में राम लला का दर्शन पूजन किया। आशीर्वाद लिया।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद से शनिवार और रविवार को ज्यादा भीड़ होती है। अवकाश के चलते बड़ी संख्या में लोग राम मंदिर में पहुंच राम लला का दर्शन पूजन करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि मोहिनी एकादशी पर भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर देवी-देवताओं को अमृत पान कराया था। अयोध्या में विराजमान भगवान रामलला भी भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं। इसिलए रविवार को भक्तो की बारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही दर्शन के लिए लाइन लग गई। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि मोहिनी एकादशी पर बड़ी संख्या में भक्तों ने रामलला का दर्शन किया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी का सिर मुंड़वाया, दी यातना

सदरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** दहेज की मांग पूरी न होने के कारण पति ने अपनी पत्नी को पीटा और विरोध करने पर पत्नी का सिर मुड़वाकर उसे यातना दी। परिजनों ने पीड़िता को थाने ले जाकर तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पति को हिरासत में ले लिया है।

मानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला ने थाना सदरपुर में तहरीर देते हुए बताया है कि उसकी शादी रिजवान के साथ तीन वर्ष पूर्व हुई थी। पीड़िता के घरवालों ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन पति और उसके घरवाले मिले दहेज से संतुष्ट न होकर और दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पति रिजवान पीड़िता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। पति गुस्से में घर आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर पत्नी को बुरी तरह लात घूंसों, लाठी-डंडों से मारा और बाल काटने की मशीन से पीड़िता का सिर के बाल काट दिये। आरोप है कि बदचलन का ताना देते हुए उसे यातना दी। परिजनों ने पीड़िता को थाने लाकर तहरीर दी। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया है कि तहरीर मिली है। संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### चुनाव ड्यूटी को निकले सहायक समाज कल्याण अधिकारी की मौत

बेलसर, गोंडा, अमृत विचार: चुनाव ड्यूटी में घर से निकले सहायक समाज कल्याण अधिकारी की मौत हो गई है। गोंडा के पंडरी कृपाल में उनकी तैनाती थी। हरदोई जनपद के थाना सदर के कुतवापुर निवासी विजय कुमार वर्मा की मृतक आश्रित कोटे में 2014 में नियुक्ति हुई थी। वर्तमान में विजय कुमार वर्मा की तैनाती गोंडा के पंडरी कृपाल ब्लॉक में सहायक समाज कल्याण अधिकारी के पद पर थी। लेकिन बेलसर ब्लॉक उन्होंने आवास बना रखा था। वह अपनी पत्नी रिश्ता राय व सात साल की बेटी के साथ रह रहे थे। पत्नी रिश्ता राय ने बताया कि शनिवार को पति विजय कुमार वर्मा की तबियत खराब हो गई थी। उन्होंने गोंडा के डा जीके सिंह से दवा लिया था। दवा खाने के बाद तबियत ठीक हो गई थी। सुबह करीब नौ बजे बाइक से ड्यूटी के लिए निकले थे। विजय कुमार की निर्वाचन में पीठासीन अधिकारी के पद पर चुनाव में ड्यूटी लगी थी।

# देश-प्रदेश के विकास के लिए भाजपा जरूरी

- सांसद मेनका संजय गांधी ने कादीपुर में की नुक्कड़ सभा

कादीपुर, सुलतानपुर


कादीपुर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करतीं सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सांसद मेनका गांधी ने कहा कि सुलतानपुर के लोगों को अपना परिवार समझा है। एक मां के रूप में हमेशा आपके बीच रहकर आपके दुख दर्द का निवारण कर रही हूं। लेकिन मां को मजबूत होना भी जरूरी है और वह मजबूती आपके वोट में है। यदि आप मुझे मजबूत करेंगे तो अपनी मां को मजबूत करेंगे। जिससे वह आपके क्षेत्र और आपका विकास कर सके। सांसद ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में कभी भी किसी की जाति बिरादरी धर्म नहीं पूछा क्योंकि परिवार में एक मां सबको एक समान देखती हैं। जिनके पास आवास नहीं थे उनको प्रधानमंत्री आवास दिलाया। जिनके घर में पानी नहीं था उनके लिए पानी की व्यवस्था कराई। यहां तक की विदेश में यदि किसी की मौत हुई तो समय से उसके वतन की मिट्टी भी दिलाने का काम किया। सांसद मेनका गांधी ने रविवार कादीपुर विधानसभा क्षेत्र की कई नुक्कड़ सभा में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मेरा रिश्ता इस जिले से बहुत पुराना है। लेकिन मां का रिश्ता तबसे बना जब यहां पर वरुण ने चुनाव लड़ा था। नुक्कड़ सभाओं को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल आदि ने भी संबोधित किया। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी ने कादीपुर विधानसभा के पलिया गोलपुर, कटसारी, मगरावां, भटौता, वहबुद्दीपुर, रामपुर दुबायल, उनुरखा, कुंदा भैरोपुर, महमूद नगर एवं कलान में स्थित पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित सभाओं में शामिल हुई। इस मौके पर विधानसभा संयोजक आनंद द्विवेदी, सहकारी बैंक अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री राजेश सिंह, रवींद्र त्रिपाठी, भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, प्रधान पलिया गोलपुर नीरज पांडेय, कोटेदार शचींद्र मोहन पांडेय, मोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक पवन पांडेय को सुप्रीम कोर्ट से मिली पैरोल

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** बहुचर्चित जमीन कांड में कई महीनों से जेल में बंद बाहुबली पूर्व विधायक पवन पांडेय को सुप्रीम कोर्ट से इलाज के लिए चार सप्ताह की पैरोल मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि पवन पांडेय को केजीएमयू में इलाज के दौरान समुचित सुरक्षा व्यवस्था/स्कॉर्ट मुहैया कराया जाए। पैरोल के दौरान पूर्व विधायक पर किसी भी राजनीतिक व्यक्ति से मिलने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केजीएमयू प्रशासन को पवन पांडेय के इलाज के बाद संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पूर्व विधायक पवन पांडेय ने हाईकोर्ट से राहत न मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट में बीमारी का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। याचिका को बतौर पैरोल याचिका मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पवन पांडेय को इलाज के लिए चार सप्ताह का पैरोल दिया है।

**जेलर बोले :** वहीं मामले में जेलर गिरजाशंकर यादव से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि पवन पांडेय के मामले में अभी तक कोई भी निर्देश नहीं आया है। न ही हमें पैरोल के बारे में कोई जानकारी है।

### एयरफोर्स कर्मी का शव मिला हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता, कानपुर, अमृत विचार: रविवार सुबह सचेंडी थाने से दो सौ मीटर की दूरी पर सड़क किनारे एयरफोर्स कर्मी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। हत्या का आरोप लगाते हुए परिजनों का कहना था कि वह अपने साथ नकदी, बैग में जरूरी सामान लेकर निकले थे, जो उनके पास नहीं मिला। उनके शरीर पर फफोले पड़ गए थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोयला नगर राधापुरम निवासी 50 वर्षीय हरी प्रसाद राठौर चकेरी में एयरफोर्स में एमटीएस के पद पर कार्यरत थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार को वह घर से 15-20 हजार रुपये और बैग में एटीएम, पासबुक, आईकार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर निकले थे लेकिन रात तक लौटे नहीं। उनका फोन भी बंद बताता रहा। रविवार सुबह चचेरे भाई रोहित राठौर ने हरी प्रसाद का शव थाने से कुछ दूरी पर मिलने की बात बताई। बताया कि उनके शरीर पर फफोले पड़े हुए थे।

# भाजपा ने गरीबों व दलितों को दिया सम्मान : संजय निषाद

जलालपुर, अंबेडकरनगर



अंबेडकरनगर में रीतेश पाण्डेय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते संजय निषाद। अमृत विचार

अमृत विचार। गरीबों, दलितों व शोषितों को भाजपा ने सम्मान देने का कार्य किया है। इससे पूर्व अन्य सरकारों ने छलने का कार्य किया, अब इनके झांसे मे कोई फंसने वाला नहीं है। उक्त बातें निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने भाजपा प्रत्याशी रीतेश पान्डेय के समर्थन मे आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए खानपुर हुसैनाबाद लखनिया बाग मे कही।

उन्होंने विपक्षियों पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा निषाद अन्य सहयोगी दलों के सभी कार्यकर्ताओं ने बंदूक की ताकत दिखाने वालों को खत्म करते हुए कमल को जिताया है इस बार भी जिताएंगे। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कि सरकार ने महिलाओं की तरक्की के लिए अनेक योजनाएं चलायी है, जिसका लाभ सीधे मिल रहा है। इस बार पुनः भाजपा सरकार बनाने वाली है। इसी वजह से विपक्षियों के पेट मे दर्द शुरू हो गया है। मुझे 302 का मुलजिम फर्जी बनाया तथा जेल में डालकर हत्या करने का प्रयास किया। लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडेय ने कहा कि आपके परिवार का बेटा हूं। भाजपा ने मुझ पर जिस तरह से आशा और विश्वास कर लोक सभा का प्रत्याशी बनाया है। उसे आपके आशीर्वाद और समर्थन से ही जीत में बदला जा सकता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आने वाली 25 मई को अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए ,अपने सपनों को साकार करने के लिए कमल के फूल पर वोट देकर भाजपा की सरकार बनाए। विधानसभा संयोजक अनन्तराम मिश्र के संयोजन एंव निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय निषाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। विधानसभा मीडिया संयोजक विकाश निषाद लोकसभा प्रभारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह,विधायक अंकुर राज तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश यादव, किमो जिलाध्यक्ष रामकिशोर राजभर, ब्लॉक प्रमुख त्रिभुवन नाथ , राम अचल निषाद, प्रेम बहादुर निषाद, प्रेम शीला यादव, माखनलाल निषाद, शीतल रानी, सुनील गुप्ता, राजाराम मौर्य, ,निषाद पार्टी के जिला,विधानसभा,मंडल पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला जज के डिप्टी नाजिर की सांड़ ने पटककर ले ली जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


देवेंद्र कुमार यादव।

**अमृत विचार।** जिला जज के डिप्टी नाजिर को मार्निंग वॉक पर जाते समय सांड ने घसीट-घसीटकर सड़क पर पटककर मार डाला। एक महिला को भी उसी सांड़ ने उठाकर पटक दिया जिसका इलाज मंधना के अस्पताल में चल रहा है। कल्याणपुर आईआईटी नानकारी निवासी 58 वर्षीय देवेन्द्र कुमार यादव जिला जज के यहां डिप्टी नाजिर के पद पर कार्यरत थे। परिवार में पत्नी मीना और तीन बेटे शिवम सिंह, शशीकांत और रविकांत हैं। उन लोगों ने बताया कि रोज की तरह रविवार सुबह वह मार्निंग वॉक पर गए थे। नानकारी में सांड़ ने उन्हें दौड़ाकर पटक दिया। सांड़ ने उन्हें तीन बार सड़क पर सींगो से उठाकर पटका। यह देखकर वहां पर राहगीरों और मार्निंग वॉकरों में भगदड़ मच गई। कुछ राहगीरों ने हिम्मत जुटाकर लाठी-डंडों से सांड़ को पीटा और पानी डालकर भगाया। वहां से गुजर रहे इलाके के पंकज तिवारी ने देवेंद्र यादव को पहचानकर सूचना परिजनों को दी। मौके पर रविकांत और अन्य परिजन पहुंचे और लहूलुहान हालत में उन्हें कल्याणपुर के निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि देवेंद्र को मारने के कुछ देर बाद उसी सांड़ ने एक महिला को उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे मंधना स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने डिप्टी नाजिर के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी और अधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई है।

# प्रतापगढ़ में मेड़ काटने के विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

लालगंज प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** खेत की जुताई करने के दौरान मेड़ काटने के विवाद में युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गयी।

लीलापुर के हरिहरपुर सिंधौर गांव के रहने वाले 45 वर्षीय अब्दुल रज्जाक अपने बड़े भाई वहाजुद्दीन के साथ घर के बगल में सुबह करीब साढ़े आठ बजे धान की नर्सरी डालने के लिए अपने ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे । तभी पड़ोस के रहने वाले शाहरुख खान व सोहेल पुत्र अब्दुल मजीद, सलीम उर्फ सल्ले पुत्र अब्दुल हमीद, जाहिद उर्फ सोनू पुत्र अनवर से कहासुनी होने लगी तभी मृतक की 10 वर्षीय भांजी रुक्सार मामा के यहां ही रहती थी,वह खेत के पास आई तो आरोपी उसे मारने लगे, बीच- बचाव करने गए अब्दुल रज्जाक पुत्र स्व. मेहनाजुद्दीन को पड़ोस के शाहरुख पुत्र अब्दुल मजीद ने अवैध असलहे से कनपटी पर गोली मार दी जिससे वह जमीन पर गिर गया। मृतक के बेटे ने पुलिस को तहरीर दी कि सोहेल, सलीम उर्फ सल्ले व जाहिद उर्फ सोनू अवैध असलहे से वहाजुद्दीन व रुक्सार पर अंधाधुध फायरिंग करने लगे किसी तरह छिपकर जान बचायी। पिटाई से रुक्सार का हाथ टूट गया, चोटें भी आई हैं।

# राहुल और अखिलेश बच्चा हैं, हम उनके चाचा हैं: राजभर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर


जनसभा को संबोधित करते ओमप्रकाश राजभर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एनडीए के साथी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर रविवार को अंबेडकरनगर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीट एनडीए जीतने जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान कर रितेश पांडे को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में इस बार गरीबों को मुफ्त बिजली मिलने जा रही है। अखिलेश यादव और राहुल गांधी के राजनीतिक अनुभव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि अगर यह दोनों बच्चा है तो हम उनके चाचा है। अखिलेश के बारे में उन्होंने कहा कि पिता के विरासत में मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन अब पूर्वांचल में उनकी दाल नहीं गलने वाली है।

# मलेशिया-सिंगापुर को भी भायी कानपुर की लेदर ज्वैलरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


लेदर के झुमके। अमृत विचार


कई डिजाइनों के उत्पाद।


तरह-तरह के लेदर प्रोडक्ट हैं।

- शहर के कारोबारियों को मिला तीन करोड़ रुपये का ऑर्डर, 17 इकाइयां बनाएंगी उत्पाद
- ग्रेटर नोएडा में हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में मिले थे खरीदार, सैंपल हुए फाइनल

**अमृत विचार।** शहर की लेदर ज्वैलरी मलेशिया और सिंगापुर के लोगों को भी लुभा रही है। खासतौर पर कान की बाली और ब्रेसलेट को वहां पर काफी पसंद किया गया है। सैंपल फाइनल होने के बाद शहर के कारोबारियों को लगभग तीन करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। ऑर्डर देने वालों ने ग्रेटर नोएडा में पूर्व में हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में यहां के उत्पादों को परखा था।

मलेशिया और सिंगापुर में पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले बाजार की खरीदारी शुरू हो गई है। पर्यटकों की लिवाली के लिए दोनों देशों के कारोबारियों ने शहर को लेदर ज्वैलरी का ऑर्डर दिया है। ऑर्डर की सप्लाई नवंबर तक पूरी करनी है। पहली खेप अगले महीने से जाना शुरू होगी। शहर के कारोबारियों को मिले ऑर्डर में 'लेदर नेक्लेस', 'लेदर हेयर क्लिप', 'लेदर की कान की बाली' व 'लेदर ब्रेसलेट' शामिल हैं। कारोबारियों ने बताया कि यह ऑर्डर शहर के अलग-अलग 17 कारोबारियों को लाभ पहुंचा रहा है। पहली खेप जून के पहले सप्ताह में रवाना होगी। कारोबारियों ने बताया कि यह ऑर्डर पिछले साल ग्रेटर नोएडा में लगे इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान डिस्प्ले किए गए उत्पादों को मिले हैं। सना इंटरनेशनल एक्जिम के निदेशक डॉ. जफर नफीस व एचएन लेदर के निदेशक मोहम्मद हशीमुद्दीन ने बताया कि यह ऑर्डर छोटे कारोबारियों के लिए संजीवनी बनकर आए हैं। पिछले काफी समय से वैश्विक हालात को देखते हुए यूरोप और यूके का बाजार कमजोर रहा था। सिंगापुर व मलेशिया से मिले ऑर्डर छोटे कारोबारियों को लाभ पहुंचाएंगे।

### हाथ के बने उत्पाद हैं

- कारोबारियों ने बताया कि ऑर्डर हाथ के बने उत्पादों के हैं। इसमें मोटे धागों की सिलाई और काले व भूरे रंग के चमड़े में विपरीत रंग के धागों का प्रयोग किया गया है। उत्पादों में राजस्थानी थीम की डिजाइन उकेरी गई है। उत्पाद को बनाने में मशीन का प्रयोग नहीं किया गया है।

### चीन से छिन रहा बाजार

- निर्यातकों ने बताया कि पिछले तीन महीने में दो ऑर्डर चीन के कारोबारियों से छीन चुके हैं। यह दोनो ही ऑर्डर हाथ के बने उत्पादों के हैं। निर्यातकों ने बताया कि चीन के कारोबारियों का मशीन पर अधिक निर्भर होना अब वहां के कारोबारियों के लिए घातक बन रहा है। चमड़े के वैश्विक फैशन में कोरोना के बाद आए बदलाव में अब हाथ के बने उत्पाद अधिक पसंद किए जा रहे हैं।

### बच्चों ने पढ़ाया मतदाता जागरूकता का पाठ



लखनऊ, अमृत विचार: आदिज्योति सेवा समिति के बक्शी का तालाब शाखा के बच्चों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोनवा गांव के लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया। अभियान में ऐशबाग के स्लेट एंड चॉक पाठशाला में पढ़ रहे बच्चों ने भाग लिया और साथ ही आसपास के लोगों को मतदान करना जरूरी है इसके बारे में बताया। यह जानकारी संस्था अध्यक्ष ज्योति एवं शिक्षिका पूनम गौतम ने दी।

### बसपा छोड़ कांग्रेस में गए पूर्व मंत्री डा. ओमप्रकाश

सुलतानपुर, अमृत विचार: मेडिकल ऑफिसर की नौकरी छोड़ दो दशक से बसपा की सक्रिय राजनीति करने वाले जिले के जाने माने चिकित्सक व पार्टी के प्रदेश महासचिव डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी ने बसपा को अलविदा कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। जयसिंहपुर (अब सदर) विधानसभा के निवासी होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी ने 2001 में मेडिकल ऑफिसर की नौकरी छोड़कर बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। पार्टी ने उन्हें वर्ष 2002 में हुए विधानसभा चुनाव में सुलतानपुर सदर विधानसभा सीट से चुनाव भी लड़ाया था। इस चुनाव में स्थानीय समीकरण के चलते 22,129 मत पाकर वे चौथे स्थान पर रहे। चुनाव हारने के बाद भी उनका कद पार्टी में कम नहीं हुआ और बसपा मुखिया ने उन्हें ओएसडी बना लिया। बदलते राजनीतिक परिदृश्य में बसपा की सरकार अल्प समय में गिरने के बाद सपा ने प्रदेश में सरकार बनाई, लेकिन डॉ. त्रिपाठी बसपा की सक्रिय राजनीति से जुड़े रहे।

सन्तोषस्त्रिषु कर्तव्यः स्वदारे भोजने धने।
त्रिषु चैव न कर्तव्योऽध्ययने जपदानयोः॥

व्यक्ति को अपनी ही पत्नी से संतोष कर लेना चाहिए, चाहे वह रूपवती हो अथवा साधारण, वह सुशिक्षित हो अथवा निरक्षर-उसकी पत्नी है यही बड़ी बात है।

## संपादकीय

# वृद्धि की राह पर भारत

भू-राजनीतिक स्थितियों की वजह से उथल-पुथल के दौर में भारत ने स्वयं को जिस तरह हालात के अनुसार ढाला, उससे स्पष्ट हो गया कि भविष्य में वैश्विक बाजार को आकार देने में भारत मुख्य भूमिका निभाएगा। वास्तव में भारत दशक की सबसे बड़ी वृद्धि की राह पर है। चीन, जापान और यूरोपीय देशों में बढ़ती उम्र वाली आबादी के विपरीत भारत की आबादी बढ़ रही है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास की वजह से भारत में ऊर्जा की मांग बहुत ज्यादा है। दीर्घावधि में 1-2 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचने से पहले प्राथमिक ऊर्जा मांग अगले 10 वर्षों में सालाना 3-4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अहम सवाल यह है कि क्या भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है और किस हद तक? भारत ने काफी सावधानी से क्षेत्रीय जटिलताओं, चीन के साथ अपने संबंधों और इंडो-पैसेफिक क्षेत्र की रणनीतियों के मद्देनजर अपनी स्वायत्त नीति को बरकरार रखा। इसमें कोई शक नहीं कि भारत का ऊर्जा व्यापार क्षेत्र रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बड़े स्तर पर प्रभावित हुआ है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है, खासकर तेल और गैस के मामले में।

ऊर्जा असुरक्षा बहुआयामी है, इसलिए जीवाश्म ईंधन से चलने वाली ऊर्जा प्रणाली से सौर, पवन, बायोमास, हाइड्रोजन आदि जैसी नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों में संक्रमण से जुड़ा एक सर्वव्यापी समाधान समय की मांग है। नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली न केवल ऊर्जा प्रणालियों की सामर्थ्य, सुरक्षा का वादा करती है, बल्कि वे टिकाऊ भी हैं। अधिक लचीली, समावेशी और स्वच्छ ऊर्जा प्रणाली बनाने में नवीकरणीय ऊर्जा एक निर्विवाद भूमिका निभाती है। भारत ने हाल के वर्षों में अपनी ऊर्जा आपूर्ति में विविधता ला दी है। यह वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और गैस आधारित अर्थव्यवस्था, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से अपने ऊर्जा परिवर्तन को पूरा कर रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति सरकार की बिना शर्त प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप, नवीन नीतियों और प्रोत्साहनों के साथ भारत ने धीरे-धीरे ऊर्जा के अधिक नवीकरणीय स्रोतों (सौर, बायोगैस, आदि) सहित हरित ऊर्जा परिदृश्य के लिए मंच तैयार किया है। भारत अभी भी अपनी 80 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा जरूरतों को मुख्य रूप से तीन ईंधनों: कोयला, तेल और बायोमास से पूरा करता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष की छाया वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्पष्ट रूप से दिख रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भारत के व्यापक आर्थिक परिदृश्य और ऊर्जा क्षेत्र पर काफी प्रभाव डाला है। इसलिए भारत को अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है।

# विद्रोह और आतंकवाद में वैचारिकी का फर्क

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे, लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलत: एक कौम नहीं है, बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं, लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं।

भगत सिंह के पैटर्न पर वैसा ही कारनामा कोई आज अगर करे तो? जैसे कि सांडर्स को गोली मार देना और पार्लियामेंट हाउस में सिर्फ धमाका पैदा करने और धुंआ फैलाने वाला बम फेंकना। क्या ऐसा करना 'देशभक्ति' होगी या आतंकी कार्रवाई? अभी कुछ दिन पहले भारतीय संसद में ऐसा हो ही गया था। इससे पहले 13 दिसंबर सन् 2001 को संसद भवन पर आतंकियों के हमले से यह घटना अलग उद्देश्य और तरीके वाली थी। सन् 2018 के जून महीना से लेकर अक्टूबर 2023 के बीच देश में कुल 119 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इन सबका मकसद अलग रहा। इनमें जनजातीय हिंसक घटनाएं भी शामिल हैं। विभिन्न प्रकार के जनांदोलनों को भी कमतर समझ के लोग आजकल 'आतंकी' कार्रवाई मानते हैं।

भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे, लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलतः एक कौम नहीं है, बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं, लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं। पिछले तीन सौ सालों से ब्रिटिश ताज पर जर्मनी के हैनोवर वंश के लोगों का अधिकार है। स्कॉटलैंड बहुत बाद में इंग्लैंड के साथ मिला और बाद में आयरलैंड के उत्तरी हिस्से को भी जीतकर मिला लिया गया। अब यह यूनियन ऑफ इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और आयरलैंड अर्थात् यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के राष्ट्रीय ध्वज को मिलाकर ही यूनियन जैक बना। 12 अप्रैल 1606 को इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच इस शाही संघ का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक नया झंडा एक शाही डिक्री में निर्दिष्ट किया गया था जिसके अनुसार इंग्लैंड का झंडा, एक सफेद पृष्ठभूमि पर एक लाल क्रॉस, जिसे सेंट जॉर्ज क्रॉस के रूप में जाना जाता है और झंडा स्कॉटलैंड, नीले रंग की पृष्ठभूमि पर एक सफेद साल्टायर (एक्स-आकार का क्रॉस या सेंट एंड्रयूज क्रॉस), इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के ध्वज में शामिल हो था। इंग्लैंड के या यूरोप के इतिहास में सामंतशाही का युग बहुत ही क्रूरतापूर्ण रहा है। ग्रेट ब्रिटेन में विक्टोरियन एरा ही उन्नति का युग रहा जब अनेक क्षेत्रों में तरक्की होने के कारण ब्रिटिश

> म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई, लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

लोग अपने टापुओं को छोड़कर साहसी नौवहन की परंपराओं से जुटाई गई जानकारी और संसाधनों के बल पर दुनिया के बहुत से इलाकों पर काबिज हो गए और एक एंपायर खड़ी कर लिया। क्रूरता और टेक्नोलॉजी खासतौर से फायरआर्म्स के बिना यह कैसे संभव था? अंग्रेजों ने भारत में संगठित और अनुशासित ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना के जरिए भारत की उन अनेक रियासतों को युद्ध में झोंककर और इन्हें जीतकर 'ब्रिटिश इंडिया' क्रिएट किया। इन्हें 'विजित प्रदेश' कहा गया और बहुत से इलाकों को 'सरंडर्ड टेरिटरी' कहा गया। भारत में इन्हीं तत्वों ने अंग्रेजों को हम पर बढ़त दी। पहले से कमजोर और डगमगाए हुए मुगल शासन को अंग्रेजों ने एक ही वार में ध्वस्त कर दिया, लेकिन यह आतंकी कार्रवाई नहीं कही गई। यह चकित करने वाली बात हमें इतिहासकार बताते हैं। एक अंग्रेज़ ने ही ऐसी किताब लिखी है जिसमें अंग्रेजों द्वारा भारत में मिलिट्री या पुलिस का इस्तेमाल करके जुल्म करने की पूरा विवरण एक समयक्रम से दर्ज है।

टुकड़ों में बंटे हुए भारत का अंग्रेजों ने री-यूनिफिकेशन किया। गलत और सही का सवाल उठाए बिना तथ्यों के आधार पर इतिहास को देखना चाहिए और ऐसा सोचने से कि 'वह नहीं होता तो यह होता', कोई लाभ नहीं। 'हिस्ट्री इज नॉट ए सिमुलेशन ऑफ सिचुएशंस'। ऐसे में अगर ब्रिटिश एडमिनिस्ट्रेशन ने भगत सिंह को एक टेररिस्ट कहा तो उस समय की सोच और सिर्फ ब्रिटिश हित या 'इंडियन एंपायर' को ध्यान में रख कर कहा और आज के जमाने में माओवादियों, नक्सलियों, खालिस्तानियों और कश्मीर में सक्रिय आतंकी गुटों को आतंकी कहना इसलिए उचित है कि वे भारत में अमन चैन को ही अस्त-व्यस्त नहीं करते, बल्कि भारत की अखंडता पर आघात करते हैं। भावना किसकी उचित है, किसकी नहीं यह शासनकर्ताओं के मिजाज पर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से एक संप्रभु रहने वाली और राष्ट्रीयता के नाम पर एकजुट कौमों की सर्वोपरि इच्छा पर निर्भर है। अंग्रेजी राज के दौर में भी भारत सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से मोटे तौर पर एक 'संप्रभु' राष्ट्र रहा, लेकिन राजनैतिक संप्रभुता या प्रभुसत्ता किसी और अर्थात् सम्राज्यवादी अंग्रेजों के पास थी। इन अंग्रेजों में से 95 प्रतिशत से अधिक स्कॉटलैंड के थे या फिर एंग्लो-इंडियंस। इतिहास के किन्हीं पन्नों में दर्ज है कि भारत में अंग्रेजी हकूमत स्कॉट्स के बिना असंभव थी और इसे डाटकर रखना और भी मुश्किल। राजनैतिक प्रभुसत्ता की इच्छा और ताकत को साम्राज्य की कॉलोनी में अगर कोई चैलेंज करता है तो उसे निश्चित रूप से टेररिस्ट या आतंकी ही कहा जाएगा, ऐसा साम्राज्यवादियों के शब्दकोष में दर्ज होता है। संप्रभुता का हनन करने वाले के विरुद्ध अगर हिंसा का इस्तेमाल करते हुए जो भी मारा जाता है, उसे 'मार्टेयर' या देश पर प्राण न्योछावर करने की स्थिति में वीरगति होना या शहीद होना कहा जाता है। इसलिए इस बिंदु पर गौर करने के लिए हमें हिस्ट्री ऑफ टेररिज्म को देखना चाहिए। यह भी कि टेररिज्म और 'आर्म्ड रेजिस्टेंस फॉर फ्रीडम' के परिदृश्य में 'रेवलुशन' के नियम और आदर्श कैसे फिट बैठते हैं।

माओवादी और खालिस्तानी हों या श्रीलंका में लिट्टे तमिलियंस और कश्मीर के जिहादी इन्हें किसी भी माने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा खड़ी की गई आजाद हिंद फौज की स्थापना और मकसद की 'आइडियोलॉजी' से नहीं मापा जा सकता। मूल्यांकन का पैमाना ही मौलिक अंतर पैदा करता है, लेकिन सबसे अहम होती है संगठन की ताकत। स्टेट या राज्य के संगठन की ताकत अगर अधिक है या बड़ी है तो वह विरोधी को कुचल देती है। बेशक सुभाष चंद्र बोस की या लिट्टे के प्रमुख प्रभाकरन की 'आइडियोलॉजी' कितना भी सही क्यों न रही हों। अर्थात् गलत आइडियोलॉजी के साथ अगर ब्रिटिश लोग भारत पर अधिपत्य जमा कर बैठे रहे तो उन्हें किसी भी उपाय से देश से निष्काषित करना आइडियोलॉजी के अनुसार उचित है, यह बीसवीं सदी के दूसरे और तीसरे दशक के भारत के परिदृश्य में देखना होगा। यह या ऐसी आइडियोलॉजी किसी और रूप में भी सक्रिय होती है और हुई है। जैसे मोहनदास करमचंद गांधी का उदय और इनका क्रमशः विकास या पॉलिटिकल एव्ल्युशन जिसकी नींव अहिंसा और रचनात्मक विरोध न विद्रोह पर आधारित रही थी। गांधी जी कभी पॉलिटिकल व्यक्तित्व थे ही नहीं। वे हमेशा सोशियो पॉलिटिकल रहे और ब्रिटिश हकूमत को यह अहसास दिलाकर कि भारत पर उनका कब्जा खुद उनकी अपनी नैतिकता और ब्रिटिश लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर, उनके अपने पॉलिटिकल थिंकर्स की थ्योरीज और आइडियोलॉजीज के मुताबिक गलत और अनैतिक है, स्वाधीनता की ओर ले गए थे।

अराजकता (एनार्की), सशस्त्र विद्रोह या काउंटर टेररिज्म दुनिया के लिए नई बात नहीं है। आतंकवाद के इतिहास पर इसकी उत्पत्ति और क्रमशः विकास के बारे में हमारे पास सैंकड़ों की संख्या में आज पुस्तकें हैं। वैश्विक मानव थ्योरीज हमेशा से ही स्वतंत्रता को सर्वोपरि मानती रही है चाहे कबीलाई युग रहा हो, वर्तमान की लोकतांत्रिक या निरंकुश सरकारें या नाजायज सरकारों को चैलेंज करने वाली विद्रोही सेनाएं जो अनेक मुल्कों में, खासतौर से अफ्रीकी देशों सक्रिय हैं।

क्या पॉलिटिकल थ्योरिस्ट्स विद्रोह को क्रांति या क्रांति को बाद में विद्रोह कह सकते हैं? उदाहरण के लिए सन् 1857 में हिन्दुस्तान में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के लंबे समय से चले आ रहे अत्याचार पूर्ण रवैये, घोर अन्याय और शोषण के विरुद्ध ही तंग आकर भारतीयों ने सशस्त्र विद्रोह किया जिसे अंग्रेजों ने 'सीपाय म्युटिनी' कहा। भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा गया। म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई, लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

भारत को स्वाधीन करने के लिए आतंकी उपायों का समर्थन गांधी जैसे युगपुरुष ने कभी नहीं किया, लेकिन आइडियोलॉजी के अंतर्गत भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को आम मुआफी (जनरल रेप्रीव) के लिए क्यों विचाराधीन न रखा गया, यह एक रहस्य ही बना रहेगा।

## प्रसंगवश

# राम मंदिर पर बुलडोजर

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

चुनाव प्रचार चरम पर है। इसके साथ-साथ प्रचार का स्तर भी उत्तरोत्तर घटिया होता जा रहा है। ऐसे में बड़े नेता को पुष्ट आधार वाली ही बातें कहनी चाहिए न कि निराधार, उत्तेजना फैलानी वाली कटूक्तियां। बाराबंकी, फतेहपुर, हमीरपुर आदि की जनसभाओं में कहा गया है कांग्रेस अयोध्या के निर्मित हो रहे राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस ने ऐसा अपने घोषणा पत्र में कहा है? यदि नहीं तो ऐसा आधारहीन भाषण देकर सनसनी क्यों फैलाई जा रही है? बुलडोजरों से निर्माणों के ध्वस्तीकरण की परंपरा तो भाजपा ने डाली है और वाराणसी में विकास और नव निर्माण के नाम पर तमाम मंदिर गिराए भी गए हैं। जिस अयोध्या मंदिर का पूरा श्रेय लिया जा रहा है। वहां बाबरी मस्जिद के रहते रामलला का श्री विग्रह तो 23 दिसंबर, 1949 में ही प्रतिष्ठित कर दिया गया था, जब प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू थे। यह आधार न पड़ गया होता, तो बाद की कार्रवाईयां, मुकदमें बाजी, मस्जिद ध्वस्तीकरण आदि होता कैसे? गुजरात के सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार सरदार पटेल के प्रयासों से ही हुआ और ज्योतिर्लिंग स्थापना 11 मई, 1951 को डॉ. राजेन्द्रप्रसाद ने की थी। ये लोग कांग्रेसी ही थे। पुस्तक "फ्रीडम ऐट मिड नाइट" में उल्लेख है कि आजादी की रात राजेंद्र बाबू के दिल्ली आवास पर हवन हो रहा था। इस पुस्तक के लेखक अंग्रेज थे, कांग्रेसी नहीं। जवाहरलाल नेहरू ने अपनी वसीयत में लिखा था कि मरणोपरांत उनके शरीर की भस्म का एक भाग वायुयान से भारत की भूमि पर और शेष संगम (इलाहाबाद) में विसर्जित कर दिया जाए। उनकी पुस्तक "डिस्कवरी ऑफ इंडिया" में वेदों, उपनिषदों के विपुल संदर्भ आए हैं, जो वैदिक वाङ्मय के उनके गहरे अध्ययन के द्योतक हैं। ऐसे में स्पष्ट किया जाना चाहिए कि कांग्रेस शासनकाल में कितने मंदिर तोड़े गए और वर्तमान आशंका कि राम मंदिर पर कांग्रेस बुलडोजर चलवा देगी, का पुष्ट और विश्वसनीय आधार क्या है?

# हीट वेव जोखिम न्यूनीकरण के उपाय

डॉ. नन्द किशोर साह
इटावा

> सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें, जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी, छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था, घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए।

जलवायु परिवर्तन एवं तापमान वृद्धि के कारण विश्व में गर्मी बढ़ रही है। भारत में भी एक गंभीर मौसमी घटनाओं के रूप में उभरी है। लू को प्राकृतिक आपदाओं में साइलेंट किलर के रूप में भी जाना जाता है। लू से बुजुर्ग, बच्चे गर्भवती महिलाएं बीमार, मजदूर, झोपड़-पट्टी में रहने वाले और आश्रय विहीन अधिक प्रभावित होते हैं। असंगठित और अनौपचारिक क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों को जोखिम उठाना पड़ता है।

गर्मी के बढ़ते मौसम में हीट वेव की स्थिति, शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। अगर प्रभावित व्यक्ति को तत्काल उचित उपचार न मिले तो व्यक्ति की स्थिति गंभीर हो जाती है। गर्मी सहन करने की एक सीमा होती है। तापमान में कोई भी अत्यधिक परिवर्तन उत्पादकता को भी प्रभावित करता है। ऐसे में हीट वेव से बचाव एवं न्यूनीकरण के संबंध में तैयारियां एवं जानकारी आवश्यक है।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कानपुर में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया गया था। इसमें कानपुर मंडल की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया था। इटावा जनपद की ओर से मुझे भी प्रतिभाग करने का अवसर मिला था। उस कार्यशाला की प्रासंगिकता आज महसूस हो रही है। हीट वेव के प्रभावों को कम करने के लिए व्यक्ति को प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहना चाहिए। तेज धूप होने पर बाहर न निकलें बच्चें। हीट वेव के दौरान बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यदि बच्चों के पेशाब का रंग गहरा है तो इसका मतलब है कि वह पानी की कमी का शिकार हैं, उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। किसी भी स्थिति में बच्चों या जानवर को बिना देखरेख के धूप में खड़ी वाहन में छोड़कर न जाएं, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते हैं।

दोपहर के समय बीच बाहर सीधा धूप में बाहर जाने और कठोर परिश्रम वाली गतिविधियों से बचें। धूप में नंगे पांव न रहें। दिन में जब तापमान अधिक होता है, उस दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के लिए हवादार, खुले दरवाजे और खिड़कियों वाले स्थान चुनें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय से बचे, जो शरीर को निर्जलित करता है। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें जितना हो सके घर के अंदर रहे।

यदि आप बेहोशी या कमजोरी महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं, जहां तक संभव हो, तेज गर्मी के दौरान मवेशी को घर के भीतर रखें। जानवरों को किसी बंद आश्रय में न रखें। ध्यान रखें कि आपके जानवर पूरी तरह साफ हों, उन्हें ताजा पीने का पानी दें। हीट वेव से बचाव के लिए सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित हो। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां छाया है, जहां पर लोगों का ठहराव होता हो, का चिन्हांकन कर जगह-जगह पर पीने के पानी के लिए प्याऊ की व्यवस्था की जाए। पानी के खराब हैंडपंप की मरम्मत कर ली जाए। समूह की बैठक कर लोगों को हीट वेव के बारे में बताया जाए। साथ ही साथ उसके बचाव के संबंध में जानकारी दी जाए।

सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें, जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी, छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था, घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए। स्थानीय मौसम की जानकारी के लिए जागरूक रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में लू से बचने व बचाने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार का प्रबंध हों। इससे हम लू से बचाव और जोखिम को कम कर सकते हैं।

## सोशल फोरम

# साहित्य बोध में परिवर्तन

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

सत्तर के दशक में बड़े-बड़े रचनाकारों की पलटन थी। उनमें से अच्छे-बुरे लेखक का भेद करना हम लोग अध्ययन और अनुभव से सीख रहे थे। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसे बड़े लेखक हैं नहीं और युवाओं में दूसरों की रचना पढ़ने का धैर्य कम हो रहा है। भले महत्वपूर्ण वरिष्ठ लेखक ही क्यों न हों, युवाओं की अभिरुचि अपनी पकी-अधपकी रचना पढ़वाने में ज्यादा है। सत्तर के दशक में हम एक-दूसरे के साथ संवाद और बहस करते हुए अपना विकास करते थे, उत्तर भूमंडलीय दौर में नए से नए रचनाकार को केवल अपनी प्रशंसा स्वीकार है, कमी निकाली नहीं कि गए काम से।

सत्तर के दशक में लघु पत्रिकाओं में छपना मान्यता और प्रसिद्धि के लिए मूल्यवान होता था, इसलिए बड़ी पत्रिका में छपने वाले लेखक मुड़कर लघु पत्रिकाओं की ओर आए। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसी आंदोलन परक लघु पत्रिकाएं रही नहीं, रचनाकारों को उनकी जरूरत भी नहीं है, सोशल मीडिया हर मंच का विकल्प और स्थानापन्न है। सत्तर के दशक में विचारधारा का महत्व बहुत अधिक था। उत्तर भूमंडलीय दौर में अस्मिता ने उसका स्थान ले लिया है। विचारधारा का मोल था तो रचनाओं का मूल्यांकन भी होता था, अस्मिता का समय है तो मूल्यांकन के बदले अनुमोदन और भर्त्सना रह गई है। मूल्यांकन के लिए रचना की विषय वस्तु और कलात्मक प्रयोग, रचना का सामाजिक संदर्भ और मनोवैज्ञानिक प्रभाव, परंपरा से संबंध और नवीनता में योगदान आदि अनेक पक्षों पर ध्यान देना आवश्यक था। मैं यह नहीं मानता कि पहले सब अच्छा था, अब पतित है। इसे ऐतिहासिक दृष्टि से परिवर्तन कहना उचित है। जैसे वाल्मीकि की ऊंचाई पर कोई दूसरा नहीं पहुंचा वैसे भवभूति की उदात्तता तक और कालिदास के सौंदर्य बोध तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा। अस्मिता वादियों के गाली देने पर भी तुलसीदास के काव्यात्मक धरातल तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा, निराला के करुणा-सौंदर्य-औदात्य तक दूसरा नहीं पहुंच पाया। फिर भी वाल्मीकि से निराला तक साहित्य का विकास होता आया है। यह क्रम आगे भी चलेगा, लेकिन तभी जब हम उत्तेजना से नहीं, विवेक से परिचालित होकर प्रयत्न करेंगे।

-फेसबुक वॉल से

# डिजिटल यूटोपिया में सकारात्मक रिश्ते हुए दुर्लभ

प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

सोशल मीडिया के माध्यम से आज हमारे पास एक बहुत बड़ी दुनिया है, जो कमरे में बैठकर सोशल होना सिखाती है। इस बड़ी सी दुनिया से हमारी छोटी सी दुनिया की अक्सर झपट हो जाती है। बड़ी दुनिया के बड़े तौर तरीके छोटी वाली दुनिया झेल नहीं पाती। बड़ी दुनिया छोटी सी स्क्रीन पर बड़ी-बड़ी लफ्फाजियां दिखाती है। कमरे में बैठा छोटा सा आदमी फंस जाता है और छोटी सी स्क्रीन के सहारे वह बड़ी वाली दुनिया का हिस्सा बनने का मुगालता पाल लेता है और इसमें तो खुली आंखों से जादू किया जाता है। देखते ही देखते सामने वाला आदमी फोन की स्क्रीन में डूब जाता है और बगल में बैठे सोसायटी के दूसरे सज्जन तक उसकी गुमशुदगी की आहट नहीं पहुंचती। इस प्रकार इक्कीसवीं सदी में हर व्यक्ति आभासिक सामाजिक जीवन आभासिक खुशी से व्यतीत कर रहा है।

आभासिक सत्य और खुशियों की दुनिया कितनी सत्य एवं कितनी खुश है। ये दुनिया है स्टेटस पर लगे जबरदस्ती हंसते-चेहरों की दुनिया, फेसबुक पेज पर इठलाते घुम्मकड़ों की दुनिया, इंस्टा पर मचलते युवाओं की दुनिया। इन सबको देखो और थोड़ी बहुत टीवी पर आदर्शवादी खबर चैनल सुन लो तो लगता है रामराज्य आ ही गया। पर क्या आ ही गया? इस खुशनुमा आभास को तकनीकी और नई भाषा में मैं "डिजिटल यूटोपिया" कहूंगी और इस डिजिटल यूटोपिया के सामने रखूंगी" डिजिटल डिस्टोपिया", जो इस तथाकथित खुशनुमा दुनिया के विपरीत है। डिजिटल यूटोपिया (डिजिटल रामराज्य) वास्तविक जीवन में डिस्टोपिया (रामराज्य की उलट व्यवस्था) का निर्माण कर रहा है। डिजिटल जीवन मूल जीवन का सारा डाटा खत्म किया जा रहा है। इस जीवन की जीबी सोशल अकाउंट्स की लाइफ पर खर्च हो जा रही है और जीवन का डिवाइस सूना सूना, बिना नोटिफिकेशन का रह जाता है।

इतना इंस्टा-फेसबुक ये और वो के बाद भी सामाजिक जीवन के लाभ नहीं मिल पा रहे। सामाजिक जीवन के लाभ थे तनाव मुक्ति, एकाकीपन और मन से निवृति पाना, दूसरे को समझना, मन की तरंगों की अनुभूति करना, किसी अन्य को अपनी तरंग ऊर्जा से परिपूरित करना। ये सब संभव है जब सचमुच की दुनिया में सामाजिकता निभाई जाए और सचमुच के सामाजिक व्यक्ति पर ढोंग की सामाजिकता का वक्त भी नहीं होगा। आभासी दुनिया डिजिटल प्रणाली की सामाजिकता निभाने में सबसे ज्यादा तनावग्रस्त एवं एकाकी लोग मिल रहे हैं।

इस डिजिटल दुनिया में ताबड़तोड़ मारधाड़ के गेम्स और पत्थर प्रधान एवेनजर्स जैसी फिल्में हैं, जो जीवन के मानक तय कर रही है। कुल मिलाकर कहूं तो नकारात्मक सामाजिकता का प्रसार हो रहा है। सकारात्मक रिश्ते बड़े दुर्लभ हुए जा रहे हैं।

अबूझमाड़ का जनजातीय समाज जो मेलजोल की पारंपरिक संस्कृति का वाहक है। हाथों में हाथ डालकर नृत्य करना इनकी संस्कृति है, वे भी नृत्य करते समय मेल प्रेम का हाथ नहीं, बल्कि मोबाइल पकड़े हुए हैं।

# लोकसभा चुनाव में संविधान की गूंज

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

> विपक्ष की बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले ही विपक्ष ने संविधान को मुख्य मुद्दा बना दिया था। जैसे-जैसे तिथियां नजदीक आती गईं, बल्कि चुनावी प्रक्रिया शुरू होती गई उतनी ही तेजी से संविधान की गूंज तेजी से बढ़ती गई और निरंतर जारी है। सत्ताधीशों द्वारा प्रचंड रूप से सत्ता के हिंदुत्व के एजेंडे के सामने और कोई बात इतनी असरकारी हो नहीं सकती थी, क्योंकि जो हिदुत्व का दर्शन भाजपा का है उसमें सबसे अधिक संविधान के लाभकारी लोग ही हैं जिसमें पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग सरकारी नौकरी व शिक्षा के प्रावधान से लाभान्वित लोग हैं।

संविधान खत्म करने की बात भाजपा के इस नारे से चली अबकी बार चार सौ पार यह अति उत्साही नारा था। एक बार तो भाजपा के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में ऊर्जा का संचार हुआ। कांग्रेस के राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बिहार से तेजस्वी यादव, महाराष्ट्र से उद्धव ठाकरे, बंगाल से ममता बनर्जी झारखंड से कल्पना सोरेन जो कि निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं, आप पार्टी के संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आदि विपक्ष के नेताओं ने सत्तापक्ष पर एक ही वार किया कि भाजपा चार सौ पार इसलिए चाहती है कि संविधान खत्म कर सकें। कमजोर वर्गों का हिंदुत्व का तिलिस्म टूटने लगा और भाजपा से मोह भंग होने लगा।

यह पूरी तरह नहीं कहा जा सकता कि सभी बहुजन नाराज हैं। कहीं खुद की जाति के उम्मीदवार तो कहीं सरकारी योजनाओं से लाभकारी कमजोर वर्ग उनके पाले में हैं, लेकिन काफी हद तक लोगों के जेहन में यह बात पहुंच गई कि संविधान खत्म तो उनकी गरिमा खत्म, जो कि संविधान उन्हें समानता की गारंटी देता है। संविधान कमजोर वर्गों के लिए संवेदनशील मुद्दा ही नहीं है, बल्कि संविधान तो सभी देशवासियों के लिए है जिससे सभी के हित सुरक्षित हैं। विपक्ष की संविधान पर की गई बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

1952 से अब तक के लोकसभा चुनाव में सत्ता के खिलाफ संविधान मूल मुद्दा कभी नहीं रहा, रहा हो मेरे जेहन में नहीं है। आज संविधान व आंबेडकर की बदौलत डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, कलेक्टर, पुलिस कप्तान, सांसद, विधायक योग्यताओं को प्राप्त करते हुए का सपना देख सकता है। मुझ जैसे साधारण व्यक्ति की कलम भी कुछ लिखने योग्य है, जबकि मेरे पिता बहुत शिक्षित नहीं थे और बाबा बिल्कुल निरक्षर, जो कि रेलवे में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे। वे मुश्किल से टेढ़े-मेढ़े शब्दों में हस्ताक्षर कर पाते थे।

## एक नजर

### तीन नए आपराधिक कानूनों पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट तीन नए आपराधिक कानूनों के अधिनियमन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। पुराने कानूनों में विभिन्न प्रकार के दोषों और विसंगतियों के मद्देनजर आपराधिक कानूनों में बदलाव की मांग की जाती रही है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है। लोकसभा ने पिछले साल 21 दिसंबर को भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक को पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी।

### कांग्रेस नेता प्रतापराव भोसले का निधन

कोल्हापुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री प्रतापराव भोसले (90) का रविवार को निधन हो गया। भोसले के परिवार में पूर्व विधायक मदन भोसले समेत तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। भोसले वाई-खंडाला क्षेत्र से चार बार विधायक चुने गए थे। तीन बार सतारा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे।

### जम्मू-कश्मीर में 40 सरकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के आरोप में निर्वाचन विभाग ने 40 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। रविवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है, एक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है, इसके अलावा एक कर्मचारी को सेवाओं से हटा दिया गया है और 34 कर्मचारियों के खिलाफ जांच शुरू की गई है।

# ताजमहल के पास युवती का अर्धनिर्वस्त्र शव मिला

▶▶ इबादतगाह परिसर में खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप दुष्कर्म की जताई जा रही आशंका

आगरा, एजेंसी

आगरा में रविवार को ताजमहल के पास एक इबादतगाह में पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया है जो अर्धनिर्वस्त्र स्थिति में था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना नगला पैमा ताजगंज क्षेत्र के इबादतगाह की है और युवती की पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सूरज राय ने बताया कि रविवार दोपहर करीब पौने तीन बजे जब लोग नमाज के लिए इबादतगाह में पहुंचे तो यहां खून से लथपथ युवती का शव देखकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। राय ने बताया कि युवती का शव अर्धनिर्वस्त्र अवस्था में था। युवती के चेहरे पर किसी भारी चीज से प्रहार किए जाने के निशान मिले हैं। युवती की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस को दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दिये जाने की आशंका है। राय ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# निकोबार द्वीप पहुंचा मानसून, 31 तक केरल में दस्तक

नई दिल्ली, एजेंसी



- ला नीना के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान
- भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से जूझ रहा देश का बड़ा हिस्सा

भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार को देश के दक्षिणी छोर निकोबार द्वीप पर दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यहां यह जानकारी दी।

मौसम कार्यालय ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को मालदीव के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र और दक्षिण बंगाल की खाड़ी, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। मानसून के 31 मई तक केरल पहुंच जाने की उम्मीद है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 150 साल में केरल में मानसून की शुरुआत की तारीख व्यापक रूप से अलग-अलग रही है। केरल में मानसून सबसे देरी से 1972 में 18 जून को और सबसे पहले 1918 में 11 मई को पहुंचा था। मानसून पिछले साल आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को और 2020 में एक जून को दक्षिणी राज्य में पहुंचा था।

आईएमडी ने पिछले महीने ला नीना की अनुकूल स्थितियों के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया था। ला नीना की स्थितियां भारत में मानसून के दौरान अच्छी बारिश में मदद करती हैं। देश का बड़ा हिस्सा भीषण गर्मी से जूझ रहा है और कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कई राज्यों में गर्मी का रिकॉर्ड टूट गया है और इसका स्वास्थ्य एवं आजीविका पर गंभीर असर पड़ रहा है। दक्षिणी भारत में अप्रैल में लू का प्रकोप देखा गया था। भीषण गर्मी बिजली ग्रिड पर दबाव डाल रही है और जल निकाय सूख रहे हैं। इसके कारण देश के कुछ हिस्सों में सूखे जैसी स्थिति पैदा हो रही है। ऐसे में मानसून के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा का पूर्वानुमान तेजी से विकास कर रहे दक्षिण एशियाई देश के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। भारत के कृषि परिदृश्य के लिए मानसून महत्वपूर्ण है और 52 प्रतिशत शुद्ध खेती योग्य क्षेत्र इस पर निर्भर है। यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा, पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। जून और जुलाई को मानसून के सबसे महत्वपूर्ण महीने माना जाता है क्योंकि इस अवधि के दौरान अधिकतर खरीफ फसलों की बुआई होती है।

### तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश का रेड अलर्ट

चेन्नई। तमिलनाडु के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने के बीच क्षेत्रीय मौसम कार्यालय ने रविवार को अपने पूर्वानुमान में कहा कि तेनकासी, तिरुनेलवेली और थेनी जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों के लिए सोमवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। अगले 24 घंटे में 20 सेमी से अधिक बारिश हो सकती है। रविवार को सुबह 8.30 बजे तक (24 घंटे की अवधि के दौरान) तिरुवन्नामलाई के जमुनामारथुर और कन्याकुमारी के पेचिपराई में क्रमशः 12 सेमी और 10 सेमी वर्षा हुई। तमिलनाडु राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने उधगमंडलम (ऊंटी), तेनकासी, होगेनक्कल जाने वाले पर्यटकों को सुरक्षा निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की संरक्षक और वार्ड अधिनियम 1890 में प्रयुक्त साधारण निवास की व्याख्या

# अस्थायी शैक्षिक निवास साधारण निवास नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज



▶▶ निवास शब्द उस स्थान से कहीं अधिक है, जहां कोई व्यक्ति अस्थायी आकस्मिक रूप से रहता है : हाई कोर्ट

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संरक्षक और वार्ड अधिनियम, 1890 में प्रयुक्त साधारण निवास को व्याख्यायित करते हुए बताया कि नाबालिग के साधारण निवास में वह अस्थायी निवास शामिल नहीं होगा, जहां वह अस्थायी रूप से शिक्षा प्राप्त करने के लिए रह रहा है।

उक्त अधिनियम की धारा 9(1) के अनुसार नाबालिग की संरक्षता के लिए आवेदन उस क्षेत्राधिकार वाले जिला न्यायालय में किया जाएगा, जहां नाबालिग आमतौर पर रहता है जबकि धारा 9 की उपधारा 2 और 3 के तहत नाबालिग की संपत्ति के लिए आवेदन किया जाता है। मौजूदा मामले में अपीलकर्ता पिता ने सीपीसी की धारा 151 के साथ पठित आदेश 7 नियम 11 के तहत एक आवेदन दाखिल कर पत्नी द्वारा बच्चों की कस्टडी की मांग वाली याचिका को इस आधार पर खारिज करने की मांग की, कि गाजियाबाद के फैमिली कोर्ट के पास इस मामले में दखल देने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है, क्योंकि नाबालिग हरियाणा के भिवानी में पढ़ रहा था, लेकिन पिता का आवेदन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि अधिनियम की धारा 9(1) के अनुसार नाबालिग सामान्य तौर पर जिस स्थान पर रहता है, उसकी संरक्षता के लिए वहीं की जिला न्यायालय में आवेदन किया जा सकता है।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि निवास शब्द उस स्थान से कहीं अधिक है, जहां कोई व्यक्ति अस्थायी आकस्मिक रूप से रहता है। कोर्ट ने पाया कि नाबालिग शिक्षा के लिए हरियाणा में रह रहा था, लेकिन उसके पिता का स्थायी पता गाजियाबाद है। कोर्ट ने माना कि मामले के तथ्यों की जांच के बिना नाबालिग के सामान्य निवास का निर्णय नहीं किया जा सकता है। किसी न्यायालय के क्षेत्रीय अधिकार के भीतर स्वेच्छा से या मजबूरी से निवास को सामान्य निवास स्थान के रूप में नहीं माना जा सकता है। चूंकि नाबालिग के सामान्य निवास का प्रश्न तथ्य और कानून का एक विवादित प्रश्न था, इसलिए मामले के तथ्यों की जांच के बिना इसका निर्णय नहीं लिया जा सकता था जो सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत आवेदन में स्वीकार्य नहीं है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति सैयद कमल हसन रिजवी की खंडपीठ ने धीरज की प्रथम अपील खारिज कर दी।

# निशा बनीं राधिका, प्रेमी राजेश संग लिए सात फेरे

कार्यालय संवाददाता, बरेली



▶▶ बिजनौर की निशा ने बरेली में अगस्त्य मुनि आश्रम में की शादी

**अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र के अगस्त्य मुनि आश्रम में बिजनौर की निशा ने धर्म परिवर्तन कर राधिका बनकर प्रेमी राजेश से शादी कर ली। राधिका ने तीन तलाक और हलाला जैसी कुरीतियों के डर से धर्म परिवर्तन किया।

बिजनौर के गांव सबदलपुर की रहने वाली निशा के तीन भाई हैं। उसका प्रेमी राजेश कुमार बिजनौर के ही नहटौर स्थित मुकीमपुर गांव का रहने वाला है। राजेश ने बताया कि वह सबदलपुर गांव में रिश्तेदारी में जाता था। करीब पांच साल पहले उसकी निशा से मुलाकात हुई और बातचीत शुरू हो गई। निशा ने बताया कि एक दिन राजेश ने रास्ते में उसे रोककर प्यार का इजहार कर अपना नंबर दिया। पहले तो उन्होंने इन्कार कर दिया लेकिन बाद में राजेश से फोन पर बातचीत शुरू हो गई। इसके बाद राजेश ने उससे शादी का प्रस्ताव रखा। इस पर उसने हां कर दी। जब इस बारे में उसके घरवालों को पता चला तो उन्होंने विरोध किया। निशा 7 मई को घर छोड़कर राजेश के साथ चली आई। उन्हें बरेली के मढ़ीनाथ स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम के आचार्य केके शंखधार के बारे में जानकारी हुई और दोनों आश्रम पहुंचे। केके शंखधार ने रविवार को विवाह की रस्म पूरी कराई। विवाह के बाद निशा ने अपना नया नाम राधिका रख लिया।

# कांग्रेस मुख्यालय के सामने खरगे के पोस्टर पर स्याही फेंकी

- ममता बनर्जी की टिप्पणी को लेकर अधीर रंजन चौधरी को लगाई थी फटकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कांग्रेस के मुख्यालय के सामने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कई पोस्टर और होर्डिंग्स पर कथित तौर पर स्याही फेंकी गई।

खरगे ने तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के इंडिया गठबंधन के प्रति निष्ठा पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को फटकार लगाई थी, जिसके एक दिन बाद यह घटना हुई। ममता बनर्जी ने हाल में टिप्पणी की थी कि वह इंडिया गठबंधन की सरकार का समर्थन करेंगी, जबकि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा था कि बंगाल की मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं किया जा सकता और वह भाजपा के साथ जा सकती हैं। इन टिप्पणियों के संबंध में सवाल किए जाने पर खरगे ने शनिवार को कहा था, ममता बनर्जी गठबंधन के साथ हैं। उन्होंने हाल में कहा है कि वह सरकार में शामिल होंगी। फैसला अधीर रंजन चौधरी नहीं लेंगे। फैसला मैं और आलाकमान करेगा, जो सहमत नहीं होंगे, वे बाहर चले जाएंगे।

# हेमकुंड साहिब के कपाट 25 को खुलेंगे प्रतिदिन 3500 श्रद्धालु ही कर सकेंगे दर्शन

- ऋषिकेश से 22 को पंज प्यारों की अगुवाई में निकलेगी यात्रा

ब्यूरो, देहरादून



**अमृत विचार :** विश्वप्रसिद्ध तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे। हेमकुंड साहिब में अभी भी बर्फ जमा है। इसके मद्देनजर शासन, जिला प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधन ने प्रतिदिन श्रद्धालुओं के पहुंचने की संख्या तय की है। कपाट खुलने के बाद प्रतिदिन 3500 श्रद्धालु ही हेमकुंड साहिब जा सकेंगे।

गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का कहना है कि हेमकुंड साहिब में अभी भी काफी बर्फ जमी है। बर्फ पिघलने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या पर फिर से विचार किया जाएगा। मालूम हो कि 22 मई को पंज प्यारों की अगुवाई में राज्यपाल एवं संत समाज द्वारा ऋषिकेश से हेमकुंड साहिब यात्रा का आगाज किया जाएगा। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने दो दिन पहले गुरुद्वारा प्रबंधन के साथ गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब का पैदल निरीक्षण किया था। जिसके बाद प्रशासन ने श्रद्धालुओं की संख्या तय की है।

# 2023-24 में जीडीपी 7 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी



- चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 6.9-7 प्रतिशत रह सकती है। रेटिंग एजेंसी के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने यह अनुमान जताया है।

सरकार चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरुआती अनुमान 31 मई को जारी करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। सिन्हा ने एक साक्षात्कार में बताया कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि चौथी तिमाही की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत होगी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल जीडीपी वृद्धि दर लगभग 6.9-7 प्रतिशत होगी। उन्होंने कहा कि पहली दो तिमाहियों में वृद्धि दर को कम आधार का फायदा मिला, हालांकि तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर 2023) तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर आश्चर्यजनक थी।

# विमान की आपात लैंडिंग सभी यात्री सुरक्षित

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के बेंगलुरु से केरल के कोच्चि जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के दाएं इंजन में उड़ान भरने के तुंरत बाद आग लगने के कारण उसे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार को 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को ले जा रहे विमान के इंजन में बेंगलुरु से रवाना होने के तुरंत बाद आग लग गई। चालक दल ने इसकी जानकारी तुरंत यातायात नियंत्रक को दी। इसके बाद विमान रात 11:12 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया, हवाईअड्डे की अग्निशमन सेवाओं ने तेजी से आग बुझा दी। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित बच गए। घटना की बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने पुष्टि की है।

## वर्ग पहेली-75

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए
3. 1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।
6. 1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।
7. 1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।
8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुलबुलाने की अवस्था
4. 1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।
5. निरुपाधि।
7. 1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी, जवाबदेही, उत्तरदायित्व।



### वर्ग पहेली -74 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झ | | 2 उ | 3 प | जा | ति | |
| न | | | रं | | | |
| क | | | प | | 4 बू | ढ़ा |
| 5 ना | मी | गि | रा | मी | | |
| | | | नु | | 6 शी | राँ |
| | | | 7 ग | जा | ल | |
| 8 सं | घ | टि | त | | न | |

## सुडोकू -154

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | | |
| | 9 | | 3 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | | | | 5 | 4 | | | |
| | | | | 4 | 6 | | | |
| | | 1 | | | | 4 | | 5 |
| 7 | | 3 | | | | | 8 | |

### सुडोकू -153 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 7 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 15.58 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में उन्नति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। शाम के समय आप किसी उत्सव में जा सकते हैं। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

**वृष** — आज स्वास्थ्य काफी अच्छा और संतुलित रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। जॉब में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपके मन में छाया हुआ अज्ञात भय आज दूर हो सकता है।

**मिथुन** — आज बच्चों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गम्भीरता से ध्यान दें।

**कर्क** — आज यह धैर्य रखने का समय है। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के दूसरे प्रहर तक कर लेना लाभकारी होगा। अधिकारियों के साथ आपको अच्छे संबंध रखने चाहिए। परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने का प्रयास करें।

**सिंह** — आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। ऑनलाइन व्यापार से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे। मित्रों के साथ किसी गंभीर चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** — आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसलिए थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। दिन की शुरुआत में आप अपने आप को काफी व्यस्त देख सकते हैं।

**तुला** — आज दिन की शुरुआत में आप अपने आपको काफी व्यस्त देख सकते हैं। शत्रुओं की गतिविधियों को हल्के में लेने की भूल बिल्कुल न करें। अनावश्यक कार्यों में आपको उलझना भी पड़ सकता है, किंतु आपकी योग्यता की लोग प्रशंसा भी करेंगे।

**वृश्चिक** — आज प्रणय संबंधों में कुछ अनबन देखने को मिल सकती है। कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। निर्माण कार्यों को लेकर आपको लोगों की मदद लेनी पड़ सकती है। गलत कार्यों की तरफ आपका रुझान हो सकता है।

**धनु** — आज रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ा नाम मिल सकता है। प्रेम संबंध काफी मधुर रहेंगे। कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। बड़े भाई-बहनों को लेकर प्रसन्नता रहेगी। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ होगा।

**मकर** — आज महत्वपूर्ण बैठकों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आप भविष्य को लेकर निवेश की योजना बना सकते हैं। आलोचकों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। सरकारी कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है।

**कुंभ** — आज धन हानि होने के योग बन रहे हैं। पड़ोसियों से आपका झगड़ा हो सकता है। आपके सभी काम रुक-रुक कर ही होंगे। ऑनलाइन कोई भी गतिविधि के दौरान सावधान रहें। अजनबी लोगों से ज्यादा मेलजोल न बढ़ाएं।

**मीन** — आज भोजन और बाकी दिनचर्या अनुशासित रखें। अनावश्यक विचारों के कारण आप अच्छे लोगों से दूर हो सकते हैं। परिजनों का सहयोग मिलेगा। आपको अपने अपमान का भय रहेगा। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- चोरी मेरा काम — सुबह : 10.02
- तकदीर का तमाशा — रात : 07.00

SONY PIX
- कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 10.13
- टार्जन — रात : 09.00

&pictures
- महावीर नं. 1 — सुबह : 09.10
- तमाशा — रात : 08.00

ZEE CINEMA
- एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 08.30
- अनोखा बंधन — दोपहर : 01.50

colors CINEPLEX
- डबल अटैक — सुबह : 11.31
- उगराम — शाम : 05.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुमने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा-यार धोखा हो गया धोखा एक दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू-यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

# गोंडा में लगेगी जीत की हैट्रिक या फंसेगा मैच

## लोकसभा चुनाव : कैसरगंज का भाग्य भी नए चेहरों पर टिका

**अरुण कुमार मिश्र, गोंडा**

लोकसभा चुनाव में जीत-हार को लेकर कई दिनों की चर्चा-बहस की कवायद सोमवार को समाप्त हो जाएगी। मतदाता 20 मई को स्वामी की भूमिका में रहेंगे और प्रत्याशी याचक के रूप में। मतदान की प्रक्रिया सोमवार सुबह से ही शुरू हो जाएगी। मतदाता अपनी पसंद के प्रत्याशी के भविष्य का निर्धारण करेंगे। मतदान में गोंडा संसदीय सीट पर जीत की हैट्रिक लगेगी या राजनीतिक मैच फंस जाएगा। इस पर भी कयास लगने शुरू हो गए हैं। इसी तरह, कैसरगंज की चुनावी रणनीति दो दिनों में बहुत कुछ बदल गई है। किसी बड़े नेता का आगमन न होना और पहली बार चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य भी यहां की जनता तय कर देगी।



गोंडा

गोंडा लोकसभा क्षेत्र में 18 लाख से अधिक मतदाताओं का ध्रुवीकरण किस तरफ होगा। यह कयास अभी तक लोग लगाते रहे हैं। गोंडा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से श्रेया वर्मा व बसपा से सौरभ मिश्र मैदान में हैं। कीर्तिवर्धन सिंह को ब्राह्मण, क्षत्रिय, राजभर, कश्यप सहित सभी जातियों पर भरोसा है। वहीं सपा उम्मीदवार को मुस्लिम, यादव और सजातीय वोटर कुर्मी पर भरोसा है। कुर्मी वोटों का बिखराव हुआ तो भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। इससे भाजपा प्रत्याशी की जीत की हैट्रिक लग सकती है। यदि ध्रुवीकरण हुआ तो इसका सीधा फायदा सपा को मिलेगा। हालांकि वर्ष 2019 के चुनाव में सपा के कद्दावर नेता विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह ने चुनाव लड़ा था, लेकिन वह दो लाख से अधिक मतों से हार गए थे। पंडित सिंह की छवि लोगों के बीच बहुत अच्छी थी, वे अपने कार्यकर्ताओं को तरजीह देते थे। बावजूद इसके वह चुनाव हार गए थे, लेकिन 2019 में कुर्मी मतदाता भाजपा के साथ खड़ा था।



कैसरगंज



कैसरगंज लोकसभा सीट पर सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करन भूषण पर भाजपा ने भरोसा जताया है। वह युवा होने के साथ ऊर्जावान हैं और पिता की सियासी पारी के बाद नई पारी शुरू कर रहे हैं, लेकिन दो दिनों से सोशल मीडिया पर अनर्गल प्रचार होने के बाद समीकरण में कुछ बदलाव देखने को मिला है। ब्राह्मण के नाम पर गलत प्रचार किया जा रहा है। इसका फायदा उठाने की कोशिश सपा के भगत राम मिश्र करेंगे। भगतराम मिश्र भी पहली बार कैसरगंज से चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें मुस्लिम, यादव व ब्राह्मण मतदाताओं पर भरोसा है।

वहीं, करन भूषण को भी क्षत्रिय से अधिक ब्राह्मण मतदाताओं पर भरोसा है। करन का कहना है कि ब्राह्मण हमेशा से उनके लिए पूजनीय थे और रहेंगे। ब्राह्मणों को इज्जत देने में उनके परिवार ने कभी कोई कमीं नहीं छोड़ी है। चुनाव जीतना-हारना अलग बात है। वहीं, बसपा ने नरेंद्र पांडेय को चुनाव मैदान में उतारा है।

### गोंडा लोकसभा सीट पर विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मेहनौन | 378716 | 175171 | 203538 | 07 |
| गोंडा सदर | 361702 | 169400 | 192271 | 31 |
| मनकापुर | 339728 | 159273 | 180455 | 00 |
| गौरा | 334854 | 154531 | 170319 | 04 |
| उतरौला | 428121 | 196293 | 231801 | 27 |
| योग | 1843121 | 854668 | 988384 | 79 |

### कैसरगंज लोकसभा सीट पर विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 388497 | 183126 | 205363 | 8 |
| कैसरगंज | 392112 | 184895 | 207213 | 4 |
| कटरा बाजार | 404315 | 189484 | 214819 | 12 |
| करनैलगंज | 341294 | 160657 | 180616 | 21 |
| तरबगंज | 378508 | 177123 | 201368 | 17 |

59-गोंडा लोकसभा




57-कैसरगंज लोकसभा




# मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को नहीं हो कोई असुविधा

## निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

## मतदाताओं के साथ किया जाये घर के सदस्य जैसा व्यवहार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** अगर मतदाता के द्वारा उपलब्ध पहचान पत्र और मतदाता सूची के विवरण में मामूली अंतर है, तो ऐसे लोगों को मतदान से वंचित न किया जाए। बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कराया जाये। साथ ही मतदाताओं के साथ घर के सदस्य जैसा व्यवहार किया जाये। ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। ये निर्देश रविवार को निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को दिये हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा बाकी बचे तीन चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब लोकसभा स्तर पर बुलावा टोलियों का गठन किया जायेगा। इन टोलियों में बीएलओ के साथ आशा व



नवदीप रिणवा

आंगनबाड़ी कार्यकत्री, युवक मंगल दल, पंचायत स्तरीय कार्मियों को शामिल किया जाएगा। ये टोलियां कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों में विशेष रूप से सक्रिय रहेंगी।

**पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ :**

उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं। हर पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाये जाएंगे, जिस पर मतदाता सूची के साथ बीएलओ मौजूद रहेंगे। मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकेंगे।

### कोई मतदाता, सूचना पर्ची नहीं लाया है तो उसे न लौटाया जाए

नवदीप रिणवा ने कहा कि अगर, कोई मतदाता, मतदाता सूचना पर्ची नहीं लाया है तो उसे लौटाया न जाए और मतदान से रोका न जाए। मतदान स्थल पर मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करें। अपने वाहन से परिवार के साथ मतदान केन्द्र पर जाने वाले मतदाताओं को निर्धारित स्थान तक पुलिस द्वारा रोका न जाए।

### उपलब्ध कराई जाएं सुविधाएं

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर ही बूथ की संबंधित जानकारी हो, मतदाताओं की कतार तक छाया की व्यवस्था होनी चाहिये। केन्द्रों पर पूरे दिन बिजली आपूर्ति रहे। लू से बचाव के लिए ओआरएस एवं मेडिकल किट उपलब्ध कराए जाएं। एक पैरामेडिक कर्मी के अलावा मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल, शौचालय, दिव्यांग व वृद्धजनों के लिए व्हील चेयर व कुर्सियों की व्यवस्था भी रहे।

## इलेक्शन बायस्कोप



इन दिनों बड़े नेताओं की चुनावी रैलियों में गृहणियां भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। हालांकि इनमें कुछ पार्टी की कार्यकर्ता होती हैं तो कई सिर्फ समर्थक। कुछ ऐसी ही उत्साही महिलाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सोरांव, प्रयागराज की चुनावी जनसभा में रविवार को कैमरे में कैद हुईं। -अमृत विचार

## छठे चरण में दिग्गज नेताओं की चुनावी सभाओं से चढ़ेगा पारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** छठे चरण के लिए 25 मई को पूर्वांचल के कई जिलों में मतदान होना है। इसके लिए भाजपा, सपा, कांग्रेस व बसपा के दिग्गज नेता संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सभाएं करेंगे। सोमवार को सपा के अखिलेश यादव, आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह डुमरियागंज, संतकबीरनगर व बस्ती में इंडी गठबंधन के पक्ष में चुनावी सभा संबोधित करेंगे। वहीं, निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद, निषाद वोटरों को सपा में जाने से रोकने के लिए जनसभा को संबोधित करेंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बर्डपूर जूनियर हाई स्कूल कपिलवस्तु में भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे, इसके बाद चंबल तारा सदर जनपद जौनपुर में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा पुनश्च गोविंद सिंह डिग्री कालेज शाहगंज सोनभद्र में प्रत्याशी रिकी कोल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। जबकि 21 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिजेथुआ महावीरन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा 22 मई को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लंभुआ में और 23 मई को उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य सुल्तानपुर में रोड शो करेंगे। वहीं, बसपा की मायावती 22 मई को मोतीगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगी। इसी दिन 22 मई को सपा की डिंपल यादव पयागपुर से गोलाघाट तक रोड शो करेगी।

# 13 महिला प्रत्याशियों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में होगा बंद

**लोस चुनाव 5वां चरण**

## बाराबंकी से राजरानी रावत, अमेठी से स्मृति ईरानी और फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति मैदान में

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** 5वें चरण में 14 लोकसभा सीटों पर मात्र 13 महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं। इन सभी का राजनीतिक भाग्य 20 मई को ईवीएम में बंद हो जायेगा। इनमें अकेली बाराबंकी सीट है जहां पर तीन महिलाएं चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, एक महिला ने दो सीटों पर नामांकन किया गया है। अन्य कई सीटों पर तो एक भी महिला प्रत्याशी नहीं हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि आधी आबादी को प्राथमिकता देने का दंभ भरने वाले राजनीतिक दल भी इन्हें बढ़ाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

संसद में 33 प्रतिशत का आरक्षण बिल भले ही पास हो चुका है, मगर ऐसा लगता है कि दल महिलाओं पर पूरा भरोसा नहीं कर रहे। यही वजह है कि संसद हो या राजनीतिक





राजरानी रावत



स्मृति ईरानी



साध्वी निरंजन ज्योति

संगठन, प्रस्तावित पदों पर महिलाओं की नुमाइंदगी नहीं हो पा रही है। लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में बाराबंकी सुरक्षित सीट पर भाजपा की राजरानी रावत, स्वतंत्र अभिव्यक्ति पार्टी से आशा देवी और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मिथलेश कुमारी मैदान में हैं। इनमें राजरानी रावत को भाजपा द्वारा पूर्व में घोषित उपेन्द्र रावत का एक विवादित वीडियो वायरल होने के बाद टिकट दिया गया। इसके अलावा भाजपा की दूसरी महिला प्रत्याशी स्मृति ईरानी कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी से दोबारा चुनाव लड़ रही हैं। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चंद्रावती मैदान में डटी हैं। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अरुणिमा पाण्डेय ने कैसरगंज व गोंडा दो सीटों से नामांकन दाखिल किया है। गोंडा सीट पर ही सपा के टिकट पर श्रेया वर्मा मुकाबले में बराबरी की दावेदारी कर रही हैं।

इसके अलावा अन्य चर्चित सीट फतेहपुर है, जहां पर भाजपा ने फायरबांड नेता व केन्द्र सरकार में राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, सपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम का सामना कर रही हैं। बांदा सीट पर सपा की कृष्णा देवी पटेल मुकाबले को रोचक बना रही हैं, साथ ही जालौन से प्रेमलता वर्मा बृजमोहन मैदान में है। लखनऊ की मोहनलालगंज सीट से मिशलेश कुमारी मैदान में हैं। इसके अलावा अन्य सीटों पर महिला प्रत्याशियों का सूखा पड़ा है।

### इन सीटों पर होगा मतदान

- लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा।

# मतदान केंद्रों पर अर्द्ध सैनिक बल तैनात

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए अर्द्ध सैनिक बल तैनात किये गये हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये हैं। मतदान के लिए 35,684 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 36,089 बैलट यूनिट व 37,565 वीवीपैट तैयार किये गये हैं। आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन झांसी में व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन लखनऊ में रहेगी।

### यहां करें शिकायत

- मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत टोल-फ्री नं0-1800-180-1950 (प्रदेश स्तर) पर और 1950 (जिला स्तर) पर काल कर दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा सी-विजिल, एनजीएसपी-वीएचए ऐप पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

- **मतदान के लिए 35,684 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 36,089 बैलट यूनिट व 37,565 वीवीपैट किये गये तैयार**
- **मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकाप्टर की भी व्यवस्था**

### 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग होगी

50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर (14984 मतदेय स्थल) पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 4,199 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। इस चरण में कुल 561 आदर्श मतदेय स्थल, 126 महिला, 53 दिव्यांग व 80 युवा कार्मिक प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

## चुनावी चक्कर

**पुराने वीडियो से भ्रम फैला रहे शरारती :**

चुनाव के दौरान आमजन को भ्रमित करने के लिए कुछ शरारती तत्व सोशल मीडिया पर फर्जी और पुराने वीडियो या फोटो भी साझा कर देते हैं। ऐसे में समाज में गलत संदेश भी जाता है। हालांकि यह बात अलग है कि समझदार जनता भ्रमित नहीं होती। ऐसा ही एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मुलाकात को दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर खुराफाती यूजर्स इस वीडियो को मौजूदा लोस चुनाव के मद्देनजर से जोड़कर साझा कर रहे हैं और प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं कि चुनावी नतीजों को देखते हुए अखिलेश यादव पीएम मोदी से मिलने पहुंच गए, लेकिन यह दावा सही नहीं है। दरअसल, यह वीडियो 10 वर्ष पुराना है। एक न्यूज मीडिया ने अपनी जांच में पाया कि वीडियो को लेकर जो दावे किए जा रहे हैं, वे झूठे हैं। वायरल वीडियो जून 2014 का है, तब अखिलेश यादव उप्र. के मुख्यमंत्री थे। फेसबुक पर सक्रिय एक शख्स ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, चुनाव का परिणाम जानते ही मोदी दरबार में भूल-चूक व लेनी-देनी करने पहुंचे अखिलेश। बाद में न्यूज मीडिया की टीम ने विभिन्न स्तर से जांच करने को इस वायरल वीडियो से संबंधित कीवर्ड्स से यूट्यूब पर परखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूट्यूब चैनल पर 13 जून 2014 को साझा किया गया यह वीडियो मिला। वीडियो के साथ कैप्शन में बताया गया कि पीएम मोदी ने उप्र. के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। हकीकत तो यह है कि मार्च 2012 से मार्च 2017 तक अखिलेश यादव जब मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शिष्टाचार मुलाकात की थी। बाद में सरकारी मीडिया प्लेटफार्म से दोनों की इस मुलाकात का वीडियो साझा किया गया था।

# शाह होंगे सफल या प्रियंका का बना रहेगा विश्वास

## देश की सबसे महत्वपूर्ण सीट में से एक रायबरेली में इस बार काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा

**दिलीप सिंह, रायबरेली**

देश की सबसे महत्वपूर्ण सीट में से एक रायबरेली में इस बार काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। हर बार लड़ाई प्रत्याशियों के बीच देखी जाती रही है, लेकिन इस बार राजनीतिक दलों के दिग्गजों की प्रतिष्ठा भी दांव पर है। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को जीत दिलाने के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने पूरा जोर लगा दिया है। अन्य क्षेत्रों में बमुश्किल एक बार जाने वाले गृहमंत्री यहां पर दो बार आकर प्रचार कर चुके हैं। गांधी परिवार को घेरने के साथ ही संगठन में दरार को पाटने का भी उन्होंने पूरा प्रयास किया।

यही नहीं, दिनेश प्रताप सिंह को भाई शब्द से संबोधित करके उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि हर हाल में यहां पर कमल खिलाना है। कांग्रेस को गढ़ में घेरने की मंशा के साथ यहां मुख्यमंत्री योगी के अलावा कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री समेत कई दिग्गज प्रचार करते दिखाई दिए। इतना ही नहीं, पहली बार जीआईसी में जनसभा के बाद ऊंचाहार से सपा विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय के घर भी गए, ताकि भाजपा प्रत्याशी को ब्राह्मण वोटबैंक का लाभ मिल सके। इसके बाद दोबारा डॉ. मनोज कुमार पांडेय को पार्टी की सदस्यता दिलाने के लिए जगतपुर के दौलतपुर में जनसभा की। इसी के साथ उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिए कि यहां पर कमल खिलाना ही एक मात्र लक्ष्य है। दूसरी ओर, अमेठी छोड़कर रायबरेली से पहली बार चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए बहन प्रियंका गांधी ने बागडोर अपने हाथों में ले रखी है। यहां तक कि कांग्रेस के स्थानीय संगठन पर भी विश्वास नहीं रखा। अपनी स्वयं की टीम बनाकर चुनाव के हर पहलू पर नजर बनाए रखी।

रायबरेली के साथ ही अमेठी में भी कांग्रेस को मजबूत करती दिखीं। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भी गांवों में पसीना बहाते नजर आए। जीत को सुनिश्चित करने के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव व सोनिया गांधी भी एक साथ मंच पर पहुंचे। उन्होंने राहुल को जिताने के लिए भावुक अपील भी की। दोनों प्रत्याशियों में से जीत किसी की भी हो, प्रतिष्ठा गृहमंत्री अमित शाह और प्रियंका गांधी की भी इस चुनाव में जुड़ गई है।



अमित शाह



राहुल गांधी



प्रियंका गांधी वाड्रा



दिनेश प्रताप सिंह

### भाजपा प्रत्याशी से अपने ही रहे दूर

भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से शुरुआती दौर से ही कुछ पार्टी नेता दूरी बनाए रहे। सदर विधायक अदिति सिंह, पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह व कई अन्य पदाधिकारी नामांकन के दौरान ही गायब रहे। इसे लेकर चर्चाओं का दौर खूब चला। गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा के बाद जरूर कुछ स्थिति संभली। इसके बाद अंतिम दिन किसी बड़े नेता का रोड शो न होने से भी काफी किरकिरी हुई। हालांकि गृहमंत्री के सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय को साथ लाने के बाद स्थिति जरूर कुछ मजबूत हुई।

### कांग्रेस को समाजवादी पार्टी का सहारा

जिले में कांग्रेस का संगठन ज्यादा मजबूत नहीं है। पिछले कई चुनावों में मिली हार से काफी किरकिरी हो चुकी है। यही वजह है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने खुद चुनाव की कमान संभाली और प्रचार में पूरी ताकत लगा दी। कांग्रेस को अपने संगठन से ज्यादा समाजवादी पार्टी पर विश्वास है। वह चाहे रैली हो या फिर जनसभा। सबसे अधिक कार्यकर्ता सपा के ही नजर आए। पिछले चुनाव में भी सोनिया गांधी की जीत में सपा खेवनहार बनी थी।

### पिछले तीन लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत

| मतदान वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|
| 2009 | 48.33 |
| 2014 | 51.73 |
| 2019 | 56.34 |

## अपनी ढपली अपना राग



घमंडिया गठबंधन को मत दिया तो आप दोष के भागी बनेंगे। क्योंकि, इनकी चाल- चरित्र दशानन रावण से मिलता है। - डॉ. मोहन यादव



एक 5 किलो राशन पर वोट लेता है और दूसरा 10 किलो का लालच देकर वोट चाहता है। सावधान रहिएगा। - आकाश आनंद



जातिवादी, संकीर्णवादी और धर्मवादी राजनीति के चलते इस बार भाजपा भी सत्ता में नहीं आएगी, भाजपा ने किए गए वादे पूरे नहीं किए। - मायावती



वह डिबेट नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास कोई जवाब नहीं है। इस चुनाव में जनता उनको सत्ता से उतार देगी।। - राहुल गांधी



## योगी नंबर वन, 50 दिन में 151 जगह किया प्रचार



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा को प्रदेश में मिशन-80 और देश में 370 सीटों के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए जबर्दस्त चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक योगी आदित्यनाथ 27 मार्च से 19 मई तक 50 दिन में 1113 जनसभाएं करके भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार किया है। प्रदेश के साथही देश के दूसरे राज्यों में भी उनकी सभाएं हो रही हैं। जनसभाओं के अलावा उत्तर प्रदेशके मुख्यमंत्री ने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और एक दर्जन से ज्यादा रोड शो भी किए हैं। इसके अलावा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी शामिल हुए थे।

### 5वें चरण की 49 सीटें

2019 का स्कोर कार्ड

| | |
|---|---|
| एनडीए | 39 |
| यूपीए | 08 |
| बीजद | 02 |

### इस बार किस दल के कितने हैं प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40 |
| सहयोगी | 09 |
| कांग्रेस | 18 |
| सहयोगी | 31 |
| बीजद | 05 |
| टीएमसी | 07 |
| बसपा | 46 |

### चक्रव्यूह के पांचवें द्वार में मोदी सरकार के पांच मंत्री

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की लखनऊ से इस बार हैट्रिक की तैयारी
- अमेठी की दीदी मंत्री स्मृति इरानी को क्या इस बार मिलेगी चुनौती
- मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को जीत के लिए मिली बसपा की संजीवनी
- जालौन से छठी बार संसद पहुंचने के लिए बेताब हैं मंत्री भानुप्रताप
- मंत्री कौशल किशोर को मोहनलाल गंज में देना पड़ रहा कड़ा इम्तिहान
- रायबरेली में राहुल गांधी की घेरेबंदी

सपा से धर्मेंद्र यादव, भाजपा से दिनेश लाल यादव और बसपा से मशहूद अहमद उम्मीदवार

# दो यादवों में नाक की लड़ाई बसपा ने त्रिकोणीय बनाई

दिग्विजय सिंह

आजमगढ़ संसदीय सीट



**अमृत विचार।** कैफी आजमी की धरती आजमगढ़ में इस बार चुनावी मुकाबला न सिर्फ दिलचस्प है, बल्कि कांटे का होने की उम्मीद है। यहां से सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव जहां 2022 के उप चुनाव में मिली हार की टीस मिटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश में लगे हैं। बसपा ने यहां मशहूद अहमद के रूप में मुस्लिम चेहरा उतार कर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का पूरा प्रयास किया है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां कमल खिलाने के लिए जोश भर गए हैं, अब सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सभाएं करने आ रहे हैं, तो दो दिन बाद डिंपल यादव रोड शो करने वाली हैं।

2022 का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से ही सपा हारी थी। ऐसे में इस बार सपा मुकाबला जीतने के लिए अपने हर कील-कांटे को दुरुस्त करने में जुटी है। पार्टी ने बसपा के उस चेहरे को भी अपने साथ ले लिया है जो धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बना था। हालांकि पिछले दो चुनावों में बसपा से खिसक कर भाजपा के पाले में जाने वाले दलित मतदाता इस बार किसके साथ रहेंगे, इसे लेकर कयासों का बाजार गर्म है।

आजमगढ़ सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी। 1952 से 1971 तक पांच चुनावों में कांग्रेस को ही जीत मिली, लेकिन 1977 में जनता पार्टी से रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि 1978 के उप चुनाव में मोहसिना किदवई कांग्रेस से जीत गईं। 1980 में जनता पार्टी सेक्युलर और 1984 में कांग्रेस फिर जीती। लेकिन इस चुनाव के बाद कांग्रेस को यहां के मतदाताओं ने कभी जीतने का मौका ही नहीं दिया।

### राम मंदिर की लहर में यहां जीती थी बसपा

- 1989 के चुनाव में जब पूरे देश में राम मंदिर आंदोलन को लेकर लहर चल रही थी तब यहां से बसपा का हाथी दिल्ली पहुंचा था। 1991 में यह सीट जनता दल के खाते में गई और इसके बाद कभी सपा तो कभी बसपा के खाते में जाती रही। इस सीट से बसपा चार बार बसपा और चार बार सपा के सांसद बने। पहली बार 2009 में भाजपा यहां से जीती थी। तब पार्टी ने 2004 में बसपा के टिकट पर सांसद बने रमाकांत यादव को मैदान में उतारा था। इससे पहले रमाकांत यादव 1996 और 1999 में सपा के टिकट पर सांसद चुने गए थे।

**2022** का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से सपा हार गई थी।

**2014** और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे थे

**2019** में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी

### एम-वाई समीकरण से सपा ने बनाया मजबूत गढ़

इस सीट पर यादव और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। सपा की जीत में एम वाई समीकरण ही काम करता रहा है। मुस्लिम और यादव मतदाताओं की एकजुटता से सपा जीतती रही। जब मुस्लिम दलितों के साथ बसपा के पक्ष में झुके तो बसपा को यहां से जीत मिल गई। 2014 और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे लेकिन 2022 में बसपा ने शाह आलम गुड्डू जमाली को उतारा तो वे बसपा के साथ चले गए। परिणाम यह हुआ कि धर्मेंद्र यादव उप चुनाव हार गए। गुड्डू जमाली 2014 में भी बसपा से लड़े थे लेकिन दलित मतदाताओं के भाजपा में शिफ्ट होने का नुकसान उन्हें हुआ था। तब उन्हें 2,66,528 वोट से ही संतोष करना पड़ा था। उप चुनाव में भी उन्हें 2,66, 210 वोट मिले थे।

### गढ़ दरकता देख खुद उतरे थे मुलायम सिंह

- सपा इस सीट को अपना मजबूत गढ़ मानती है, लेकिन जब 2004 के बाद 2008 के उप चुनाव में बसपा यहां से जीती और 2009 में भाजपा को जीत मिली तो 2014 में खुद सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव को आजमगढ़ के मैदान में उतरना पड़ा। इस चुनाव में भाजपा ने रमाकांत यादव को उनके मुकाबले उतारा। रमाकांत यादव ने मुलायम सिंह को कड़ी टक्कर दी, लेकिन चुनाव हार गए। यही वजह है कि 2019 में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी। अखिलेश यादव के त्यागपत्र के बाद जब इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो धर्मेंद्र यादव मैदान में आए। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा और भाजपा यहां से दूसरी बार जीती।

### विधानसभा की सभी पांच सीटें सपा के पास

- विधानसभा की पांच सीटें इस लोकसभा क्षेत्र में आती हैं। इन सभी पर सपा का कब्जा है। आजमगढ़ सदर सीट पर लगातार छह बार से पार्टी के दुर्गा प्रसाद यादव जीत रहे हैं। इससे पहले भी वे यहां से विधायक बनते रहे हैं। इस सीट पर मुस्लिम व यादव आबादी का दबदबा है। मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र में भी मुस्लिम निर्णायक भूमिका में हैं तो सगड़ी में यादव मतदाता, मुस्लिम मतदाताओं के साथ जीत की इबारत लिखते हैं। यही सपा की मजबूती है।

### रमाकांत के जेल में होने से सपा की रणनीति थोड़ी गड़बड़ाई है

- बाहुबली रमाकांत यादव का जेल में होना सपा को नुकसान पहुंचा रहा है। यादव मतदाताओं में मजबूत पकड़ रखने वाले रमाकांत यादव सपा के फूलपुर पवई विधानसभा सीट से विधायक हैं। यह सीट वैसे तो लालगंज संसदीय क्षेत्र में आती है लेकिन रमाकांत का दबदबा सगड़ी, गोपालपुर, आजमगढ़ सदर आदि विधानसभा क्षेत्रों में भी है। बूथ मैनेजमेंट का उन्हें माहिर माना जाता है।

## कारगिल में निर्दलीय व लेह में भाजपा-कांग्रेस की टक्कर

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख में सोमवार को पहले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लद्दाख में पिछले दो चुनावों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उतारे गए दो बौद्ध प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। इस बार लद्दाख सीट पर तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह ताशी ग्यालसन और कांग्रेस ने त्सेरिंग नामग्याल को मैदान में उतारा है। लेकिन यहां चुनाव प्रचार बंद होने के बाद त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर सामने आयी है। लद्दाख में दो जिले लेह और कारगिल हैं। भाजपा और कांग्रेस ने लेह क्षेत्र से उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि कारगिल से निर्दलीय हाजी हनीफा जान चुनाव लड़ रहे हैं। कारगिल में हनीफा को नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के समर्थकों का भी पूरा साथ मिलता नजर आया है। करगिल में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के विरोध के कारण नेशनल कॉन्फ्रेंस की पूरी यूनिट ने इस्तीफा दे दिया था। करगिल की कांग्रेस इकाई भी यहां अपने उम्मीदवार का समर्थन नहीं कर रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि यहां भाजपा और निर्दलीय हनीफा के बीच मुकाबले में कांग्रेस तीसरा कोण बना रही है। लद्दाख के लेह और कारगिल में कुल 577 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## कांग्रेस की आधा दर्जन सीटों पर अग्नि परीक्षा

चुनाव डेस्क



- प्रदेश से 2014 में दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली पार्टी को इस बार तालिका में सुधार की उम्मीद

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में कांग्रेस को जो 17 सीटें मिली हैं, उनमें सात सीटों पर चार चरणों में मतदान हो चुका है। पांचवें चरण में कांग्रेस के खाते वाली चारों सीटें अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी और झांसी हैं, जिन पर सोमवार को वोट पड़ेंगे। इसके बाद अगले दो चरणों में कांग्रेस को अपने हिस्से की आधा दर्जन सीटों पर चुनावी इम्तिहान देना है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि 2014 में प्रदेश से दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली कांग्रेस इस बार अपनी तालिका में कितना सुधार कर पाएगी।

कांग्रेस पांचवें चरण की चार सीटों में रायबरेली में राहुल गांधी की जीत के लिए आश्वस्त है, तो अमेठी में केएल शर्मा और बाराबंकी में तनुज पुनिया के बाद झांसी में प्रदीप जैन आदित्य के सीधी लड़ाई में होने से सकारात्मक अवसर देख रही है। इसके बाद बचे दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस को सबसे ज्यादा उम्मीद प्रयागराज से हैं, जहां उसने रेवती रमण सिंह के बेटे उज्जवल रमण सिंह को मैदान में उतार रखा है। बांसगांव में सदल प्रसाद पिछली बार बसपा से चुनाव लड़कर दूसरे नंबर पर रहे थे, इस बार वह कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। यहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे सभा करने गए थे। देवरिया में कांग्रेस अपने राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह की जीत का मौका देख रही है। महाराजगंज में कांग्रेस से उतरे वीरेंद्र सिंह ने मुकाबला त्रिकोणीय बना रखा है। सीतापुर से पार्टी ने राकेश राठौर पर दांव लगा रखा है। वाराणसी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय चुनाव मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस यहां सिर्फ अपना आधार बनाए रखने की लड़ाई लड़ रही है।



मांगे वोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर के खड़गपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी पर जमकर हमला बोला।

### यूपी में आज कौन कहां से मुकाबले में

| लोकसभा सीट | भाजपा | सपा-कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| अमेठी | स्मृति इरानी | केएल शर्मा | नन्हे सिंह चौहान |
| रायबरेली | दिनेश प्रताप सिंह | राहुल गांधी | ठाकुर प्रसाद यादव |
| लखनऊ | राजनाथ सिंह | रविदास मेहरोत्रा | सरवर मलिक |
| जालौन | भानुप्रताप वर्मा | नारायण दास अहिरवार | सुरेश चंद्र गौतम |
| मोहनलाल गंज | कौशल किशोर | आरके चौधरी | राजेश कुमार |
| झांसी | अनुराग शर्मा | प्रदीप जैन आदित्य | रवि प्रकाश |
| फतेहपुर | साध्वी निरंजन ज्योति | नरेश उत्तम पटेल | डॉ.मनीष सचान |
| कौशांबी | विनोद सोनकर | पुष्पेंद्र सरोज | शुभ नारायण |
| बाराबंकी | राजरानी रावत | तनुज पुनिया | शिवकुमार दोहरे |
| फैजाबाद | लल्लू सिंह | अवधेश प्रसाद | सच्चिदानंद पांडेय |
| कैसरगंज | करण भूषण सिंह | भगतराम मिश्रा | नरेंद्र पांडेय |
| गोंडा | कीर्ति वर्द्धन सिंह | श्रेया वर्मा | सौरभ मिश्रा |
| बांदा | आरके सिंह पटेल | कृष्णा देवी | मयंक द्विवेदी |
| हमीरपुर | कु. पुष्पेंद्र सिंह | अजेंद्र सिंह राजपूत | निर्दोष कुमार दीक्षित |



समर्थन करें

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दक्षिणी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान के समर्थन में कालका जी में रोड शो किया।

## पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर क्या पलटेगा परिणाम

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** पांचवे चरण में सोमवार को पश्चिम बंगाल की सात लोकसभा सीटों बनगांव, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली, आरामबाग और बैरकपुर पर भी मतदान हो रहा है। 2019 में इन सात में चार सीटें टीएमसी जीतने में कामयाब रही थी जबकि भाजपा केवल तीन सीटें ही जीत सकी थी। इस बार भाजपा ने कम से कम पांच सीटें जीतने के लिए जोर लगाया है।

**हुगली में दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा संघर्ष :** हुगली लोकसभा सीट पर दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ है। भाजपा की हुगली से सांसद लॉकेट चटर्जी को टीएमसी की तरफ से मैदान में उतरीं रियलिटी शो 'दीदी नंबर 1' की एंकर और अभिनेत्री रचना बनर्जी ने कड़ी टक्कर दी है। हुगली लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में टीएमसी के विधायक हैं। चुनावी जंग में दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे पर निजी हमला करने से बचती रहीं, इसकी वजह उनके बीच अच्छे दोस्ताना संबंध होना रहा। दोनों ने कई बंगाली फिल्मों में एक-दूसरे के साथ काम भी किया है।

**बैरमकुपर में दलबदल पर भाजपा का दांव :** बैरकपुर में बिहार और उत्तर प्रदेश के हिंदी भाषी मतदाताओं की काफी संख्या है। बैरकपुर में 2019 से 2021 के बीच राजनीतिक हिंसा चरम पर थी। इस बार भी यहां 2019 जैसी चुनावी लड़ाई है। 2019 के चुनाव से पहले अर्जुन सिंह टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। तीन साल भाजपा सांसद रहने के बाद अर्जुन सिंह दोबारा टीएमसी में चले गए, लेकिन टीएमसी ने जब लोकसभा का टिकट नहीं दिया तो अर्जुन सिंह फिर भाजपा में लौट आए। 2019 के चुनाव में उन्होंने टीएमसी के उम्मीदवार दिनेश त्रिवेदी को 14,000 वोटों से हराया था। इस बार बैरकपुर में भाजपा सांसद अर्जुन सिंह का मुकाबला पार्थ भौमिक (टीएमसी) और देबदत घोष सीपीआई-एम के साथ हुआ है।

**उलुबेरिया में टीएमसी की पांचवी जीत की शोर:** उलुबेरिया में तृणमूल कांग्रेस का पलड़ा एख बार फिर भारी नजर आता है। पार्टी इस सीट पर अपनी लगातार पांचवीं जीत की उम्मीद कर रही है। भाजपा का संगठन यहां कमजोर है। टीएमसी सांसद सजदा अहमद का मुकाबला यहां भाजपा के अरुण दयाल चौधरी और कांग्रेस के अजहर मॉलिक से हुआ है। यहां करीब 28 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता है। भाजपा यहां हिंदू मतों के ध्रुवीकरण की उम्मीज कर रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

### श्रीरामपुर में टीएमसी को चौथी जीत का भरोसा

श्रीरामपुर लोकसभा सीट पर एक चौथाई मतदाता राजस्थान, बिहार या उत्तरप्रदेश के हैं, जो अब वहां बस चुके हैं। टीएमसी के कल्याण बनर्जी श्रीरामपुर से सांसद हैं। वह जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। टीएमसी ने फिर से उन्हें उम्मीदवार बनाया है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कल्याण बनर्जी ने भाजपा के देबजीत सरकार को पराजित किया था। इस बार कल्याण बनर्जी का मुकाबला भाजपा के कबीर शंकर बोस से हुआ है। 2014 में भाजपा से लड़े संगीतकार बप्पी लाहिड़ी यहां चुनाव हार चुके हैं।

### बनगांव में केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर को दूसरी बार जीत का भरोसा

बनगांव बांग्लादेश की सीमा पर स्थित है। इस कारण यहां देश की स्वतंत्रता और बांग्लादेश युद्ध के समय बड़ी संख्या में आए हिंदू शरणार्थी बसे हैं। बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थी यानी मतुआ समुदाय ही यहां हार-जीत तय करता है। 2019 में पहली बार भाजपा यहां जीती थी। इस सीट के भाजपा सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर मतुआ समुदाय से आते हैं। साल 2019 में उन्होंने अपनी भाभी ममता ठाकुर को 1,11,594 मतों से हराया था। इस बार भाजपा से उतरे शांतनु ठाकुर का मुकाबला टीएमसी के विश्वजीत दास और कांग्रेस के प्रदीप विश्वास से हो रहा है।

## विरासत की कहानी में बदलाव की आहट

चुनाव डेस्क



चिराग पासवान।



शिवचंद्र राम।

**अमृत विचार।** हाजीपुर का केला अगर देश भर में मशहूर है, तो यह लोकसभा सीट दिवंगत नेता रामविलास पासवान के नाम से जानी जाती रही है। अपने चाचा हाजीपुर के मौजूदा सांसद पशुपति पारस से पिता रामविलास पासवान की विरासत की जंग जीतने के बाद उनके पुत्र लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने इस बार हाजीपुर से लोकसभा में पहुंचने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी है। पांचवें चरण में सोमवार को उनकी सीट पर भी मतदान होना है। यहां उनको लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कड़ी टक्कर दी है।

मतदान से पहले हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुका है। दोनों पक्ष अपने ज्यादा से ज्यादा वोटरों को बूथ तक पहुंचने के लिए जोर कसे हैं। यहां पूरी लड़ाई विरासत और बदलाव के बीच नजर आ रही है। चुनाव प्रचार के दौरान हाजीपुर से आठ बार चुनाव जीतने वाले रामविलास पासवान की कमी उनके बेटे चिराग पासवान पूरी करने का वायदा लोगों से करते रहे हैं। उन्होंने लोगों से भावनात्मक अपील की है कि आपका एक-एक वोट रामविलास पासवान के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए मुझे मजबूत बनाएगा। इसके जवाब में राजद उम्मीदवार शिवचंद्र राम शुरू से लोगों को यही समझाने में लगे रहे हैं कि स्थानीय उम्मीदवार ही आपके लिए हर समय उपलब्ध रह सकता है और हाजीपुर की समस्याओं का समाधान कर सकता है। उन्होंने चुनाव को स्थानीय बनाम बाहरी बनाने का पूरा प्रयास किया है। शिवचंद्र हाजीपुर से कई चुनाव लड़ चुके हैं। दो बार राजद से विधायक और मंत्री रहे हैं। चिराग पासवान से उनकी यहां सीधी लड़ाई है। चिराग को जातिगत वोट, पीएम मोदी का नाम, भाजपा और मुख्यमंत्री नितीश के जनता दल (यू) के वोटों का आसरा है।

2019 में लोजपा ने छह सीटें जीती थीं, तब रामविलास चुनाव नहीं लड़े थे। हाजीपुर से अपने भाई पारसनाथ को उतारा था, जो जीतकर सांसद बने थे और लोजपा में विभाजन के बाद पांच सांसदों के साथ मोदी सरकार को समर्थन देकर केंद्र में मंत्री बने थे। उधर, चिराग पासवान 2019 में जमुई से सांसद चुने गए थे। रामविलास की गैर मौजूदगी में यह पहला चुनाव है जब चिराग खुद जीत हासिल करने के साथ अब लोजपा (र) की पांच सीटें बचाने का दारोमदार है।

# माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं राहुल : मोदी

## जमशेदपुर की रैली में बोले - उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचेगा

जमशेदपुर (झारखंड), एजेंसी



● शनिवार को राहुल गांधी ने कहा था कि मैं मोदी से बहस को तैयार है, लेकिन वह नहीं आएंगे

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे द्वारा माओवादियों की भाषा बोलने के कारण कोई भी उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचेगा। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर वंशवादी राजनीति को संरक्षण देने और लोकसभा सीट को खानदानी जयदाद मानने का भी आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा किसी भी उद्योगपति को पार्टी द्वारा शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचने पर मजबूर कर देगी।शहजादे माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं और नए-नए तरीकों से पैसा वसूल रहे हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने शनिवार को नई दिल्ली में कहा था, मैं प्रधानमंत्री मोदी से कभी भी और कहीं भी बहस करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मुझे यकीन है कि वह नहीं आएंगे। पहला सवाल मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछूंगा कि अडाणी से उनका क्या रिश्ता है। प्रधानमंत्री कांग्रेस को अडाणी-अंबानी से पैसा मिलने की बात करते हैं, लेकिन उनमें इसकी जांच कराने की हिम्मत नहीं है।

जमशेदपुर में मोदी ने कहा कि उन्होंने नक्सलियों की रीढ़ तोड़ दी है, लेकिन कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने धन उगाही की जिम्मेदारी ली है। मैं कांग्रेस और इंडिया गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को इस बात का जवाब देने की चुनौती देता हूं कि क्या वे अपने शहजादे की उद्योग-विरोधी भाषा से सहमत हैं।

### कांग्रेस और झामुमो का विकास से लेना देना नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो को देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि वे भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है, यह कोयला और 2जी घोटालों सहित कई घोटालों में शामिल रही है। झामुमो और कांग्रेस को उद्योगों की कोई चिंता नहीं है। झारखंड अपने समृद्ध संसाधनों के बावजूद भ्रष्ट नेताओं के पास मौजूद काले धन के ढेर के लिए जाना जाता है। उन्होंने सेना को भी नहीं बख्शा और उसकी जमीन हड़प ली झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री (हेमंत सोरेन) भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को यह भी आश्वासन दिया कि वह राज्य में लूटा हुआ सार्वजनिक धन भ्रष्ट नेताओं से वसूल करेंगे और इसे उन गरीबों को लौटा देंगे जिनका यह धन है। मोदी ने कांग्रेस पर लोगों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित करने का आरोप लगाया।

### मोदी ने की आरकेएम और भारत सेवाश्रम संघ पर ममता की टिप्पणी की निंदा

पुरुलिया/बिष्णुपुर (प. बंगाल), रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी वोट बैंक के तुष्टीकरण के लिए इन सामाजिक-धार्मिक संगठनों को धमका दे रही है। मोदी ने पुरुलिया की रैली में कहा कि टीएमसी शालीनता की हदें लांघकर इतना नीचे गिर गई है कि वह इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ अफवाह फैला रही है। प्रधानमंत्री ने बिष्णुपुर की रैली में बनर्जी पर मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में होने और देश के साधु और संतों पर हमला करने का आरोप लगाया।

# कांग्रेस की 25 गारंटी आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का कवच : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



● कांग्रेस अध्यक्ष बोले- 30 लाख पदों पर भर्ती कर युवकों का भविष्य करेंगे सुरक्षित

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जो पांच न्याय और 25 गारंटी देश के नागरिकों को देने की बात कही है उसमें सबके लिए सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का मजबूत कवच मौजूद है।

खरगे ने कहा कि कांग्रेस का प्रण है कि आने वाली सरकार 30 लाख सरकारी पद भरकर न सिर्फ युवाओं का भविष्य सुरक्षित करेगी बल्कि एक दशक से लंबित एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के आरक्षण के पारित पदों को भी भरेगी और युवाओं की देशभक्ति पर सवाल उठाने वाली अग्निवीर योजना को भी बंद करेगी खरगे ने कहा महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब महिलाओं को प्रति माह 8500 उनके खाते में सीधा ट्रांसफ़र किया जाएगा जिससे वो बढ़ती महंगाई का मुकाबला कर सकें और कुछ पैसे जुटा कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। अब 25 लाख का मुफ्त इलाज किसी भी महिला को अपने गहने गिरवी रखने पर मजबूर नहीं करेगा। अन्नदाता किसानों की आय को बढ़ाने के लिए एमएसपी की लीगल गारंटी, इनपुट पर जीएसटी हटाना व स्थिर आयात-निर्यात नीति एक दूरगामी कदम साबित होगा।

### मोदी ने वादे पूरे नहीं किए 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार

कोलकाता। टीएमसी नेता अमित मित्रा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विभिन्न मुद्दों पर किये गए वादों को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि देश के बेरोजगारों में 83 प्रतिशत युवा हैं। मित्रा ने अपनी पार्टी के रुख को दोहराया कि टीएमसी इंडिया गठबंधन के साथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी को फटकार लगाना और अधीर का प्रत्युत्तर उनका आंतरिक मामला है। ममता बनर्जी की कैबिनेट में पूर्व में वित्त मंत्री रहे मित्रा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया, देश में बेरोजगार लोगों में से लगभग 83 प्रतिशत युवा पुरुष और महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, शिक्षित युवा पुरुषों और महिलाओं में से दो तिहाई बेरोजगार हैं।

## एक नजर

### अपनी ही बंदूक की गोली से सीआईएसएफ जवान की गई जान

**चेन्नई।** कर्नाटक के रहने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 37 वर्षीय जवान की अपनी ही बंदूक से गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि रवि किरण ने खुद को गोली मारी या शनिवार को कर्नाटक जाने वाली बस में यात्रा करते समय गलती से बंदूक चल गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, रवि किरण कर्नाटक के रहने वाले थे और शनिवार को जब यह घटना हुई तब वह कलपक्कम से अपने गृहनगर बेंगलुरु जा रहे थे। अधिकारी ने कहा, हथियार की स्थिति के बारे में रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारण का पता लगा पाएंगे।

### कुंए से जहरीली गैस के रिसाव से एक की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बुंदेली गांव में एक कुंए में जहरीली गैस के रिसाव से एक सफाईकर्मी की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से बीमार है। कुंए में सफाई के दौरान बेहोशी की हालत में पानी में डूबने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को कुंएं से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। मामला रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र के बुंदेली गांव की है। घटना की सूचना पर डायल 112 और संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। नगर सेना की रेस्क्यू टीम ने दोनों युवकों को बाहर निकाला। कुंए में डूबे युवकों का नाम जगत राम और साहेब लाल है। इस घटना में जगत राम की मौत हो गई। कुंएं से निकलने वाली जहरीले गैस के कारण मौत होने की वजह बताई जा रही है। इस पूरे मामले पुलिस जांच कर रही है।



पं. बंगाल के हावड़ा जिले के बेलूर इलाके में चुनाव के पांचवें चरण की पूर्व संध्या पर चुनाव सामग्री लेकर जाता मजदूर। ● एजेंसी

# प्रज्ज्वल मामले को बंद करने की तैयारी में एसआईटीः अशोक

बेंगलुरु, एजेंसी

● कर्नाटक में विपक्ष के नेता ने सीबीआई जांच की उठाई मांग

कर्नाटक में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने रविवार को आरोप लगाया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल मामले को गलत तरीके से बंद करने की कगार पर है। अशोक ने आंतरिक जांच की निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त करते हुए मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग की। जांच में सरकारी अधिकारियों के फंसने की संभावना है, जिससे आंतरिक जांच की निष्पक्षता पर संदेह है।

उन्होंने पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना और अन्य आरोपियों के साथ किए जा रहे बर्ताव में असमानताओं की ओर इशारा करते हुए कानून प्रवर्तन और न्यायपालिका में हस्तक्षेप के खतरे को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने डीके शिवकुमार से जुड़ी रिकॉर्डिंग लीक की थी, जिस पर उन्होंने जोर देकर कहा था कि वह वास्तविक थी और इसके बाद देवराजे गौड़ा की गिरफ्तारी हुई। भाजपा नेता ने रणदीप सुरजेवाला, शिवकुमार और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सहित प्रमुख कांग्रेस हस्तियों पर दलित और वोक्कालिगा नेताओं के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाते हुए इन समुदायों को हाशिये पर धकेलने के उद्देश्य से किये जा रहे राजनीतिक षडयंत्र की गंभीर तस्वीर पेश की।

# मप्र में बुजुर्ग दंपती से मारपीट और जूतों की माला पहनाई, 10 के खिलाफ मामला दर्ज

**अशोक नगर।** मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में बुजुर्ग दलित दंपती के साथ मारपीट की गई और उन्हें जूतों की माला पहनाई गई। पुलिस ने बताया कि दंपती का बेटा कथित तौर पर छेड़छाड़ की घटना में शामिल था। दंपती से मारपीट की घटना मुंगावली थाना क्षेत्र के तहत किलोरा गांव में शुक्रवार को हुई। इस संबंध में 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, ये सभी फरार हैं। मुंगावली थाने के प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर ने कहा कि दंपती का बेटा एक आरोपी की पत्नी से छेड़छाड़ में शामिल था। घटना के बाद दलित परिवार ने गांव छोड़ दिया था। ये दंपती हाल में ही गांव आया था। शुक्रवार को आरोपियों ने 65 वर्षीय व्यक्ति और उनकी 60 वर्षीय पत्नी को एक खंभे से बांधकर मारपीट की और उन्हें जूतों की माला पहनाई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

# पत्नी और बेटे के खिलाफ आवेदन कर पूर्व मंत्री ने मांगा भरण-पोषण का खर्च

जयपुर, एजेंसी

● विश्वेंद्र सिंह ने पत्नी-बेटे पर पीटने और खाना नहीं देने का लगाया आरोप

● पत्नी और बेटे ने आरोपों को गलत बताते हुए छवि धूमिल करने की कही बात

भरतपुर के राजघराने का विवाद उस समय खुलकर सामने आ गया जब राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने अपनी पत्नी और बेटे के खिलाफ उप संभागीय मजिस्ट्रेट की अदालत में एक आवेदन दायर किया और भरण-पोषण खर्च की मांग की। उनका आरोप है कि उनकी पत्नी तथा बेटा उन्हें पीटते थे और खाना भी नहीं मिलता था, जिससे तंग आकर वह घर छोड़कर चले गए। उनकी पत्नी और बेटे ने सिंह पर पैतृक संपत्ति बेचने तथा उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया।

विश्वेंद्र सिंह ने एसडीएम अदालत में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत एक आवेदन दायर किया था। वह पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे जबकि उनकी पत्नी भरतपुर से लोकसभा सदस्य रही हैं। इस संबंध में रविवार को खबर छपने के बाद विश्वेंद्र सिंह की पत्नी दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध सिंह ने विश्वेंद्र सिंह पर परेशान करने और उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया।

अदालत में दिये अपने आवेदन में 62 वर्षीय विश्वेंद्र सिंह ने कहा, वह हृदय रोगी हैं और अवसाद का सामना नहीं कर सकते। कहा कि वर्ष 2021 और 2022 में दो बार कोविड-19 से संक्रमित होने के बावजूद, उनकी पत्नी और बेटा उनकी सहायता करने या देखभाल करने में विफल रहे। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों से, मेरी पत्नी और बेटे ने मेरे खिलाफ विद्रोह शुरू कर दिया है। उन्होंने मुझ पर हमला किया। मेरे दस्तावेज और कपड़े जला दिए तथा मेरे साथ मौखिक दुर्व्यवहार किया। खाना तक देना बंद कर दिया। उन्होंने कहा, मुझे किसी से भी मिलने की मनाही थी और उन्होंने मुझे महल के भीतर लंबे समय तक यातना दी।

### छत्तीसगढ़ में चलती ट्रेन से टकराई ड्रिल मशीन, तीन घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बाहरी इलाके में रविवार को बड़ी ड्रिलिंग मशीन का एक सिरा चलती ट्रेन से टकरा गया, जिससे दो यात्री और एक सफाई कर्मचारी घायल हो गए। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह 10 बजे हुई, जब लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) जाने वाली शालीमार एक्सप्रेस रायपुर के पास उरकुरा रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि पटरी के पास एक खंभा ट्रेन पर गिर गया। अधिकारी ने कहा कि धातु का टुकड़ा बाद में 'ड्रिल मशीन रीमर' के रूप में पाया गया जो एक खंभे जैसा दिखता है। ट्रेन रायपुर पहुंची तो रेलकर्मी कोच में पहुंचे और घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया।

# कांग्रेस, राजद नेता अपने घुसपैठिए वोट के डर से प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुए : शाह

बेतिया, एजेंसी



● गृह मंत्री ने बेतिया में इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता अपने घुसपैठिए वोट बैंक के डर से राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए थे।

बिहार के बेतिया में चुनावी सभा में शाह ने कहा, कांग्रेस और राजद शुरू से ही राम मंदिर के खिलाफ थे। समारोह का उन्हें निमंत्रण दिया गया, लेकिन वे अपने घुसपैठिए वोट बैंक के डर से नहीं आए। शाह ने पाकिस्तान की परमाणु शक्ति के बारे में बयान देने पर कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष की आलोचना की और कहा, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और उनके सहयोगी दल के नेता फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसीलिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की बात मत करो। हम भाजपा के कार्यकर्ता परमाणु बम से नहीं डरते। मोदी की गारंटी है कि पीओके भारत का है, हमेशा रहेगा और हम इसको लेकर रहेंगे।

शाह ने लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राजद पर मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध करने वाली कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह विरोध केवल लालू के बेटे तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए किया गया था। उन्होंने पिछड़े वर्ग के लोगों का सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का भरोसा जताया। शाह ने कहा, मोदी के नेतृत्व में राजग 400 से ज्यादा सीट जीतेगा। चार चरणों के मतदान के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि राजग पहले ही 270 से अधिक लोकसभा सीट जीत चुका है। राजद चार सीट भी नहीं जीतेगी और कांग्रेस 40 भी नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद ने कभी गरीबों के विकास के लिए काम नहीं किया और वे कभी भी बिहार की उन्नति के बारे में नहीं सोचते हैं।

## कारोबार/कृषि

### सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,100 |
| चांदी तैयार | 88,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

### लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65)3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राज्मा सफेद 13000-14000, राज्मा काला 11500-12500, मूंगफली का दाना 11000-12000, **तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510, लाही 4800-5200, काली सरसों 4900-5300, पीली सरसों 5600-5800, तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900, तेल अलसी 2600-2700, तेल तिल्ली 2600-2700, तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500, तेल नारियल 2700-2800, तेल सोयाबीन 1650-1700, **वनस्पति :** बावर्ची 1900, रथ 1950, चीनी (एम 30) 4250, चीनी (एस 30) 4100, गुड़ पंसेरा 5000, गुड लड्डू 5200

# ईंधन कारोबार में बड़ा हिस्सा चाहती है रिलायंस

## सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की एटीएफ पाइपलाइन और भंडारण तक मिले पहुंच

नई दिल्ली, एजेंसी



● देश के कुल विमान ईंधन उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25% है

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चाहती है कि उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की पाइपलाइन और भंडारण (स्टोरेज) तक पहुंच मिले। इन पाइपलाइन और स्टोरेज का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने पिछले कई साल में किया है। इनका इस्तेमाल वह डिपो और तेल रिफाइनरी से हवाई अड्डों तक विमान ईंधन की आपूर्ति के लिए करती हैं।

रिलायंस इन सुविधाओं तक पहुंच से एशिया के कुछ व्यस्त हवाई अड्डों पर ईंधन कारोबार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। देश के कुल विमान ईंधन (एटीएफ) उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत है। रिलायंस दिल्ली हवाई अड्डे के बाहर के स्टोरेज डिपो के अलावा मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद हवाई अड्डों तक जाने वाली पाइपलाइन तक पहुंच चाहती है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा की जाने वाली एटीएफ आपूर्ति की तुलना में फिलहाल रिलायंस की हिस्सेदारी काफी कम है। पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक भारतीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने पाइपलाइन द्वारा सभी मौजूदा और भविष्य के हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति के बारे में नियमों के मसौदे पर टिप्पणियां मांगी है।

नियामक ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और ईंधन की लागत को कम करने के लिए सभी आपूर्तिकर्ताओं को आपूर्ति के लिए इन पाइपलाइन तक पहुंच मिलनी चाहिए। पीएनजीआरबी के मसौदे पर रिलायंस ने यह सुझाव दिया है। देश का ईंधन बाजार मुक्त है लेकिन देश के व्यस्त हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति दशकों से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा बनाई गई पाइपलाइन से की जाती है।

### एटीएफ आपूर्ति शृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा

रिलायंस ने कहा है कि एयरलाइन के लिए पाइपलाइन के दायरे (जो सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा निर्मित पाइपलाइन तक तीसरे पक्ष को पहुंच प्रदान करता है) में भंडारण सुविधाओं तथा ऑफ साइट टर्मिनल सुविधाओं तक पंप स्टेशनों को शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि ये एटीएफ आपूर्ति शृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। रिलायंस का कहना है कि इससे यह हवाई अड्डे पर ऑन-साइट भंडारण सुविधाओं के लिए एटीएफ की आपूर्ति और वितरण को एक प्रतिस्पर्धी बाजार को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रिफाइनरियों द्वारा उत्पादित 1.71 करोड़ टन एटीएफ में से 82 लाख टन की खपत देश में होती है और बाकी का निर्यात किया जाता है। जामनगर में रिलायंस की दो रिफाइनरी करीब 50 लाख टन का उत्पादन करती हैं जिसका एक बड़ा हिस्सा निर्यात किया जाता है।

# सेंसेक्स की 10 में 8 कंपनियों की पूंजी 1.47 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



● एलआईसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रहीं

● बीते सप्ताह सेंसेक्स 1,341.47 अंक या 1.84% लाभ में रहा

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 1,47,935.19 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और रिलायंस रहीं।

बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 1,341.47 अंक या 1.84% के लाभ में रहा। एनएसई और बीएसई ने प्राथमिक साइट पर व्यवधानों या विफलता से निपटने के लिए तैयारियों की जांच को 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का मूल्यांकन 40,163.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,212.90 करोड़ पहुंच गया। रिलायंस ने 36,467.26 करोड़ जोड़े और 19,41,110.70 करोड़ रुपये पहुंचा। भारती एयरटेल की हैसियत 26,492.61 करोड़ बढ़कर 7,64,917.29 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक 21,136.71 करोड़ रुपये बढ़कर 11,14,163.29 करोड़ रही। आईसीआईसीआई बैंक 9,570.68 करोड़ रुपये बढ़कर 7,94,404.51 करोड़ पहुंचा। इन्फोसिस 7,815.51 करोड़ रुपये बढ़कर 5,99,376.39 करोड़ हो गया। आईटीसी की हैसियत 4,057.54 करोड़ बढ़कर 5,44,895.67 करोड़ रुपये हुई। एसबीआई का मूल्यांकन 2,231.15 करोड़ रुपये बढ़कर 7,32,576.77 करोड़ रुपये रहा।

# कारोबार, जमा वृद्धि में बैंक ऑफ महाराष्ट्र आगे

नई दिल्ली, एजेंसी



● बैंक का कुल घरेलू कारोबार 2023-24 में 15.94% बढ़ा

बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने बीते वित्त वर्ष में कुल कारोबार तथा जमा जुटाने के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह वृद्धि ऐसे समय हासिल की है जबकि ज्यादातर सरकारी बैंक दो अंकीय वृद्धि हासिल करने के लिए संघर्ष करते नजर आए।

बैंकों के आंकड़ों के अनुसार पुणे मुख्यालय वाले बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कुल घरेलू कारोबार 2023-24 में 15.94% बढ़ा है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 13.12% की वृद्धि दर्ज की है। मूल्य के हिसाब से एसबीआई का कुल कारोबार (जमा और अग्रिम) बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 4,74,411 करोड़ की तुलना में 16.7 गुना अधिक 79,52,784 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष में जमा जुटाने में भी बीओएम की वृद्धि दर अच्छी रही है। बीओएम की जमा वृद्धि 15.66% रही। एसबीआई 11.07%, बैंक ऑफ इंडिया 11.05% और केनरा बैंक 10.98% रहा। बीते वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल ये चार बैंक जमा के मामले में 10% से अधिक की वृद्धि हासिल कर पाए हैं।

कम लागत की कासा (चालू खाता बचत खाता) जमा के मामले में भी बैंक ऑफ महाराष्ट्र 52.73% की वृद्धि के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद 50.02% की वृद्धि के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का स्थान रहा। कासा जमा से बैंकों को अपने कोष की लागत को निचले स्तर पर रखने में मदद मिलती है। कर्ज वृद्धि के मामले में कोलकाता का यूको बैंक 16.38% की वृद्धि से बीओएम से थोड़ा बेहतर था। 16.30% की वृद्धि के साथ बीओएम का स्थान रहा।

### सरकार ने माफी योजना से जुटाए 852 करोड़

**नई दिल्ली।** सरकार ने निर्यातकों के लिए माफी योजना के तहत 852 करोड़ रुपये जुटाए हैं। अग्रिम और ईपीसीजी की अनुमति वाले निर्यातकों से निर्यात प्रतिबद्धता में चूक के मामले में निपटान योजना शुरू हुई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत सरकार 852 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। सरकार ने सीमा शुल्क और ब्याज के भुगतान की आखिरी तारीख 31 मार्च तय की है। योजना के तहत 6,705 आवेदन मिले थे और 852 करोड़ की वसूली हुई। कई छोटे निर्यातकों ने सरकार से योजना को सितंबर तक जारी रखने का अनुरोध किया है।

# उत्पाद और प्रौद्योगिकी पर 43,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा टाटा मोटर्स समूह

नई दिल्ली, एजेंसी



● टाटा मोटर्स समूह ने चालू वित्त वर्ष के लिए निवेश लक्ष्य बढ़ाया

टाटा मोटर्स समूह ने नए उत्पादों और प्रौद्योगिकी पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निवेश लक्ष्य को बढ़ाकर 43,000 करोड़ कर दिया है। इसमें सबसे अधिक हिस्सा समूह की ब्रिटिश इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को होगा।

कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 2023-24 में टाटा मोटर्स ने जेएलआर के लिए तीन अरब पाउंड (30,000 करोड़) और टाटा मोटर्स के लिए 8,000 करोड़ रुपये का निवेश तय किया था। यह कुल मिलाकर यह 38,000 करोड़ है। टाटा मोटर्स समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) पीबी बालाजी ने तिमाही नतीजों के बाद कहा, बीते वित्त वर्ष में जेएलआर का निवेश 3.3 अरब पाउंड (33,000 करोड़) रहा, जबकि टाटा मोटर्स का निवेश 8,200 करोड़ से अधिक रहा। बीते वित्त वर्ष में समूह का कुल निवेश 41,200 करोड़ रुपये था।

बालाजी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में जेएलआर के लिए निवेश 3.5 अरब पाउंड (35,000 करोड़ रुपये) रहेगा। टाटा मोटर्स के लिए हमारा निवेश 8,000 करोड़ रुपये के दायरे में रहेगा। जेएलआर के लिए निवेश में करीब 6% की वृद्धि होगी, जबकि टाटा मोटर्स के लिए यह स्थिर रहेगा। यह निवेश उत्पादों और प्रौद्योगिकी में होगा। जगुआर लैंड रोवर के सीएफओ रिसर्च मॉलिनेक्स ने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 वह वर्ष है जब हमारे नए उत्पाद बाजार में आएंगे।

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 14 | 20 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब) | 14 | 19 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

## सुकांत, तरूण और सुहास ने पैरालंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरूण और सुहास ने पेरिस में आगामी पैरालंपिक के लिए अपने स्थान पक्के किए। सुकांत कदम पहली बार पैरालंपिक में हिस्सा लेंगे और वह पुरुषों के एसएल 4 वर्ग में खेलेंगे। एसएल 4 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके शरीर के एक तरफ या दोनों पैरों में निचले स्तर पर मूवमेंट प्रभावित होता है। उनके अलावा तरूण और सुहास ने भी इसी वर्ग में क्वालीफाई किया। एसएल3 महिला वर्ग (शरीर के एक तरफ, दोनों पैर या अंगों की अनुपस्थिति वाले खिलाड़ियों के लिए) में मनदीप कौर ने जबकि मिश्रित युगल एसएल6 वर्ग में निथ्या और शिवराजन ने भी कट हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक आयोजित होंगे। कदम पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और लगातार पदक जीत रहे हैं।

# हार की निराशा के साथ पंजाब का सफर खत्म

## सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को चार विकेट से दी शिकस्त, अभिषेक ने लगाया अर्धशतक, क्लासेन चूके




**हैदराबाद, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 69वें मैच में रविवार को अभिषेक शर्मा (66) और हाइनरिक क्लासन (42) रनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया है।

आज यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (शून्य) का विकेट गवां दिया। उसके बाद अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी ने पारी को संभाला। पांचवें ओवर में हर्षल पटेल ने त्रिपाठी को अर्शदीप के हाथों कैच आउट करा दिया। त्रिपाठी ने 18 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (33) रन बनाए। नितीश कुमार रेड्डी ने 25 गेंदों में (37), शाहबाज अहमद (3) रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में सर्वाधिक 66 रनों की पारी खेली। हाइनरिक क्लासन ने 26 गेंदों में 42 रन बनाए। अब्दुल समद (11) और सनवीर सिंह (6) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। हरप्रीत बराड़ और शशांक सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले प्रभसिमरन सिंह (71), राइली रुसो (49) और अथर्व तायडे (46) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिये 215 रनों का लक्ष्य दिया था। चोटिल शिखर धवन और सैम करन की अनुपस्थिति में कप्तान बनाये गये जितेश शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायडे की सलामी जोड़ी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट लिए 97 रन जोड़े।


अर्धशतकीय साझेदारी के दौरान बातचीत करते पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और रिली रोसोउ।

10वें ओवर में टी नटराजन ने अथर्व तायडे को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। तायडे ने 27 गेंदों में 46 रन बनाए। 15वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह के रूप में पंजाब का दूसरा विकेट गिरा। उन्हें विजयकांत वियसकांत ने आउट किया।

प्रभसिमरन सिंह ने 45 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (71) रन बनाए। शशांक सिंह (2) और आशुतोष शर्मा (2) रन बनाकर आउट हुए। राइली रुसो ने 24 गेंदों में 49 रनों की पारी खेली। जितेश शर्मा 15 गेंदों में (32) और सुबोध भाटी (2) रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 214 रनों का स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से थंगारसु नटराजन ने दो विकेट लिए। पैट कमिंस और वी वियसकांत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 14 | 9 | 3 | 20 | 2 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 14 | 5 | 9 | 10 | 0 | -0.353 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

### पंजाब 214/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अथर्व तायड़े का सनवीर बो नटराजन | 46 | 27 | 5/2 |
| प्रभसिमरन सिंह का क्लासेन बो व्यासकांत | 71 | 45 | 7/4 |
| रिली रोसोउ का समद बो कमिंस | 49 | 24 | 3/4 |
| शशांक सिंह रन आउट | 2 | 4 | 0/0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 32 | 15 | 2/2 |
| आशुतोष शर्मा का सनवीर बो नटराजन | 2 | 3 | 0/0 |
| शिवम सिंह नाबाद | 2 | 3 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-36-0, कमिंस 4-0-36-1, नटराजन 4-0-33-2, व्यासकांत 4-0-37-1, शाहबाज 1-0-13-0, रेड्डी 3-0-54-0

### हैदराबाद 215/6

19.1 ओवर, अतिरिक्त : 17

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो अर्शदीप | 0 | 1 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा का शिवम बो शशांक | 66 | 28 | 5/6 |
| राहुल त्रिपाठी का अर्शदीप बो हर्षल | 33 | 18 | 4/2 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का शिवम बो हर्षल | 37 | 25 | 1/3 |
| हेनरिच क्लासेन बो बरार | 42 | 26 | 3/2 |
| शाहबाज अहमद का शशांक बो अर्शदीप | 3 | 6 | 0/0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 11 | 8 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-37-2, ऋषि 3-0-35-0, हर्षल 4-0-49-2, चाहर 4-0-43-0, बरार 3-0-36-1, शशांक 1-0-5-1, तायडे 0.1-0-4-0

## निजता के उल्लंघन को लेकर आईपीएल प्रसारक पर भड़के रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।



रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे हैं। रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोटर्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है। उन्होंने लिखा क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है।

भारतीय कप्तान ने कहा एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा। रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने भी वह वीडियो हटा दिया था। इसके बाद 17 मई को रोहित लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे।

## खेल डायरी

### चेन्नइयिन ने मिडफील्डर जितेश्वर का करार बढ़ाया



**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नइयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले मिडफील्डर युमखाइबाम जितेश्वर सिंह का करार 2025 तक बढाने का फैसला किया। मणिपुर के इस मिडफील्डर ने 2022 में चेन्नइयिन एफसी के लिये पदार्पण किया था। वह टीम के लिए 44 मैच खेल चुके हैं। टीम के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा जीतू कहीं नहीं जा रहा है। वह अगले सत्र में भी हमारे साथ होगा। जितेश्वर पिछले साल एएफसी अंडर 23 एशियाई कप खेलने वाले भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

### त्वेसा 67 के कार्ड से संयुक्त 21वें स्थान पर

**ब्रेंडनबर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में पांच अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। यह लेडीज यूरोपीय टूर में करीब चार साल में त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ राउंड है। उन्होंने तीसरे दौर में एक ईगल और पांच बर्डी लगायी जबकि दो बोगी कर बैठीं। यह 2021 के बाद एलईटी पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सनशाइन लेडीज टूर पर 65 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला था। भारत की कट हासिल करने वाली अन्य दो खिलाड़ी प्रणवी उर्स (71) और दीक्षा डागर (73) क्रमशः संयुक्त 31वें और संयुक्त 43वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### रोहित के प्रदर्शन से रॉयल-ईमी ने बांटे अंक

**नई दिल्ली।** डीएसए ए डिवीजन लीग में खेले गए संघर्षपूर्ण मैच में रोहित संतोष के दमदार खेल की बदौलत रॉयल एफसी ने ईमी एफसी को 1- 1 की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। नेहरू स्टेडियम मैदान में दोनों टीमों ने प्रदर्शन किया। रॉयल ने 12 वें मिनट में स्पर्श शर्मा के गोल से बढ़त बनाई, जिसे ईमी के अखिलेश देवरानी ने 49 वें मिनट में पेनल्टी से बराबर कर दिया। तत्पश्चात ईमी ने खेल पर दबदबा बनाया लेकिन रॉयल के गोल रक्षक कप्तान रोहित संतोष ने बेहतर प्रदर्शन से गोल का बचाव किया। होकिप, आशुतोष थपलियाल, गांगते और डेविड के प्रयासों पर रोहित के पूर्वानुमान दर्शनीय रहे जिसकी एवज में उसे प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया।

### सबसे ऊंचे पोलिंग बूथ पर आज पहुंचेंगे साइकिल सवार

**रोम।** पांचवीं शिमला। दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग से साइकिल सवार देश के मतदाताओं को मतदान का संदेश देने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन स्पीति में शनिवार को पहुंच गये। ताबो के सेरकोंग स्कूल के बच्चों द्वारा इन साइकिल सवारों का भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही स्कूल में कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिमला के रिज मैदा प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साइकलिंग एक्सपीडिशन के साइकिल सवार शिमला से 436 किलोमीटर की दूरी तय कर स्पीति के काजा में पहुंचे हैं। लोकसभा और विधानसभा उप-चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन आयोजित की गई है। ये साइकिल सवार 20 मई को टशीगंग (15256 फीट) पहुंचेंगे। स्टेट इलेक्शन आइकन जसप्रीत पाल उनके साथी क्षितिज शिमला से टाशीगंग जाएंगे।

# चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन

**बैंकॉक, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने रविवार को चीन की चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी को फाइनल मुकाबले में हराकर थाइलैंड ओपन का पुरुष युगल खिताब जीत लिया है। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की जोड़ी को 21-15, 21-15 से हराकर 2024 बैडमिंटन सत्र का अपना दूसरा खिताब अपने नाम किया।



शानदार खेल दिखाते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत में 4-1 की बढ़त बनाई। इसके बाद यांग और यी की जोड़ी ने भी पलटवार किया और पहले हाफ टाइम तक 11-10 से बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद विश्व बैडमिंटन रैंकिंग की वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की और चीनी जोड़ी को गलती करने पर मजबूर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने अपनी लय हासिल करते हुए 19-15 की बढ़त बनाई। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने दो अंक अर्जित करते हुए पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ियों ने दो अंक लेकर एक बार फिर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की बराबरी कर ली। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने स्मैश के जरिए चीनी खिलाड़ियों को बैकफूट पर धकेल दिया ओर इंटरवल तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली। आत्मविश्वास से भरी भारतीय जोड़ी ने कोर्ट 19-15 की बढ़त के साथ खेल को अपने कब्जे में लिया और फिर लगातार दो और अंक हासिल करते हुए मैच पर जीत की मुहर लगा दी।

चिराग और सात्विक के लिए यह वर्ष 2024 बैडमिंटन सत्र का दूसरा खिताब था और थाईलैंड ओपन का भी दूसरा खिताब था। मार्च में फ्रेंच ओपन जीतने से पहले चिराग और सात्विक इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में हार गए थे। सात्विकसाईराज ने खिताब जीतने के बाद कहा थाईलैंड ओपन हमारे लिए एक विशेष टूर्नामेंट रहा है क्योंकि हमने यहां पहला सुपर 500 खिताब भी जीता था और उसके बाद कई और टूर्नामेंट जीते हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह जीत हमारे लिए विजयी अभियान शुरू करेगी।

## भारत ने तीसरे दिन एक रजत और एक कांस्य पदक किया अपने नाम

**पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप**

**कोबे (जापान), एजेंसी**

भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को यहां कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैम्पियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला। निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड ने 2.05 मीटर की कूद से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। टी 47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है। फिर प्रीति पाल ने महिलाओं की टी 35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकेंड के समय से तीसरा स्थान हासिल कर भारत को दूसरा पदक दिलाया।


प्रतिस्पर्धा के दौरान निषाद कुमार

## ओलंपिक ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं मनु

**भोपाल, एजेंसी**



ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में सबसे सफल निशानेबाज रहीं, उन्होंने रविवार को यहां अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की। मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल में यह चौथी जीत रही।

उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते। मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया। उन्होंने हांग्झोऊ एशियाड की चैंपियन पलक को 4.4 अंक से पछाड़ा। इससे पहले इलावेनिल वलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी4 में 254.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। दिव्यांश पंवार ने पुरुषों की एयर राइफल ओएसटी टी4 में 253.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.4 कम रहा। अर्जुन बबूता (250.0) और रुद्रांक्ष पाटिल (229.5) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में रविंदर सिंह 242.2 के स्कोर से विजेता रहे।

## अराविंद ने शारजाह मास्टर्स शतरंज में एकल बढ़त बनाई

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम ने स्थानीय खिलाड़ी ए आर सालेह सलेम को हराकर शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढत बना ली। चिदंबरम के बाद चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर है जिनमें ईरान के अमीन टाबाटाबाइ और बर्डिया दनेश्वर और अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और सैम शांकलैंड शामिल हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगेसी आठ अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर है जिनमें भारत के संकल्प गुप्ता भी हैं। एरिगेसी और वोलोडार मुरजिन की बाजी बराबरी पर छूटी जबकि संकल्प ने अजरबैजान के तैमूर राजदाबोव को ड्रॉ पर रोका।

# बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद हुआ राजस्थान-केकेआर का मैच



**गुवाहाटी, एजेंसी**

- दोनों टीमों को बांटा गया एक-एक अंक, कोलकाता शीर्ष पर
- अब केकेआर-सनराइजर्स से और आरसीबी-रॉयल्स से भिड़ेगी

रूक-रूक कर हो रही बारिश के करण रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 70वें मैच को टॉस के बाद रद्द घोषित कर दिया गया। बारिश रुकने के बाद अम्पायरों ने मैदान का निरीक्षण करते सात-सात ओवरों मैच की मंजूरी दी।

देर रात कोलकाता ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। टॉस जीतने के बाद कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि हमारी टीम में एक बदलाव है। अनुकुल टीम में वापस आए हैं। इस पिच को हम ज्यादा नहीं जानते, हमें नहीं पता कि पिच कैसा व्यवहार करने वाली है। यह सात-सात ओवर का मैच है तो हम पहले गेंदबाजी करते हुए, पिच का व्यवहार जान लेना चाहते हैं। वहीं राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि हम भी पहले गेंदबाजी करना चाहते थे। आज हमारी टीम में अंतिम समय में कुछ एक बदलाव हुए हैं तो मुझे उस बारे में ज्यादा कुछ नहीं पता है। हालांकि नांद्रे बर्गर टीम में हैं। इससे पहले कि मैच शुरु हो पाता बारिश फिर से शुरु हो गई। बारिश के कारण मैच में एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी और अंपायरों ने मैच को आधिकारिक रूप से रद्द घोषित कर दिया गया।

राजस्थान की टीम इस मैच को जीतकर अपने पिछले चार मैचों के हार के क्रम को तोड़कर चाह रही थी। मैच रद्द होने के बाद दोनों टीमों एक-एक अंक बांट दिया गया है जिसके बाद कोलकाता नाइटराइडर्स 20 अंक के साथ शीर्ष पर है। राजस्थान की 17 अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

इस परिणाम के साथ सनराइजर्स हैदराबाद की टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। 21 मई को क्वालीफायर वन में कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच भिड़ंत होगी। वहीं 22 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच एलिमिनेटर मुकाबला होगा। दोनों मैच अहमदाबाद में खेले जाएगें।

# धोनी सीएसके का हिस्सा नहीं रहेंगे तो आश्चर्य होगा : हेडन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- मैथ्यू हेडन बोले- धोनी शायद अपना आखिरी मैच खेल चुके हैं, एमएस ने लगाया 110 मीटर का सबसे लंबा छक्का

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना आखिरी मैच खेल लिया है लेकिन वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ किसी भूमिका में जुड़े रहेंगे। सीएसके का इस आईपीएल में शुक्रवार को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद सफर खत्म हो गया। इस मैच में धोनी ने 13 गेंद में 25 रन की आतिशी पारी खेली लेकिन यह टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था।

धोनी ने यश दयाल की गेंद पर इस सत्र का सबसे लंबा 110 मीटर का छक्का लगाकर चेन्नई की उम्मीदें बनाए रखी थी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद टीम चार गेंद में सिर्फ एक रन ही बना सकी। धोनी ने मौजूदा सत्र में 220.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से और 53.67 की औसत से 161 रन बनाए। वह इस अब तक इस आईपीएल के सबसे बड़े आकर्षण रहे है और हर मैदान में बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंच रहे थे। हेडन ने कहा कि धोनी अगले सत्र में अगर सीएसके का हिस्सा या मेंटोर नहीं होंगे तो उन्हें काफी आश्चर्य होगा।

## टेस्ट की तरह बर्ताव कर रही पिच पर 200 पार करना अविश्वसनीय : डुप्लेसी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि बारिश के बाद टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही पिच



बल्लेबाजों का स्कोर को 200 के पार ले जाना और आखिरी ओवर में यश दयाल का गेंदबाजी प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा। मैच जीतने के बाद डुप्लेसी ने कहा मुझे लगा कि मैंने बारिश के बाद अब तक सबसे मुश्किल पिच पर यहीं बल्लेबाजी की। यह इतनी मुश्किल प्रतीत हो रही थी कि मैं और विराट कोहली तो 140-150 के स्कोर तक पहुंचने की बात कर रहे थे। यह रांची के पांच दिवसीय टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही थी और वहां से 200 के स्कोर को पार करना अविश्वसनीय था। जब हम जीत नहीं रहे थे तब भी प्रशंसक हमारे साथ खड़े थे। जिस तरह का समर्थन हमें मिला इसके लिए हम प्रशंसकों के शुक्रगुजार हैं।

## चमत्कारिक प्रदर्शन से दूसरी टीमों को मिलेगी प्रेरणा : कार्तिक

**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि लगातार छह जीत दर्ज करके आईपीएल प्लेआफ में जगह बनाने वाली उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। कार्तिक ने कहा जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीते, लोग इस टीम को याद रखेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## एक नजर

### नौका दुर्घटना में दो लोगों की मौत, पांच लापता

**बुडापेस्ट।** हंगरी में डेन्यूब नदी में हुई एक नौका दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग लापता हो गए। हंगरी पुलिस को शनिवार देर रात एक रिपोर्ट मिली कि वेरोसे शहर के पास डेन्यूब के तट पर एक व्यक्ति के सिर से रक्तस्राव हो रहा है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि वह व्यक्ति एक नौका दुर्घटना का शिकार हुआ है, और बाद में पास में एक पुरुष और एक महिला के शव पाए गए। नौका पर सवार पांच अन्य लोगों की तलाश जारी है।

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत गंभीर

**पेजिनोक।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत जानलेवा हमले के चार दिन बाद भी गंभीर बनी हुई है। रक्षा मंत्री रॉबर्ट कलिनक ने यह जानकारी दी। हालांकि कलिनक ने यह भी कहा कि हालत में कुछ सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। अस्पताल उनकी स्वास्थ्य की जानकारी जारी करता रहेगा। अस्पताल के उप-निदेशक ने कहा चिकित्सकों के सुबह के परामर्श के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वह फिलहाल प्राणघातक हालात से बाहर हैं।

### जर्मन रक्षा मंत्री ने यूक्रेन की मदद के लिए किया अनुरोध

**बर्लिन।** जर्मनी के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार से अतिरिक्त 4 अरब 13 करोड़ का अनुरोध किया है। जर्मन अखबार बिल्ड ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर से मुलाकात की। जिसका मुख्य उद्देश्य अतिरिक्त धनराशि के लिए अनुरोध जून में मंजूरी के लिए संसद में प्रस्तुत किया जाना है।

### नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड को विश्वास मत जीतने का भरोसा

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने विश्वास जताया है कि वह सोमवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत जीत जाएंगे। एक गठबंधन सहयोगी द्वारा उनकी सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा है। प्रचंड (69) नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंधित हैं। यह पार्टी प्रतिनिधि सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। वह पद संभालने के 18 महीने के भीतर चौथी बार संसद में विश्वास मत हासिल करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने 25 दिसंबर 2022 को पद संभाला था। प्रधानमंत्री प्रचंड ने शनिवार को काठमांडू में सत्तारूढ़ पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि मेरी सरकार शक्ति परीक्षण में सफल रहेगा।

## आस्था


पुडुचेरी के उपराज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कराईकल में थिरुनाल्लारू श्री दरबारनेश्वर मंदिर के रथ उत्सव में भाग लिया।

### असम में 105 करोड़ रुपये की 10 किलोग्राम हेरोइन जब्त

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को बताया कि कछार जिले में 105 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। प्रतिबंधित मादक पदार्थ का वजन दस किलोग्राम से अधिक है। यह पड़ोसी राज्य से लाया जा रहा था।

शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा राज्य में नशा मुक्ति अभियान के प्रयास जारी है। मादक द्रव्य के तस्करों पर कार्रवाई करते हुए कछार पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया और पड़ोसी राज्य से लाई गई 10.333 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। उन्होंने मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने और यह सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि युवा ऐसे जाल में न फंसे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जब्त किए गए मादक पदार्थ के साथ दो आरोपियों की तस्वीर भी साझा की।

# गर्मी में घर के बाहर जा रहे हैं तो इन बातों का रखें ध्यान, नहीं तो लू ले सकती है जान

उत्तर भारत में भीषण गर्मी ने प्रचंड रूप ले लिया है। ऐसे में आईएमडी की ओर से रेड अलर्ट जारी किया जा चुका है। धूप तेज होने से डिहाइड्रेशन के कारण बीमार पड़ने की आशंका भी बढ़ जाती है। ऐसे में घर से बाहर निकलने से पहले आप अपने चेहरे और त्वचा को ढंक कर ही निकलें तो अच्छा रहेगा। वहीं दिन में घर से बाहर जा रहे हैं तो खानपान और पेयपदार्थ का भी विशेष ध्यान रखें। खुद में ताजगी बनाए रखने के लिए प्रतिदिन 3.5 लीटर से 4 लीटर पानी पीएं और ठंडे चीजों का सेवन करें। घर से बाहर निकलने से पहले कैप यानी कैप लगाना न भूले। आहार में ताजा फल और सब्जियों का सेवन करें, जिससे आप खुद को एनर्जेटिक महसूस कर सकेंगे। गर्मियों में अधिक समय तक धूप में काम करने से बचना चाहिए। इन सावधानियों का पालन करके आप खुद को गर्मियों में सुरक्षित रख सकते हैं।



### डिहाइड्रेशन के लक्षण

- मुंह सूखना, बार-बार पानी मांगना।
- आंखों का धंस जाना।
- कमजोरी व चक्कर आना।
- पेशाब कम और पीले रंग का आना।
- शरीर का तापमान कम होना।
- बेहोशी आना।

### अधिक खाने से परहेज करें

एक बार में अधिक खाने से परहेज करें गर्मी के मौसम में दिन की शुरुआत मीठे और रसीले फल से करना अच्छा रहेगा। चीकू, आड़ू, तरबूज, खरबूज या संतरा अच्छा विकल्प हो सकते हैं। खाने में प्याज और खीरा सलाद के तौर पर जरूर खाएं। यह पाचन संबंधी परेशानियों से बचाएंगे और तापमान नियंत्रित रखेंगे।

### ढीले-ढाले कपड़े पहनें

ढीले-ढाले व हल्के रंगों के कपड़ों का चुनाव करना चाहिए। यह सूरज के प्रकोप से बचाते हैं और पसीने सूखने में मदद करते हैं। इस मौसम में आंखों का भी पूरा ध्यान रखना चाहिए। इसलिए तेज धूप में घर से बाहर निकल रहे हैं तो सनग्लासेज का इस्तेमाल जरूर करें।

### बचाव के उपाय

- खनिज की पूर्ति करने वाले पेय पदार्थों का सेवन करें।
- नारियल का पानी, कच्चे दूध की लस्सी पीना।
- मौसमी फलों का सेवन करें।
- साफ ताजा पानी पिएं, ज्यादा ठंडा पानी पीने से बचे।
- डायरिया होने पर ओआरएस का घोल पिलाएं।
- नीबू पानी, बेल का शरबत, शिकंजी, छाछ पीना।
- जंक फूड का सेवन करने से बचे।
- खुले में बिकने वाले पेय पदार्थों का सेवन न करें।
- तला भूना, मिर्च मसाले वाले भोजन से बचें।
- चिकित्सक की सलाह से उपचार कराएं।

# गोपी थोटाकुरा बने पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक

## ब्लू ओरिजिन कैप्सूल से छह लोगों ने की अंतरिक्ष की सैर

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री के रूप में 90 वर्षीय एड ड्विट भी शामिल

भारतीय मूल के पायलट गोपी थोटाकुरा समेत छह लोगों ने रविवार को अंतरिक्ष की सैर की है। इनमें अमेरिका के पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुने गए 90 वर्षीय एड ड्विट भी शामिल थे, जिन्होंने आखिरकार 61 साल बाद अंतरिक्ष की उड़ान भरी। अमेरिकी वायुसेना में कैप्टन रहे एड ड्विट का अंतरिक्ष यात्री के रूप में 1961 में तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने चुनाव किया था, लेकिन किसी कारण से वह 1963 में उड़ान में नहीं जा सके थे।

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट और कैप्सूल (एनएस-25) ने सभी छह अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अमेरिका के पश्चिमी टेक्सास से स्थानीय समय के अनुसार रविवार सुबह 9.36 बजे उड़ान भरी। अंतरिक्ष यात्रियों में गोपी थोटाकुरा और एड ड्विट के अलावा उद्यमी मेसन एंजेल, फ्रांसीसी शराब कंपनी मोंट-ब्लैंक के संस्थापक सिल्वेन चिरोन, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और उद्यमी केनेथ एल हेस और सेवानिवृत्त लेखाकार कैरोल स्कॉलर शामिल थे। कंपनी ने बताया कि कैप्सूल करीब 10 मिनट तक अंतरिक्ष में रहा और उसके बाद सुरक्षित जमीन पर उतर आया। सभी अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह से सुरक्षित और स्वस्थ हैं। इस उड़ान के साथ ही ड्विट सबसे अधिक उम्र के अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। इससे पहले सबसे बुजुर्ग अंतरिक्ष यात्री होने का रिकॉर्ड स्टार ट्रेक अभिनेता विलियम शैटनर के नाम था, जो 2021 में अंतरिक्ष में गए थे। ड्विट शैटनर से करीब दो महीने बड़े हैं।


अंतरिक्ष से लौटे गोपी थोटाकुर।

### गोपी पायलट और कुशल एविएटर हैं

आंध्र प्रदेश में जन्मे गोपीचंद थोटाकुरा ने अंतरिक्ष की यात्रा कर इतिहास रच दिया है। वह 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और दूसरे भारतीय बन गए हैं। गोपी एक पायलट और कुशल एविएटर हैं। वह अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जेट पायलट के रूप में काम कर चुके हैं। थोटाकुरा एम्ब्री-रिडल एरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी से स्नातक हैं।

### हमलावरों पर कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों को खुली छूट दी गई : सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शोपियां और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की रविवार को कड़ी निंदा की तथा कहा कि इन हमलों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों को खुली छूट दी गई है। आतंकवादियों ने शनिवार रात कश्मीर में दो स्थानों पर हमले कर शोपियां में एक सरपंच की हत्या कर दी और अनंतनाग में राजस्थान के एक पर्यटक दंपती को घायल कर दिया। बारामूला में लोकसभा चुनाव से दो दिन पहले इन हमलों को अंजाम दिया गया।



सिन्हा ने यहां एक बयान में कहा मैं आतंकी हमले और पूर्व सरपंच एजाज अहमद शेख की बर्बर हत्या से स्तब्ध हूं। वह जमीन से जुड़े नेता थे और लोगों की निस्वार्थ सेवा करने के लिए जाने जाते थे। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों के साथ है। हम इस मुश्किल घड़ी में परिवार के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया जघन्य हमला भी आतंकियों की हताशा को प्रदर्शित करता है।

**घायल दंपती को हर संभव उपचार मुहैया करने का निर्देश :** उपराज्यपाल ने कहा मैंने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को घायल दंपती को हर संभव उपचार मुहैया करने का निर्देश दिया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा सरकार ने आतंकवादियों और उसके सहयोगियों को कुचलने के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस तथा सुरक्षा बलों को खुली छूट दी है।

# सरकार से खफा युद्ध कैबिनेट सदस्य ने दी इस्तीफे की धमकी

यरूशलम, एजेंसी

- गाजा में नई योजना अपनाने को लेकर बेनी गैंट्ज ने नेतन्याहू सरकार पर बनाया दवाब

इजराइल के वॉर कैबिनेट मंत्री बेनी गैट्ज ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू को धमकी दी है कि अगर उन्होंने जंग के बाद गाजा के लिए नया प्लान नहीं बनाया तो वे कैबिनेट से इस्तीफा दे देंगे। गैट्ज ने कहा प्रधानमंत्री के पास इसके लिए 8 जून तक की डेडलाइन है। तब भी अगर आप कट्टरपंथियों का रास्ता चुनेंगे और पूरे देश को तबाही की तरफ ले जाएंगे, तो हम वॉर कैबिनेट छोड़ देंगे।

गैट्ज ने कहा 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद शुरू हुई जंग मकसद से भटक रही है। इजराइली सेना युद्ध के मैदान में अपना पराक्रम दिखा रही है, लेकिन उन्हें भेजने वाले कुछ लोग डरपोक बनकर अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट रहे हैं। हमास की सुरंगों में इजराइली बंधकों को नर्क जैसे माहौल में रहना पड़ रहा है। लेकिन कुछ राजनेता सिर्फ अपने बारे में सोच रहे हैं।

टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, गैट्ज ने जंग को लेकर 6 पॉइंट का एक प्लान भी बनाया है। इसमें बंधकों की घर वापसी, हमास की सत्ता को खत्म करने और गाजा पट्टी से सैनिकों को हटाने की बात कही गई है। इसके अलावा गाजा में अमेरिका, यूरोप, अरब और फिलिस्तीनी अथॉरिटी की मदद से एक नया प्रशासन शुरू करने का भी जिक्र है।


संवाददाताओं को जानकारी देते बेनी गैंट्ज।

### इजराइली एयरस्ट्राइक में 103 लोगों की मौत

दूसरी तरफ, इजराइल और हमास जंग के बीच शनिवार (18 मई) को गाजा में इजराइली एयरस्ट्राइक में 103 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 105 से ज्यादा लोग घायल हो गए। कतर के न्यूज चैनल अलजजीरा के मुताबिक, ये हमला उत्तरी गाजा के अदवान अस्पताल के पास हुआ। इस एयरस्ट्राइक में इजराइली सेना ने उन शिविरों को टारगेट किया, जहां हजारों लोगों ने शरण ली थी। हमले के कारण आस-पास की बिल्डिंग गिर गई। बिल्डिंग के मलबे की चपेट में आने से कई लोग दब गए। राहत और बचाव दल लोगों वहां से निकालने की कोशिश में लगे हुए हैं।

# ग्रेजुएट रूट पॉलिसी खत्म करने की योजना बना रहे ऋषि सुनक

लंदन, एजेंसी

- मंत्रियों ने जताया विरोध, भारतीय छात्रों पर पड़ेगा इसका प्रभाव

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कानूनी प्रवासन के आंकड़ों को कम करने के लिए पोस्ट स्टडी वीजा (ग्रेजुएट रूट पॉलिसी) पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। यह स्नातकों को उनके डिग्री कोर्स के बाद दो साल तक रहने और काम करने की अनुमति देता है।



इसे लेकर उन्हें अपने कुछ मंत्रियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। द ऑब्जर्वर अखबार की खबर के अनुसार अगर पोस्ट स्टडी योजना पर रोक लग जाती है, तो इससे भारतीय छात्रों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। यह योजना भारतीय छात्रों के बीच ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों को चुनने का एक बड़ा कारण है। साल 2021 में लांच होने के बाद से यह भारतीयों की पसंद बनी हुई है।

द आब्जर्वर के अनुसार, सुनक को योजना को खत्म करने की प्लानिंग पर कैबिनेट के विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है। इसका विरोध करने वालों में शिक्षा मंत्री गिलियन कीगन, चांसलर जेरेमी हंट और विदेश मंत्री डेविड कैमरन शामिल हैं।

### सऊदी को परमाणु हथियार बनाने से रोकेगा अमेरिका

**दुबई।** सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने रविवार को अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच सिक्योरिटी अकॉर्ड व सिविल न्यूक्लियर एग्रीमेंट पर चर्चा हुई।

समझौते के तहत अमेरिका, सऊदी अरब को सुरक्षा और परमाणु सहायता देगा। दरअसल, पिछले साल इजराइल और सऊदी अरब के बीच डिप्लोमैटिक रिश्ते शुरू करवाने के लिए अमेरिका बैकडोर बातचीत कर रहा था। इस दौरान उसने इजराइल को मान्यता देने के बदले सऊदी को नाटो लेवल की सिक्योरिटी देने की पेशकश की थी।

# कांगो की सेना ने तख्तापलट की कोशिश को किया नाकाम

किन्शासा, एजेंसी

- सैन्य वर्दी में हथियारबंद लोगों व कांगो के राष्ट्रपति के सुरक्षाकर्मियों के बीच गोलीबारी में तीन की मौत

कांगो की सेना ने कहा है कि उसने रविवार सुबह तख्तापलट की कोशिश को विफल कर दिया। सेना ने कहा सैन्य वर्दी में हथियारबंद लोगों तथा कांगो के राष्ट्रपति के करीबी सुरक्षाकर्मियों के बीच गोलीबारी में तीन लोगों के मारे जाने के बाद कई अपराधियों को गिरफ्तार किया, जिनमें विदेशी लोग भी शामिल हैं।

शुरू में स्थानीय मीडिया ने हथियारबंद लोगों की पहचान कांगो के सैनिकों के रूप में की, लेकिन फिर बताया कि वे स्व-निर्वासित विपक्षी नेता क्रिश्चियन मलंगा से जुड़े लोग हैं। मलंगा ने बाद में फेसबुक पर राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसीकेदी को धमकी देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। दिसंबर में अराजकता के बीच हुए मतदान में त्सेसीकेदी को फिर से राष्ट्रपति चुना गया था और पुनर्मतदान की विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया गया था। मध्य अफ्रीकी देश में पहले भी चुनावों में इसी तरह का विवाद देखने को मिला है। कांगो की सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सिल्वेन एकेंगे ने कहा कि तख्तापलट की कोशिश को सुरक्षाबलों ने विफल कर दिया और स्थिति नियंत्रण में है।

## लूटपाट


अमेरिका द्वारा गाजा में बनाए गए पोतघाट के जरिए मध्य गाजा पट्टी पर ट्रक से मानवीय सहायता पहुंचाई गई। इस दौरान लोगों ने ट्रक को लूटने की कोशिश की। • एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल

### रणवीर को पसंद आई फिल्म श्रीकांत आ रहा है सबकी आंखें खोलने

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने बेहद पसंद आयी है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज फिल्म्स प्रस्तुत और चॉक एन चीज फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म इस फिल्म में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 10 मई को रिलीज हुई है। दर्शकों और क्रिटिक्स से इस फिल्म को को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। कुछ दिन पूर्व अक्षय कुमार ने फिल्म और राजकुमार राव की तारीफ की थी। अब रणवीर सिंह ने श्रीकांत देखने के बाद अपना रिव्यू शेयर किया है। श्रीकांत देखने के बाद रणवीर भी फिल्म की तारीफ की। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि एक उत्साहवर्धक कहानी और एक खास अभिनेता का बेहतरीन प्रदर्शन। श्रीकांत की टीम को बधाई।



### कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है वर्ष 1967 से। उधमपुर के एक आर्मी अस्पताल का सीन देखने को मिल रहा है। एक आदमी बेड पर लेटा नजर आ रहा है, जिसे 1965 की जंग में 9 गोलियां लगी हैं। उसके बाद से वह आदमी कोमा में है। आगे एक वॉर सीक्वेंस देखने को मिलता है। हाथों में बंदूक लिए कार्तिक फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। आगे कार्तिक के बचपन की कहानी दिखाई जाती है। उनसे स्कूल में पूछा जाता है कि बड़े होकर क्या बनना है, जिस पर वो कहते हैं कि चैंपियन बनना है और मेडल लाना है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे चंदू पिता नहीं चाहते थे कि वह स्पोर्ट्स में जाये, लेकिन बचपन से ही खेल-कूद में उन्हें बड़ी दिलचस्पी थी। उन्होंने कुश्ती से करियर शुरू किया।'' चंदू नहीं, चैम्पियन है मैं। यह डायलॉग है मुरलीकांत बने कार्तिक आर्यन का।



### 50 वर्ष के हुए नवाजुद्दीन सिद्दीकी

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने संजीदा अभिनय के लिये मशहूर नवाजुद्दीन सिद्दीकी 50 वर्ष के हो गए। सिद्दीकी का जन्म 19 मई 1974 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना गांव में हुआ था। वर्ष 1999 में नवाजुद्दीन सिद्दीकी अभिनेता बनने का सपना लिये मुंबई आए थे। नवाजउद्दीन बैक स्टेज पर काम किया करते थे। स्टेज की साफ-सफाई करना, एक्टर्स के लिए चाय-पानी लाने का काम भी करते थे।

### बजरंग और अली 7 जून को होगी रिलीज

**मुंबई।** दो दोस्तों की कहानी पर आधारित फिल्म बजरंग और अली 7 जून को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में दो विभिन्न समुदायों से ताल्लुक रखने वाले बजरंग और अली की गहरी और अनूठी दोस्ती को दिलचस्प तरीके से दर्शाया गया है। फिल्म में अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले दो दोस्तों की वफादारी और निस्वार्थ भाव को बड़े ही मार्मिक अंदाज में पेश किया गया है। बजरंग और अली की दोस्ती के माध्यम से यह संदेश भी देने की कोशिश की गयी है कि किसी शख्स का ताल्लुक किसी भी मजहब से क्यों ना हो, यदि आपके मन में एक-दूसरे के लिए इज़्जत है तो फिर ऐसे में आपकी पृष्ठभूमि कोई मायने नहीं रखती है।

### यूक्रेन ने 30 तो रूस ने 60 ड्रोन को मार गिराने का किया दावा

**कीव।** रूस ने अपने क्षेत्र में यूक्रेन के लगभग 60 ड्रोन और कई मिसाइल मार गिराने का दावा किया है, जबकि कीव ने कहा है कि उसने 30 से अधिक रूसी ड्रोन नष्ट किये हैं। खार्किव के बाहरी इलाके में एक हमले में रविवार को कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त उत्तर-पूर्व इलाके में नये सिरे से आक्रमण शुरू कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी हवाई सुरक्षा ने दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में रात भर में 57 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया।

स्थानीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन का मलबा स्लावियांस्क-ऑन-क्यूबन शहर में एक तेल रिफाइनरी पर गिरा, लेकिन इससे आग की कोई घटना अथवा किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। समाचार आउटलेट एस्ट्रा ने वीडियो प्रकाशित किया, जिसमें रिफाइनरी में एक विस्फोट दिखाया गया, क्योंकि इससे एक ड्रोन टकराया।

# इजरायल को विस्फोटक भेजा स्पेन ने नहीं दी रुकने की इजाजत

तेल अवीव, एजेंसी

- स्पेन ने कहा- मिडिल ईस्ट को हथियार नहीं शांति चाहिए

स्पेन ने भारत से विस्फोटक लेकर इजराइल जा रहे एक जहाज को अपने पोर्ट पर रुकने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। डेनमार्क का झंडा लगा ये जहाज चेन्नई से इजराइल के हाइफा पोर्ट जा रहा था।

एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक स्पेन के विदेश मंत्री जोश मैनुएल अल्बारेज ने इसकी पुष्टि की है। विदेश मंत्री अल्बारेज ने ब्रूसेल्स में पत्रकारों से कहा कि उन्हें जानकारी मिली थी कि हथियारों की खेप ले जा रहा एक जहाज स्पेन के पोर्ट पर ठहरना चाहता है। जिसे ठहरने की अनुमति नहीं दी गई। अल्बारेज ने कहा मिडिल ईस्ट को और हथियारों की जरूरत नहीं है। वहां शांति की जरूरत है। उन्होंने जहाज को लेकर ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया।

**जहाज पर लदा था 27 टन विस्फोटक :** स्पेनिश अखबार एल पेस के मुताबिक इस जहाज पर करीब 27 टन विस्फोटक मौजूद है। यह चेन्नई पोर्ट से इजराइल के हाइफा पोर्ट पर जा रहा है। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुयेंते ने भी जहाज से जुड़ी कई बातों का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि मैरिएन डेनिका नाम के एक जहाज ने 21 मई को स्पेन के दक्षिण पूर्व काताजीना पोर्ट पर रुकने की अनुमति मांगी थी।

### इजराइल के लिए हथियार लेकर जा रहे जहाज पर विवाद

स्पेन में हथियारों से लदे जहाजों को ठिकाना देने पर विवाद चल रहा है। एक जहाज स्पेन के कातजीना पोर्ट पर रुका था। इसका नाम बोरकम है। स्पेन में सत्तारूढ़ सोशलिस्ट पार्टी की सहयोगी अति वामपंथी समर पार्टी ने इस पर आपत्ति जताई थी। समर पार्टी ने आरोप लगाया था कि शिप हथियार लेकर इजराइल जा रहा है इनका इस्तेमाल गाजा में हमलों के लिए किया जाएगा। हालांकि, स्पेन के परिवहन मंत्री पुयेंते ने इससे इनकार कर दिया था।

### जेईआई के पूर्व प्रवक्ता ने किया आत्मसमर्पण

**श्रीनगर।** प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के एक पूर्व प्रवक्ता ने 2019 में जेल से भागने की कोशिश करने के सिलसिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी अली मोहम्मद लोन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत रैनवाड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी आगजनी, दंगा, जेल से भागने की कोशिश, राष्ट्र विरोधी नारेबाजी और श्रीनगर केंद्रीय कारागार में पथराव करने में कथित तौर पर संलिप्त है। लोन को पहली बार मार्च 2019 में गिरफ्तार किया गया था लेकिन उसकी एहतियाती हिरासत को अदालत ने उस साल जुलाई में रद कर दिया था। हालांकि, उसे छह दिन के अंदर निवारक कानून के तहत फिर से हिरासत में ले लिया गया लेकिन इस आदेश को 2020 में अदालत ने निरस्त कर दिया था।